भोपाल
शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 252
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सीएम डॉ. यादव ने आंध्रप्रदेश के धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की व स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया


# भाषा, भाषण और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे अटलजी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। गुरुवार से आंध्र प्रदेश में उनके जन्मशताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरुआत हुई है।

यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यात्रा का समापन होगा। डॉ. यादव ने गुरुवार को धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की एवं स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण ▶▶ शेष पेज 6 पर

## कहा-अटलजी के बताए मार्ग पर आगे बढ़ रही है भाजपा सरकार



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, दूसरे चित्र में स्व. अटल जी की प्रतिमा को नमन करते हुए

### आंध्र प्रदेश-मप्र दो भाइयों के समान

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायडू की दोस्ती पक्की है। नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं। वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मध्यप्रदेश की कमान सौंपी है। आंध्र प्रदेश में नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। जनता के चेहरे के भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो भाइयों के समान हैं।

नक्सल 'फ्री' हुआ बालाघाट

## आखिरी दो नक्सलियों ने भी हथियार डाल दिए

दोनों पर था कुल 43 लाख का इनाम


दीपक और रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

तीन दशकों तक जंगलों में दहशत फैलाने वाले माओवादी संगठन का बालाघाट जिले से पूर्ण सफाया हो गया है। गुरुवार को जिले में सक्रिय बचे हुए दो हार्डकोर माओवादी दीपक उर्फ सुधाकर उर्फ मंगल उइके और उसके साथी रोहित (एसीएम, दर्रेकसा एरिया कमेटी) ने कोरका स्थित सीआरपीएफ कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया।

एसपी आदित्य मिश्रा के मुताबिक इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद जिले में कोई हार्डकोर नक्सली नहीं रह गया है। वर्ष 1995 में संगठन से जुड़े दीपक उर्फ मंगल उइके ने लंबे समय तक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सीएम बोले- कांग्रेस ने नक्सलवाद को पनपने दिया, हमने खत्म किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर नक्सलवाद पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा सरकार ने इस समस्या को जड़ से खत्म कर दिया है। इंदौर में पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के शासनकाल में नक्सलवाद राज्य में ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, 2 लाख के पार


नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया।



इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का दाम 62.50 डॉलर प्रति औंस के अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेज उछाल के बाद अब भारतीय बाजारों में भी चांदी का दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गया है। जो अब तक के सर्वोच्च स्तरों में से एक है।

### पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

रीवा। यहां एक युवक ने अपनी पत्नी का अश्लील वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर



अपलोड कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी वह फरार है। उसकी लोकेशन मुंबई में ट्रेस हुई है। साले का आरोप है कि दहेज के एक लाख रुपए नहीं मिलने का बदला लेने इस कृत्य को किया है।

### रुपया डॉलर के मुकाबले फिर धड़ाम, 54 पैसे गिरे

नई दिल्ली। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मार्च 2026 तक होने की खबरों के सामने आने



के बाद गुरुवार को अंतर-दिवसीय कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 90.48 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.95 पर खुला। फिर गिर गया।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी

# मध्यप्रदेश, गुजरात समेत 6 राज्यों के लिए बढ़ाई गई 'सर' की तारीख

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाई गई

विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है



घर-घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर 2025 को समाप्त हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत कुल 6 राज्यों में हो रही एसआईआर की प्रक्रिया के लिए समय सीमा को और 14 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए इसकी तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया है। आयोग ने एसआईआर की तारीखों को लेकर एक आदेश भी जारी किया है।

चुनाव आयोग पहले ही केरल के लिए तारीख में बदलाव की घोषणा कर चुका है। विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा

विपक्ष ने समय सीमा को लेकर उठाए थे सवाल


एसआईआर सर्वे करते बीएलओ

## तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा को बढ़ाई गई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी। तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे। आयोग का मानना है कि मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना प्राथमिकता है, इसलिए अतिरिक्त समय देना आवश्यक हो सकता है। कोई भी योग्य वोटर पीछे न छूटे, इसे पक्का कराने के लिए नए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को आएगी

चुनाव आयोग की तरफ से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार,बूथ स्तर के अधिकारियों की तरफ से घर-घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर, 2025 को समाप्त हो गई। मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित किया जाएगा, जिसके बाद नागरिक 16 दिसंबर, 2025 और 15 जनवरी, 2026 ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राहुल को शाह ने दिया था करारा जवाब

एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों को लेकर लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब दिया था। उन्होंने इस दौरान कहा कि 5 नवंबर 2025 को राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप को तंज कसते हुए परमाणु बम बताया था। शाह ने कहा था कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक परमाणु बम फोड़ा था। परमाणु बम के अंदर उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोट पड़े। बाद में चुनाव आयोग ने साफ किया कि जिस हाउस 265 की बात राहुल गांधी कर रहे हैं, वह कोई छोटा मकान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि यह घर एक एकड़ का पुश्तैनी प्लॉट है, जिसमें अनेक परिवार एक साथ निवास कर रहे हैं। चूंकि हर परिवार के घर का अलग नंबर नहीं दिया गया है, इसलिए सभी जगह हाउस नंबर 501 एक ही है। उन्होंने यह भी बताया था कि एक परिवार की तो तीन पीढ़ियां साथ में ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीएम ने आईएएस वर्मा प्रकरण का लिया संज्ञान

## कृषि विभाग के उप सचिव पद से वर्मा को हटाकर कार्यमुक्त किया



देर रात आदेश जारी, केंद्र सरकार को भेजा जा रहा उनको बर्खास्त करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रदेश अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों को लेकर की गई असभ्य टिप्पणी मामले पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने संज्ञान लिया है। सीएम के निर्देश के परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने गुरुवार देर रात एकपक्षीय कार्यमुक्त करते हुए आदेश भी जारी कर दिए। आदेश में वर्मा को किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप सचिव के पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें शासन स्तर से कार्यमुक्त कर दिया गया है। अब वर्मा को बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्र शासन को प्रेषित कर रहा है। जीएडी ने कहा है कि वर्मा द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए पदोन्नति फर्जी और जाली आदेश तैयार कर ली गई है। विभिन्न न्यायालय में आपराधिक प्रकरण भी लंबित हैं। जाली दस्तावेज़ के आधार पर संनिष्ठा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के आरोप के लिए विभागीय जांच अंतिम स्तर पर है। वर्तमान प्रकरण में वर्मा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का प्रस्तुत जबाव संतोषजनक नहीं है। उनके द्वारा सतत मर्यादा विहीन वक्तव्य जारी किए जा रहे हैं। अतः चार्जशीट जारी करने का निर्णय लिया है।


आईएएस वर्मा की हाईकोर्ट पर विवादित टिप्पणी

### एससी-एसटी के बच्चों को जज बनने से रोका जा रहा

इधर, ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी के बाद संतोष वर्मा ने अब सीधे हाईकोर्ट पर टिप्पणी कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक सभा में बोलते हुए वर्मा ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग के बच्चों को सिविल जज कोई और नहीं, बल्कि हाईकोर्ट नहीं बनने दे रहा है। यही हाईकोर्ट है, जिससे हम बाबा साहेब के संविधान के हिसाब से चलने की गारंटी मांगते हैं। वर्मा के इस बयान के बाद माहौल और गरमा गया है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

बिजली विभाग ने वी-मित्र लॉन्च किया

## बिजली चोरी की अब घर बैठे शिकायत करें, इनाम पाएं



शिकायत करने वाले की पहचान को उजागर नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने एक एप लॉन्च किया है। जहां से आप बिजली चोरी करने वालों की शिकायत कर सकते हैं और इनाम पा सकते हैं। इस एप का नाम वी-मित्र है। इस एप के जरिए आप उस व्यक्ति की चोरी कर सकते हैं, जो बिजली चोरी कर रहा है और इसके लिए आपको इनाम भी दिया जाएगा। सबसे खास बात कि इसमें शिकायत करने वाले की पहचान को उजागर ▶▶ शेष पेज 6 पर

कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत

## मप्र हाई कोर्ट ने एडहॉक सेवा को माना पेंशन योग्य



हजार से ज्यादा कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाई कोर्ट के एक महत्त्वपूर्ण निर्णय ने प्रदेश के हजार से अधिक कर्मचारियों की उम्मीदें जगाई हैं। अदालत ने साफ किया कि एडहॉक सेवा अवधि को भी पेंशन और अन्य रिटायरमेंट लाभों में शामिल किया जाएगा। यह फैसला प्रो. अरुण प्रकाश बुखारिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। जस्टिस दीपक खोत की बेंच ने कहा कि तदर्थ यानी एडहॉक अवधि में ▶▶ शेष पेज 6 पर

कोर्ट बोला- यह दुर्लभ मामलों में से एक

## सास के कंगन तक लौटा दिए पत्नी ने नहीं मांगी एलिमनी



जज ने की तारीफ खत्म की शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को एक तलाक के मामले पर सुनवाई कर रहा था। इसी दौरान आपसी सहमति से तलाक के एक मामले में कोर्ट ने महिला की जमकर तारीफ की। दरअसल, महिला ने तलाक लेते समय किसी भी तरह का गुजारा भत्ता या एलिमनी की मांग नहीं की। इसके अलावा पत्नी ने शादी के समय अपनी सास द्वारा गिफ्ट में दिए गए सोने के कंगन भी वापस कर दिए। कोर्ट ▶▶ शेष पेज 6 पर

10 हजार का अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर भी देगी

## अब इंडिगो एयरलाइन 5 से 10 हजार रु. तक का देगी मुआवजा

जिनकी यात्राएं बदली उनको ये मुआवजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब इंडिगो ने 3, 4 और 5 दिसंबर को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने की वजह से यात्रियों को राहत देने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को सरकार के नियमों के अनुसार 5,000 रु. से 10,000 रु. तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही एयरलाइन ने सबसे ज्यादा प्रभावित यात्रियों के लिए 10,000 रुपए तक के अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर जारी करने की भी घोषणा की है। यह फैसला उन यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है, जिनकी यात्रा योजनाएं अचानक बदल गईं और जिन्हें भारी ▶▶ शेष पेज 6 पर

झाबुआ और नरसिंहपुर में लोकायुक्त की कार्रवाई

## साढ़े 14 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया अकाउंटेंट

अफसरों ने विभागीय कामों के लिए मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिश्वतखोरी का झाबुआ जिले से मामला सामने आया है। जहां जनजतीय विभाग में पदस्थ


जाम सिंह अमलियार

लेखापाल के द्वारा 50 हजार की रिश्वत मांगी गई थी। फरियादी शांतिलाल ग्राम बाकिया पोस्ट झकनावदा तहसील पेटलावद जिला झाबुआ तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अम्बापाडा संकुल केंद्र बोलासा, विकासखंड पेटलावद जिला झाबुआ में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को योग्य अतिथि शिक्षकों नहीं की गई और भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते हुए आयोग्य शिक्षकों को पदस्थ किया गया। इसके संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 30 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस का जवाब सहायक आयुक्त को जवाब दिया था। इसी मामले का निपटारा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कॉपरेटिव इंस्पेक्टर रिश्वत लेते पकड़ाया

दूसरे ममाले में सहकारिता


संजय दुबे

निरीक्षक (कॉपरेटिव इंस्पेक्टर) को रिश्वत लेते हुए जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने रंगेहाथों पकड़ा है। नरसिंहपुर में सहकारिता निरीक्षक संजय ▶▶ शेष पेज 6 पर

सर्दी अब बन रही मुसीबत : भोपाल में लगातार 6वें दिन शीतलहर, 5 जिलों में 3 से 5 डिग्री के बीच पारा

इंदौर में 10 साल में सबसे टंडी रात का पारा 4.5 डिग्री, सीवियर कोल्ड वेव रही शहडोल के कल्याणपुर में 3.8 डिग्री

## भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर और शहडोल में शीतलहर, इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव

*कल के बाद मामूली राहत के आसार, नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालय में होगा सक्रिय, लेकिन कमजोर होने से ज्यादा असर नहीं करेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बर्फीली हवाओं असर से कड़ाके की सर्दी अब लोगों के लिए मुसीबत बनने लगी है। भोपाल में गुरुवार को लगातार 6वें दिन कोल्ड वेव रही, जबकि 5 जिले 3 से 5 डिग्री के बीच रहने से कुछ स्थानों पर रात में ओस जमने लगी है।

भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर और शहडोल जिलों में शीतलहर और इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव रही। शाम होते ही तेजी से बढ़ रही ठंडक का ▶▶ शेष पेज 6 पर


विदिशा के गंजबासौदा में सुबह का मनमोहक दृश्य

### इन जिलों में सबसे ज्यादा सर्दी

कल्याणपुर (शहडोल) 3.8, इंदौर 4.5, पचमढ़ी (नर्मदापुरम) 4.8, राजगढ़ 5, गिरवर (शाजापुर) में पारा 5.2 डिग्री रहा है। इन जिलों में सबसे अधिक सर्दी महसूस की गई। भोपाल में दिन का पारा 26.6 डिग्री पर थमा रहा, जो नॉर्मल से 1.5 डिग्री कम है। रात में दशमलव दो डिग्री की कमी के साथ न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 5.6 डिग्री कम है। शुक्रवार को भी भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर और शहडोल जिलों में शीतलहर का अलर्ट है।

### भारत टॉकीज-ऐशबाग रोड पर बैरीकेडिंग, इधर समस्या जस की तस

# रेतघाट पर लगा ट्रैफिक जाम, रेंगते रहे सैकड़ों वाहन, बुजुर्ग व बच्चे हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत टॉकीज से पातरा अंडरब्रिज तक हर दिन लगने वाले भारी जाम की समस्या से आए दिन स्थानी लोगों को परेशान होना पड़ता है। अब इससे निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस की ओर से कुछ स्थानों पर बैरीकेड लगाए गए है। बुधवार रात को स्थानीय लोगों ने डीसीपी ट्रैफिक जीतेन्द्र सिंह पवार और एएसपी यातायात बसंत सिंह कोल से मुलाकात की थी।

- हजारों की संख्या में वाहन रेंगते रेंगते नजर

लोगों से बातचीत में उन्होंने बताया कि कैसे रोजाना घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों, खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इधर गुरुवार शाम को रेतघाट रोड पर ट्रैफिक जाम लग गया। जिससे सैकड़ों वाहन रेंगते रहे। काफी समय बाद यातायात पुलिस के पहुंचने पर जाम से राहत मिल सकी।


रेतघाट रोड पर ट्रैफिक जाम में फंसी गाड़ियां।

**बैरिकेट बदलकर रोकी जाएगी रॉग साइड की आवाजाही**

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह ट्रैफिक पुलिस ने बोगदा पुल व भारत टॉकीज की ओर से आने वाले वाहनों के रूट पर सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी। बैरिकेट ब्रिज के सामने का हिस्सा पुनर्स्थापित किया जा रहा है, ताकि ऐशबाग, बाग उमराव दूल्हा और अशोका गार्डन की तरफ जाने वाले वाहन रॉग साइड में न घुसें। अभी वाहन गलत दिशा से होते हुए पुलिया की ओर बढ़ जाते थे, जिससे सामने से आ रहे ट्रैफिक के बीच गुत्थमगुत्था की स्थिति बन जाती थी और पूरे कॉरिडोर में जाम लग जाता था।

## ऑनलाइन ट्रोलिंग और डिजिटल एडिक्शन समेत बच्चों की बीमारियों पर होगा मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चों की मृत्यु दर, गंभीर बीमारियों, नवीनतम ईलाज प्रणाली, आनलाइन ट्रोलिंग और डिजिटल एडिक्शन समेत शिशुओं से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर राजधानी भोपाल में दो दिन तक देशभर के एक हजार चाइल्ड स्पेशलिस्ट मंथन करेंगे। शिशु रोग से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 13 और 14 दिसंबर को भोपाल में किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बैंगलुरु और लखनउ समेत अन्य राज्यों के एक हजार से अधिक शिशु रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। आर्गनाइजिंग कमेटी के सेक्रेटरी डा. राजेश टिक्कस ने बताया कि इंडियन एकेडमी आफ पेडिकान कार्फ्रेंस हर साल अलग-अलग राज्यों में आयोजित की जाती है।

### कार्यशाला से पहले आज सात प्री-कांफ्रेंस वर्कशॉप

*शिशु रोग विशेषज्ञ और आर्गनाइजिंग कमेटी के सेक्रेटरी डा. राजेश टिक्कस ने बताया कि भोपाल में होने वाले पेडिकान 2025 की प्रमुख विशेषता 7 प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप है, वो 12 दिसंबर को भोपाल के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में आयोजित होगी। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य पीडियाट्रिक एवं नवजात देखभाल में नवीनतम प्रथाओं, कौशल, तथा क्लिनिकल निर्णय-निर्माण पर व्यावहारिक, हैंड-ऑन प्रशिक्षण देना है।*

***कांफ्रेंस में यूनीसेफ और एनएचएम भी शामिल:*** *डॉ. पंकज शुक्ला ने बताया कि पेडिकान 2025 का आयोजन यूनीसेफ और नेशनल हेल्थ मिशन के सहयोग से किया जा रहा है।*

### टीटी नगर पुलिस ने की कार्रवाई

## कुशवाहा समाज के भवन पर कब्जे के आरोपी पूर्व अध्यक्ष भगत सिंह को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी दस्तावेज बनाकर कुशवाहा समाज के भवन पर कब्जा करने के आरोपी भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट वर्ग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा को धोखाधड़ी, नकली दस्तावेज और जालसाजी के आरोप में टीटी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि टीटी नगर के अंजली कॉम्प्लेक्स के पास बने कुशवाहा भवन को हड़पने के लिए आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे और इन्हीं के आधार पर पिछले 15 साल से भवन पर कब्जा कर ऑफिस और गर्ल्स हॉस्टल चला रहा था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल भानपुर के बेटे सीताराम कुशवाहा और मोहन कुशवाहा को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों ने मिलकर समाज को आवंटित भवन को अपनी निजी संपत्ति की तरह उपयोग किया। जांच में सामने आया कि भवन की जमीन लीज पर थी, जिसे फर्जी कागजों के माध्यम से अपने नाम करने की कोशिश की गई।

### जांच के बाद हुई कार्रवाई

एसीपी अंकिता खातरकर ने बताया कि पार्टी से मिली शिकायत के आधार पर मई 2025 में केस दर्ज हुआ था। जांच यह पाया गया है कि धोखाधड़ी, जालसाजी और सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने सबूत पाया गया। दोषी पाए जाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की हैं। वहीं फर्जी दस्तावेज तैयार करने की पूरी प्रक्रिया और इसमें शामिल अन्य लोगों खोजने में टीम जुटी है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पहले रहे अध्यक्ष बाबू लाल कुशवाह से किराया नामा बनवाया था। इसके बाद उसी दस्तावेज के इस्तेमाल भवन को अपने नाम करवा किया।

कल से तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन, 5339 परिवार करेंगे योग्य वर वधु की तलाश

## दिगंबर जैन समाज का सबसे बड़ा परिचय सम्मेलन होगा जीरो वेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 13 दिसंबर को होने जा रहा है 13 से 15 दिसंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन में लगभग 5339 परिवार योग्य वर वधु की तलाश करेंगे, आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया, देश की सर्वाधिक प्रविष्टियां वाला यह परिचय सम्मेलन मातृ सम्मेलन ही नहीं बल्कि संपूर्ण जैन समाज का एक परिवार बन गया है,, इस मंच से अभिभावक अपने लिए परिवार के लिए सुयोग्य बहू और दामाद की तलाश करते हैं।

**सिंगल प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा**

आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल टोंग्या की अगुवाई में आयोजन समिति निरंतर तैयारी में लगी हुई है। इस बार का सम्मेलन पूरी तरह जीरो वेस्ट होगा सिंगल प्लास्टिक का उपयोग नहीं होगा पीने के लिए तांबे का लोटा चाय के लिए कुल्हड़ और भोजन के लिए स्टील के बर्तन रहेंगे। इस पर सभी प्रत्याशियों का बायोडाटा लगातार उपलब्ध रहेगी वर वधु के लिए अलग अलग बहुरंगी स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है जिसमें सभी प्रत्याशियों का सचित्र डाटा उपलब्ध रहेगा।



### पंचायत उपचुनावों में पेपरलेस पद्धति के नवाचार पर जागरुक करेंगी सारिका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस इलेक्शन की नई पहल के अंतर्गत 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत उपचुनाव में एक नया इतिहास बनाने जा रहा है जिसमें प्रदेश में 77 मतदान केंद्रों पर पेपरलेस इलेक्शन कराया जाएगा। मतदाताओं को इस नवीन प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ब्रांड एंबेसेडर सारिका घारू ने आयोग के सचिव श्री दीपक सिंह से मुलाकात की।

### पीडीएस चावल कारोबारियों पर जुर्माना बढ़ाकर 16 लाख किया

**भोपाल।** पीडीएस का चावल खरीदकर उसे महंगे दामों में बेचने के मामले में लगाए गए तीस हजार रुपए के जुर्माने को बढ़ाकर 16 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके पहले पहले 500 क्विंटल से अधिक पीडीएस चावल पकड़े जाने पर अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर पूरा स्टॉक वापस कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सख्ती करते हुए एडीएम से खाद्य विभाग के कोर्ट केस का प्रभार वापस लेकर यह जिम्मेदारी एडीएम सुमित पांडे को सौंप दी। पांडे ने इस मामले में पड़ताल करने के बाद जुर्माने का नया आदेश जारी किया। खाद्य विभाग ने पिछले दिनों राजकुमार ट्रेडर्स पर कार्रवाई की थी।

## गंजबासौदा से चार पहिया वाहन से लाई जा रही अवैध शराब पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में खुलेआम अवैध शराब की तस्करी जारी है, जिसका पता चलते ही आबकारी टीम द्वारा कार्रवाई की गई है। आबकारी टीम ने विदिशा रोड पर चार पहिया वाहन से लाई जा रही अवैध शराब पकड़ी है, जिसे तस्कर गंजबासौदा से भोपाल ला रहे थे। इस दौरान एक तस्कर को टीम ने पकड़ लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। टीम ने वाहन जब्त कर दोनों के खिलाफ अबाकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

जिला आबकारी कंट्रोलर रामगोपाल भदौरिया ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि एक चार पहिया वाहन द्वारा अवैध शराब विदिशा रोड से होते हुए भोपाल लाई जा रही है। इसका पता चलते ही आबकारी टीम सहित मौके पर पहुंचकर वाहनों की तलाशी लेना शुरू की, तब ही देर रात एक वाहन को रोका गया तो उसमें सवार एक व्यक्ति भाग खड़ा हुआ, जबकि दूसरे को धर दबोचा। उसके सामने ही वाहन की तलाशी ली तो अंग्रेजी शराब की 12 पेटी बरामद हुई है। पकड़ाए आरोपियों ने अपनी पहचान धीरज विश्वकर्मा के रूप में बताई है, जबकि उसके फरार साथी का नाम साहिल उर्फ कल्लू बताया है। धीरज ने बताया कि वह नेहरू नगर में रहता है और गंज बासौदा से अवैध शराब लेकर भोपाल आ रहा था। वह यहां पर अवैध रूप से शराब बेचकर लाभ कमाने की तैयारी में थे, टीम उसके फरार साथी की तलाश कर रही है।

### प्रो. सुरभि को पुष्पेंद्र पाल सिंह मास कम्युनिकेशन एंड पीआर टीचर अवार्ड

**भोपाल।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मॉस कम्युनिकेशन नई दिल्ली की प्रो. सुरभि दहिया को पुष्पेंद्र पाल सिंह मास कम्युनिकेशन एंड पीआर टीचर अवार्ड 2025 से अलंकृत किया जाएगा। यह अवार्ड 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून में आयोजित 47 वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया जाएगा। प्रो. सुरभि दहिया को इस उपलब्धि पर पीआरएसआई के भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष श्री मनोज द्विवेदी, सचिव डॉ. पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री के.के. शुक्ला सहित भोपाल चैप्टर के समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने बधाई दी है।


सुरभि (फाइल)




### काट दिए जाएंगे 4 लाख 36 हजार 801 मतदाताओं के नाम

# आठ लाख 84 हजार लोगों ने कराई परिवार से मैपिंग, 40 हजार के नाम, उम्र में मिला अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सात विस बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर में छह दिसंबर को ही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा कर लिया था। पिछले पांच दिनों के दौरान नो मैपिंग वाले करीब 77 हजार 557 से अधिक नामों को हटाया है। इधर आयोग ने बीएलओ एप में नए ऑप्शन जोड़ दिए हैं। जिसमें परिवार से जुड़े मतदाताओं की सर्चिंग की गई है। जिसमें परिवार से मैप हुए करीब 40 हजार मतदाताओं को संदिग्ध केटेगरी में रखकर उनकी जांच करने को कहा गया है। पता चला है कि इसमें ऐसे वोटर्स को देखा जा रहा है, जिनकी उम्र पिता की उम्र के आसपास है। इधर दादा-दादी से मैप होने वाले मतदाताओं की उम्र का अंतर भी जांच के दायरे में रखा गया है।

पिछले पांच दिनों से जिला निर्वाचन कार्यालय नो मैपिंग वाले मतदाताओं की एक्सरसाइज कर रहा है। जिसमें से मैपिंग और शिफ्टिंग वाले मतदाताओं की तलाश की जा रही है। जिसके तहत कुछ मतदाताओं की मैपिंग हुई है, जबकि 4 लाख 36 हजार 801 मतदाताओं को शिफ्टिंग में डालकर उन्हें अनकलेक्टेबल में शिफ्ट किया गया है। ऐसे में इन मतदाताओं को बिना नोटिस दिए वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इधर चुनाव आयोग ने गुरुवार को गणना पत्रक जमा करने की तारीख बढ़ाकर 18 दिसंबर कर दी है, जिसके तहत अब 23 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी किया जाएगा।

*माता-पिता, दादा-दादी की उम्र में आया कम अंतर*

*18 तक जमा होंगे गणना पत्रक, 23 को आएगी लिस्ट*



बाल विहार क्षेत्र में एसआईआर का कार्य करते बीएलओ।

## डेढ़ लाख वोटर्स को नोटिस, देना पड़ेंगे दस्तावेज

पिछले पांच दिनों से जिला निर्वाचन कार्यालय नो मैपिंग वाले मतदाताओं की एक्सरसाइज कर रहा है। जिसके तहत सौ फीसदी एसआईआर पूरा होने के समय इनकी तादाद दो लाख 28 हजार 389 थी, जो अब 1 लाख 50 हजार 830 हो गई है। अब इन मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे जाएंगे। नोटिस वाले मतदाताओं की तादाद को देखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय ने दोबारा से जांच करने के बाद इस केटगरी से 77 हजार 557 मतदाताओं को हटाया है। जिससे नोटिस वाले मतदाताओं की तादाद को कम किया जा सके।

### जिला निर्वाचन कार्यालय ने मतदाताओं की जांच शुरू की

एसआईआर में मतदाता को वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में खुद का या अपने परिवार के माता-पिता, दादा-दादी का नाम बताना था। जिसके तहत जिले के 21 लाख 25 हजार 908 वोटर्स में से 8 लाख 84 हजार 132 मतदाताओं ने परिवार से मैपिंग दिखाई है। बीएलओ एप से इन मतदाताओं को मैप किया गया है, हालांकि मैपिंग में क्रास वेरिफिकेशन नहीं किया गया था, जिसकी वजह से बीएलओ एप में नया ऑप्शन आने के बाद माता-पिता, दादा-दादी के नाम और उम्र को लेकर संदिग्ध नाम सामने आए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने बीएलओ की मदद से इन मतदाताओं की जांच शुरू कर दी है।

### छह लाख 22 हजार मतदाताओं का मिला नाम

वर्तमान में मतदाता सूची में दर्ज वोटर में से 6 लाख 22 हजार 764 ने खुद को वर्ष-2003 की मतदाता सूची में दर्ज होना बताया है। इसमें ऐसे भी हैं, जो दूसरे जिलों में भी दर्ज थे। उन मतदाताओं ने अपना नाम भोपाल में मैप कराया है।

### नो मैपिंग और अनकलेक्टेबल मतदाताओं की जांच

भोपाल में एसआईआर का काम पहले ही पूरा कर लिया गया था। अब नो मैपिंग और अनकलेक्टेबल में दर्ज मतदाताओं की जांच की जा रही है। वेरिफिकेशन के बाद ही उनकी केटगरी में बदलाव किया जा रहा है।

**भुवन गुप्ता, उपजिला निर्वाचन अधिकारी**

## मतदान केंद्रों से मतदाता गायब, अब बीएलओ कर रहे एक्सरसाइज

भोपाल की सात विधानसभाओं में छह दिसंबर को सौ फीसदी एसआईआर का काम पूरा होने के बाद बीएलओ को नो मैपिंग वाले मतदाताओं की दोबारा से जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत प्रयास किया जा रहा है कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सही जानकारी ली जा सके। जिसके तहत ऐसे मतदाता जिन्होंने अपने घर का पता बदल दिया है। उन्हें नो मैपिंग से अनकलेक्टेबल में शिफ्ट किया जा रहा है।

गुरुवार को हरिभूमि की टीम जब मध्य विधानसभा के बाल बिहार स्थित पोलिंग बूथों पर पहुंची, तो यहां मतदान केंद्र नंबर एक से पांच तक के बीएलओ बैठकर नो मैपिंग वाले मतदाताओं की एक्सरसाइज में जुटे थे। बीएलओ लईक खान ने बताया कि चुनाव आयोग ने परिवार से मैपिंग वाले मतदाताओं की जांच के निर्देश मिले हैं, जिसके आधार पर उनके गणना पत्रकों की जांच की जा रही है।



### दोबारा से जांच में कई मतदाताओं की हुई मैपिंग

नरेला के बूथ नंबर-33 की बीएलओ शमा बानो ने बताया कि एसआईआर का काम पूरा होने के बाद नो मैपिंग वाले मतदाताओं की दोबारा से जांच की जा रही है। कई मतदाताओं का परिवार से लिंक मिल गया है। जिसके बाद उस मतदाता को मैप किया जा रहा है। ऐसे मतदाता जिन्होंने अब तक गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं, उनके गणना पत्रक वापसी के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

### 65 हजार डुप्लीकेट मिले, 85 उम्र वालों की होगी जांच

*एसआईआर के दौरान डिजिटाइज किए गए गणना पत्रकों की जांच में 65 हजार डुप्लीकेट मतदाता सामने आए हैं। तो वहीं 46 हजार गणना पत्रकों में विसंगतियां मिली हैं, जो कि बीएलओ एप ने पकड़ी हैं। इन सभी त्रुटियों को सात दिन में दूर करना होगा। जिसके तहत बीएलओ इन मतदाताओं के घर पहुंचकर दोबारा से जांच करेंगे। वहीं 85 से 120 साल के करीब 10 हजार 838 मतदाता हैं, बीएलओ द्वारा इनके घर पहुंचकर वेरिफिकेशन करना पड़ेगा।*

### डीजीपी मकवाना ने मांगी जांच रिपोर्ट

## गोवा के लूथरा ब्रदर्स ने दी अपने ब्रांड चलाने की अनुमति, भोपाल-इंदौर में रेस्त्रां, पब की जांच की तैयारी में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार रात को हुए अग्निकांड में 25 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई लोग जख्मी भी हुए हैं। वहीं, गोवा पुलिस इस मामले में अभी मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स देश छोड़कर थाईलैंड भाग गए हैं, हालांकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

इस बीच मध्य प्रदेश की पुलिस भी अलर्ट हो गई है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने केंद्रीय जांच एजेंसी की सिफारिश में मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर में चले रहे लूथरा ब्रदर्स के पब, क्लब और रेस्त्रा की जांच के लिए कहा है। डीजीपी मकवाना ने भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नर को तलब करते हुए जांच करने के लिए निर्देश दिए हैं। हालांकि इंटेलिजेंस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि मध्यप्रदेश से सीधा लूथरा बदर्स का कनेक्शन नहीं है लेकिन उन्होंने निजी लोगों को अपने ब्रांड को चलाने के लिए अनुमति दी है। हालांकि पुलिस के साथ फूड और आबकारी को भी जांच में शामिल किया जाएगा। साथ ही नगर निगम को भी शामिल किया जाएगा। फायर सेफ्टी के विषय पर भी जांच की जाएगी। गोवा पुलिस ने भी मध्य प्रदेश पुलिस ने इस संबंध में संपर्क किया है। इसके साथ ही उन्होंने बकायदा बार और क्लब की सूची भी दी है।

जानकारी के अनुसार भोपाल और इंदौर में रेमियो लेन, ब्रिच और ममा के साथ कई और नामों से क्लब संचालित हो रहे हैं। पुलिस को भी जांच के लिए कहा गया है। खासतौर में रात के समय भीड़भाड़ की रिपोर्ट देनी होगी।

### जानकारी मांगी है

गोवा पुलिस ने नाइट क्लब के संबंध में कुछ जानकारी मांगी है। हम भी रेमंड वेरिफिकेशन करके रिपोर्ट देंगे। वैसे भी भीड़भाड़ वाली जगह पर पुलिस निगरानी करती है।

**डॉ. आशीष, आईजी इंटेलिजेंस**






### पहले दो महिला मित्रों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ की मारपीट

## निजी कॉलेज की इंजीनियरिंग छात्रा से मारपीट कर ओला राइडर ने किया रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार की राधापुरम कॉलोनी में 18 साल की इंजीनियरिंग छात्रा के साथ मारपीट कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बैतूल के थाने में ओला राइडर और उसकी दो महिला मित्रों के खिलाफ शून्य पर प्रकरण दर्ज कराया है। बैतूल पुलिस ने कोलार पुलिस को डायरी भेजी है।

पीड़िता का आरोप है कि पार्टी के बहाने उसे एक फ्लैट में बुलाया और ओला राइडर ने अपनी महिला मित्रों के साथ मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

### राधापुरम के एक सूने घर में मारपीट के बाद किया दुष्कर्म, वीडियो भी बनाया

पुलिस के मुताबिक 18 साल की युवती निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा है। विगत 22 नवंबर को ओला राइडर तरुण लोखंडे और उसकी सहेली दिव्या गीत बहाने से उसे राधापुरम के एक सूने घर में ले गए और उसके साथ मारपीट की। दिव्या गीत की सहेली रानी मरकाम भी उनके साथ थी। तीनों ने युवती के साथ मारपीट कर धमकी दी और उसी दौरान डरा-धमकाकर तरुण लोखंडे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसके वीडियो व फोटो भी बना लिए और वायरल करने की धमकी देने लगे। मारे डर के पीड़ित छात्रा ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। इस बीच वह बैतूल चली गई। आत्मग्लानि होने पर उसने वहां शून्य पर प्रकरण दर्ज करा दिया। कोलार पुलिस ने तरुण लोखंडे, दिव्या गीत व रानी मरकाम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## 124 स्कूलों में कॅरियर, 137 में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 799 स्कूलों को पीएमश्री विद्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीएमश्री योजना में 124 स्कूलों में कॅरियर काउंसलर और 137 स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। कक्षा 9 से 12 तक के करीब 2 लाख 41 हजार बच्चों को कॅरियर विकल्प का मार्गदर्शन दिया गया है। स्कूलों में सोलर पैनल, एलईडी, प्राकृतिक खेती, पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर, जल और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देते हुए हरित स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों को आईआईएम इंदौर, रायपुर और टीआईएसएस मुंबई में शिक्षण कला की विधाओं का प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिये टीचिंग, लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) तैयार करने के लिये 544 पीएमश्री स्कूलों का चयन किया गया है।

### बच्चों के साथ गर्भनाल भी जली हुई मिली

*लापरवाह अस्पताल प्रबंधक, 48 घंटे के बाद भी मामले पर नहीं बनाई जांच कमेटी*

## हमीदिया अस्पताल: कचरे के ढेर में जले मिले नवजात थे जुड़वां बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया में कचरे के ढेर में मिले अधजले नवजात बच्चों के शव जुड़वां थे। गुरुवार को हमीदिया अस्पताल की मचुर्री में शवों का पोस्टमार्टम किया गया है, जिसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। लेकिन सूत्रों ने बताया कि जो दो शव मिले हैं, वह जुड़वां हैं। दोनों शव सात से आठ महीने के भ्रूण प्रतीत होते हैं। इससे साफ है कि यह बच्चे समय से पहले जन्मे थे, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह पता चलेगा कि बच्चे मृत पैदा हुए थे या जिंदा। इसके अलावा जब उन्हें कचरे में फेंका गया तो वह जिंदा थे या मृत। ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मिल सकता है।

### प्लास्टिक के झोले में रखकर फेंका शवों को

पीएम के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि दोनों ही शव 90 फीसदी से अधिक जले हुए हैं। इन्हें एक प्लास्टिक के झोले में रखकर फेंका गया है। शव के साथ साथ गर्भनाल (प्लेसेंटा) भी जली हुई अवस्था में पाया गया है। इससे चिकित्सक यह अंदाजा लगा रहे हैं कि बच्चों की डिलीवरी किसी अस्पताल में न होकर घर पर हुई है। यदि अस्पताल में हुई होती हो गर्भनाल को अलग किया जाता, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं है। चूंकि शव 90 फीसदी तक जले हुए हैं, इसलिए शवों का लिंग अभी पता नहीं चला है।

### पुलिस ने कराई पीएम की वीडियोग्राफी

पुलिस की मौजूदगी में हमीदिया अस्पताल की मचुर्री में शवों का पोस्टमार्टम किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई है। ताकि साक्ष्य को सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा पुलिस ने इस मामले की खोजबीन शुरू कर दी है।मॉर्चुरी में काम करने वाले और इसके आस पास वाले लोगों के बयान लिए जा रहे हैं, उनसे पूछताछ भी की जा रही है।

**अस्पताल प्रबंधन मामले से झाड़ रहा पल्ला**

*मामले की जांच के लिए जितनी तेजी कोहेफिजा पुलिस ने दिखाई है, उतनी लापरवाही हमीदिया अस्पताल और गांधी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की सामने आई हैं। अभी तक न तो कॉलेज स्तर पर कोई जांच कमेटी का गठन किया गया है और न अस्पताल स्तर पर किसी की जिम्मेदारी तय की गई है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने शुरूआत में इस मामले पर पर्दा डालना चाहा और किसी प्रकार की जानकारी बाहर नहीं आने दी।*

### पुलिस को सीसीटीवी का सहारा

कचरे के ढेर में मिले शव कौन फेंक कर गया, यह किसके बच्चे हैं और ऐसा क्यों हुआ। इन सवालों के जवाब पुलिस तलाशने में जुटी हुई है। जिसके लिए पुलिस ने हमीदिया अस्पताल परिसर के सीसीटीवी को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन से सीसीटीवी की रिकार्ड ले लिया है, इसकी बारीकी से जांच होने के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

### जल्द होगा खुलासा...

हम मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। पीएम रिपोर्ट से बहुत कुछ स्पष्ट हो जाएगा। इसके अलावा सीसीटीवी की जांच की जा रही है। बहुत जल्द इस मामले का खुलासा करेंगे।

**कृष्ण गोपाल शुक्ला, थाना प्रभारी, कोहेफिजा थाना**

### सख्त कार्रवाई हो...

हम पुलिस को जांच में सहयोग कर रहे हैं। इसमें जो भी दोषी है, उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। रही बात जांच कमेटी की तो उसकी आवश्यकता नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी**


हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु◌ुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

शास्त्रों में यह दिन हनुमानजी का विजय उत्सव मनाने का दिन

# आज मनाई जाएगी श्री हनुमान अष्टमी, मंदिरों व घरों में केसरी नंदन को चढ़ाया जाएगा चोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्रीराम भक्त श्री हनुमान की अष्टमी पौष माह के कृष्ण पक्ष सर्वार्थसिद्धि योग में शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस दौरान राजधानी के हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना, सिंदूर से अभिषेक और हनुमान चालीसा-सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन के अनुसार इस दिन श्री हनुमान की आराधना करने का विशेष महत्व है। अष्टमी को हनुमान जयंती जैसा भाव उत्पन्न होता है। शास्त्रों में इस दिन के बारे में कहा गया है कि यह दिन हनुमानजी का विजय उत्सव मनाने का दिन है।

आज हनुमान जयंती जैसा भाव उत्पन्न होने का दिन

इस दिन श्री हनुमान की आराधना करने का विशेष महत्व


फाइल फोटो

## शीतला माता मंदिर टीलाजमालपुरा मंदिर में होगी विशेष पूजा

इस मौके पर राजधानी के खेड़पति हनुमान मंदिर, 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर टीलाजमालपुरा सहित अन्य मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी का सिंदूर से अभिषक किया जाएगा। चोला चढ़ाया जाएगा।

### हनुमान अष्टमी पर सुंदरकांड पाठ आज

**उज्जैन।** आगर रोड जेसी मिल परिसर स्थित अतिप्राचीन बाबा बाल हनुमान मंदिर में रुद्राभिषेक और भंडारे के साथ श्री हनुमान अष्टमी महापर्व का शुभारंभ होगा। पुजारी रूपेश मेहता ने बताया कि मंदिर की अष्टमी महापर्व के लिए आकर्षक विद्युत सज्जा की गई हैं। आज सुबह 6 बजे बाल हनुमान जी का दूध, पंचामृत, गंगाजल, केसर, फलों के रस ओर दुर्लभ जड़ीबूटिओ से रुद्राभिषेक किया जाएगा। पश्चात जरीदार मखमली पोशाक वस्त्र धारण कराकर आकर्षक मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रसादी प्रारंभ होगी। दोपहर 3 बजे सुंदरकांड किया जाएगा और शाम 6 बजे मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में महाआरती की जाएगी।

## भाभा विवि में दीक्षारम्भ का समापन

# अनुशासन, दृढ़ निश्चय और नवाचार अपनाने की दी प्रेरणा



भाभा विवि में दीक्षारंभ समापन कार्यक्रम का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाभा विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में प्रवेशित नवप्रवेशित छात्रों के लिए विगत दो सप्ताह से संचालित हो रहे दीक्षारम्भ कार्यक्रम का भव्य समापन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, दृढ़ निश्चय और नवाचार अपनाने की प्रेरणा दी। मंत्री महोदय ने छात्रों और अभिभावकों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं नवीन शिक्षा नीति पर केंद्रित अपने भाषण में सभी को देश के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सदस्य (प्रशासनिक) श्री महेश चंद्र चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा उत्कृष्ट शोध संस्कृति की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। समारोह में डॉ. सुनील कपूर, चेयरमैन, आर के डी एफ ग्रुप, तथा विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### निर्मित उत्पादों का अवलोकन

इस अवसर पर विश्व विद्यालय में छात्रों के निमित्त स्थापित नवग्रह वाटिका, अभिव्यक्ति क्लब, अनलोड पिटारा, एड मेड क्लब एवं के उद्घाटन के साथ साथ फार्मेसी विभाग द्वारा संचालित इंटरप्रेन्योर केंद्र का अवलोकन कर वहां निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर फार्मेसी विभाग के छात्रों एवं स्टॉफ की सराहना की। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर दंत चिकित्सा विभाग की व्हाईट कोट सेरेमनी का भी आयोजन किया गया।

### उच्च शिक्षा के नए आयामों से अवगत कराया

दीक्षारम्भ के दो सप्ताह के इस शैक्षणिक अभिमुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना, शोध अवसरों, नैतिक मूल्यों, करियर अभिविन्यास तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विविध सत्र प्रदान किए गए। विभागवार आयोजित कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यानों तथा संवाद सत्रों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए आयामों से अवगत कराया।

## फाइलों में अटका शिक्षकों को नोडल बनाने का आदेश

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्ट्रीट डॉग की रोकथाम के लिए शिक्षकों को नोडल बनाए जाने के लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश का शिक्षक संगठन विरोध कर रहे हैं। ऐसे में अधिकतर जिलों में जिला स्तर पर आदेश जारी नहीं हुए हैं और मामला फाइलों में ही अटका नजर आ रहा है। यही स्थिति भोपाल में भी है। इधर शिक्षक संगठनों का कहना है कि जिलों में अधिकारियों द्वारा आदेश जारी कर शिक्षकों को स्कूल में स्ट्रीट डॉग की रोकथाम के लिए नोडल बनाकर जिम्मेदारी तय की जा रही है। जबकि विभाग को शिक्षक के पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। इससे शिक्षक की क्षबि खराब होगी। शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने बताया कि वह मामले में जल्द ही स्कूल शिक्षा मंत्री और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। कौशल का कहना है कि स्कूलों में स्ट्रीट डॉग की रोकथाम जरूरी है। परंतु विभाग को इसके लिए गैर शैक्षणिक स्टाफ की व्यवस्था करनी चाहिए।

- शिक्षक संगठन कर रहे हैं विरोध, बताया शिक्षक के पद की गरिमा के खिलाफ

## एरिजोना, पड्र्यू एवं एशिया यूनिवर्सिटी से मप्र में अध्ययन केन्द्र खोलने के लिए संवाद तेज

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के विकास के लिए करें मिलकर समन्वित प्रयास: सीएम डॉ. यादव

सीएम ने कहा, प्रदेश के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा मध्यप्रदेश में ही उपलब्ध कराई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा मध्यप्रदेश में ही उपलब्ध कराई जाए, जिससे उच्च शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को विदेश जाकर अध्ययन करने की आवश्यकता कम पड़े और स्थानीय स्तर पर ही अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की गुणवत्ता का अकादमिक वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बीते बुधवार को सुशासन भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। ध्यान रहे कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में अब निर्णायक कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अध्ययन केन्द्रों की स्थापना के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे।


अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के विकास को लेकर अधिकारियों से बैठक करते सीएम डॉ. यादव।

### उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी

राज्य सरकार की मंशा है कि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के अध्ययन केन्द्र खुलने से प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इंजीनियरिंग, एआई, डेटा साइंस, हेल्थ केयर साईंस, मैनेजमेंट और नए-नए उभरते तकनीकी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे। साथ ही स्थानीय उद्योगों, स्टार्टअप्स और इनोवेशन इकोसिस्टम को भी उच्च स्तरीय विशेषज्ञता और संयुक्त शोध कार्यक्रमों (ज्वाइंट रिसर्च प्रोग्राम्स) का भी लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में गठित की जा रही टास्क फोर्स में प्रो. संतोष विश्वकर्मा को अध्यक्ष नामांकित किया जा रहा है। यह टास्क फोर्स अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अध्ययन केन्द्रों की स्थापना से जुड़े सभी तकनीकी, शैक्षणिक और कानूनी पहलुओं का अध्ययन करेगी।

### दो विख्यात विश्वविद्यालयों से संवाद

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इस सिलसिले में तेजी से प्रगति हो रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका के दो विश्व विख्यात विश्वविद्यालयों एरिजोना स्टेट यूनीवर्सिटी (एएसयू) और पड्र्यू यूनिवर्सिटी के साथ ताईवान की प्रतिष्ठित एशिया यूनिवर्सिटी से मध्यप्रदेश में अपने अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के लिए सक्रियता से संवाद चल रहा है। इन वर्ल्ड क्लास संस्थानों को उच्च स्तरीय शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक पहचान मिली है। शासन स्तर पर इन विश्वविद्यालयों के शीर्ष प्रबंधन से लगातार बातचीत हो रही है, जिससे संभावनाओं को बेहतर तरीके से मूर्त रूप देने में और तेजी लाई जा सके।

### विशेषज्ञों की जरूरत की पूर्ति हो रही

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा वर्तमान में फ्यूचर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस, सेमीकंडक्टर्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एग्री-टेक तथा अन्य नवोन्मेषी क्षेत्रों में राज्य के तीव्र विकास के लिए आवश्यक विविध रणनीतिक पहलों पर काम किया जा रहा है।

## गंदगी करने वालों से निगम ने वसूला 39 हजार का जुर्माना

**भोपाल।** निगम अमले ने गुरुवार को गंदगी करने और सीएंडडी वेस्ट फैलाकर वायु को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अन्य जोन क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सड़कों, व सार्वजनिक स्थलों फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 276 प्रकरणों 39 हजार 450 रुपए और सीएंडडी वेस्ट फैकने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए सात प्रकरणों में चार हजार 750 रुपये की राशि वसूल की।

## निटर की शिक्षा फैकल्टी में उन्नत प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला

# सेमीकंडक्टर साइंस और आईपीआर में फैकल्टी क्षमता निर्माण के लिए पहल



निटर की शिक्षा फैकल्टी में उन्नत प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के फैकल्टी मेंबर्स के लिए सेमीकंडक्टर साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर 5 दिवसीय 5 ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र के संबंध में टीचर्स और उनके माध्यम से स्टूडेंट्स को भी इस इमर्जिंग एरिया के बारे में जानकारी मिल सके। संस्थान के निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी ने कहा कि आज दुनिया सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की ओर देख रही है। हमारे शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि वे इस क्षेत्र में शोध एवं नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करें।

ताकि वे सेमीकंडक्टर उद्योग में एक सफल करियर की दिशा में आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षित शिक्षक पाठ्यक्रम को उद्योगोन्मुखी बनाने और छात्रों को सेमीकंडक्टर आधारित प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप और करियर विकल्पों में सही दिशा दिखा सकते हैं।

### प्लेगरिज्म जैसे बिंदुओं का रखें ध्यान

प्रो. पीके पुरोहित, डीन (कार्पोरेट एवं इंटरनेशनल रिलेशंस) एवं समन्वयक मध्य प्रदेश ने कहा कि संस्थान द्वारा हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के टीचर्स के लिए इस वर्ष 75 ट्रेनिंग प्रोग्राम किए जा रहे हैं। इनमे से 51 कार्यक्रमों के माध्यम से 1800 से अधिक टीचर्स और 8 प्रोग्राम के माध्यम से 250 स्टूडेंट्स को इमर्जिंग एरिया में ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

## न्यूनतम वेतन एरियर न मिलने से नाराजगी

# सफाई कर्मियों के एरियर भुगतान में देरी का विरोध, 11 माह से कर रहे इंतजार


ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधि मंडल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में काम करने वाले सफाई कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से न्यूनतम वेतन के एरियर का इंतजार कर रहे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश के लगभग 11 महीने बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों को एरियर नहीं मिला है, जिससे उनमें नाराजगी देखी जा रही है। गुरुवार को श्रमिक कांग्रेस नेता आइएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और अपर आयुक्त वरुण अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मियों का एरियर रोकना अत्यंत अनुचित है। उन्होंने मांग की कि सभी कार्यरत और आउटसोर्स कर्मियों को एरियर दिया जाए, देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। श्रमिक कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, योगेंद्र कौशल, सहित अन्य नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि भुगतान नहीं किया गया, तो कर्मचारियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## राजधानी को एआई हब बनाने को लेकर तैयारी तेज

# सीएस से क्रेडाई ने की मुलाकात, 'केव टू कोड' कार्यक्रम में कलाकृति की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वल्लभ भवन में मुख्य सचिव से क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने मुलाकात कर राज्य सरकार द्वारा 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट के प्रस्ताव पर घोषित 3707 एकड़ की नॉलेज एंड एआई सिटी के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्रेडाई के वरिष्ठ सदस्य संजीव ठाकुर और सर्वेश प्रेमचंदानी भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव के साथ हुए बैठक के दौरान क्रेडाई प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी भोपाल की विकास-दृष्टि को दर्शाती प्रतीकात्मक कलाकृति 'केव टू कोड' मुख्य सचिव को भेंट की। यह रचना भोपाल की पाषाण युगीन शैलकला से लेकर आधुनिक नॉलेज व एआई सिटी तक की ऐतिहासिक यात्रा को प्रतीकात्मक रूप से प्रस्तुत करती है। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि मध्यप्रदेश के डेवलपर्स और उद्यमी नॉलेज व एआई सिटी के विकास में प्रमुख भूमिका निभाएँ। उन्होंने सुझाव दिया कि क्रेडाई के सदस्य नेशनल और ग्लोबल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर व डेटा सेंटर डेवलपर कंपनियों से टाई-अप कर इस महत्वपूर्ण परियोजना में सहयोग बढ़ाएं, जिससे राजधानी में विश्वस्तरीय एआई, डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर और उभरती तकनीकों के हब का निर्माण संभव हो सके। मुख्य सचिव के अनुसार ऐसे प्रयासों से प्रदेश में नए निवेश आएँगे और उभरती टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियाँ भोपाल की ओर आकर्षित होंगी। बैठक में क्रेडाई प्रतिनिधिमंडल ने गोवा सरकार की हालिया पहल की जानकारी भी मुख्य सचिव को दी, जिसके तहत गोवा सरकार क्रेडाई को नॉलेज पार्टनर बनाकर अपने इनोवेशन पार्क पर निवेश संवाद आयोजित कर रही है। मुख्य सचिव ने इस मॉडल को सराहनीय बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ऐसे सफल उदाहरणों का अध्ययन कर उनकी उपयुक्त संभावनाएं मध्यप्रदेश में भी देखेगी।


सीएस जैन को कलाकृति भेंट करते क्रेडाई के पदाधिकारी।

## आईएएस अवार्ड वापस लेने और एफआईआर दर्ज करने की मांग

समाज का दावा, अजाक्स सहित सर्व समाज का समर्थन, पूरे प्रदेश से समाज होगा एकत्रित

# आईएएस संतोष वर्मा पर कार्रवाई को लेकर ब्राह्मण समाज के संगठन 14 दिसंबर को करेंगे सीएम हाउस का घेराव

सकल ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा और सामान्य वर्ग के कर्मचारियों का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी को लेकर आईएएस संतोष वर्मा समाज के निशाने पर है। बावजूद इसके संतोष वर्मा के दो और वीडियो वायरल हो रहे है, जिसके बाद ब्राह्मण समाज सरकार से संतोष वर्मा पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। लेकिन अभी तक संतोष वर्मा पर कोई भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके बाद भोपाल के 65 ब्राह्मण समाज संगठन ने सकल ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा का गठन कर तीन दिवसीय आंदोलन की रूपरेखा बनाई है। वीरेन्द्र शर्मा इस मोर्चे के संयोजक हैं।


बैठक में ब्राह्मण समाज संगठन के पदाधिकारी चर्चा करते हुए।

### आज होगा मंत्रालय के सामने शंखनाद

वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि अत्यंत अभद्र गंदी टिप्पणी करने के बावजूद और नाना प्रकार के फर्जीवाड़े उजागर हो जाने के बावजूद संतोष वर्मा आईएएस के विरुद्ध 18 दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने के विरोध में ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा और सामान्य वर्ग के कर्मचारी 12 दिसंबर को मंत्रालय गेट नं 6 के सामने दोपहर 1 बजे से 2 तक शंख झालर बजाकर सोये हुए प्रशासन को जगायेंगे और शासन का ध्यानाकर्षण करेंगे।

### 13 को समाज से अनुरोध, 14 को करेंगे सीएम हाउस का घेराव

13 दिसंबर को ब्राह्मण समाज सभी समाजों से महिला विरोधी आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर समन्वय व मदद की अपील करेगा। वहीं 65 ब्राह्मण समाज के संगठन भोपाल में सीएम हाउस के घेराव की तैयारियों को अंजाम देंगे। 14 दिसंबर को संयुक्त मोर्चा सीएम हाउस घेराव करने जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से लाखों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग आ सकते है। समाज के लोगों का कहना है कि जब तक संतोष वर्मा पर कार्रवाई नहीं होती है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। ब्राहम्मण समाज मप्र, महानगर सनाढ्य ब्राह्मण समाज, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, परशुराम सेवा संगठन, प्रगतिशील ब्राह्मण समाज, ब्राह्मण एकता अस्मिता सहयोग मंच, जिझोतिया ब्राह्मण संगठन, सरयूपारिणि ब्राह्मण संगठन, गुर्जर गौड़ समाज समेत अनेक संगठन शामिल होंगे।

### बोले सामाजिक संगठन

**नारियों के सम्मान में, ब्राह्मण समाज मैदान में**

आईएएस संतोष वर्मा का बयान सिर्फ ब्राह्मण समाज की बेटियों का अपमान नहीं है, यह सभी समाज की बहन बेटियों का अपमान है। आईएएस की बर्खास्तगी की मांग को लेकर तीन दिवसीय आंदोलन किया जा रहा है।

**रामबाबू शर्मा, अध्यक्ष, प्रगतिशील ब्राह्मण समाज**

किसी भी बहन-बेटियों के लिए ऐसी मानसिकता रखने वाले को कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। ब्राहमण समाज के संगठन एकत्रित हैं। सरकार को आइएएस के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।

**चंद्रशेखर तिवारी, अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति**

## एआईसी-पीआईसी ने नहीं दी मंजूरी

# अब अर्बन कमिश्नर अप्रूव करेंगे सिंहस्थ संबंधी सभी प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ के कामों पर मेयर इन काउंसिल और प्रेसीडेंट इन काउंसिल द्वारा स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत होने से एक माह के भीतर मंजूरी नहीं दी गई तो आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास इन प्रस्तावों को मंजूरी देंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। निर्देश हैं कि मेयर इन काउंसिल, महापौर, प्रेसीडेंट इन काउंसिल द्वारा सिंहस्थ के लिए स्वीकृत विभिन्न प्रस्तावों की स्वीकृति दिए जाने में लेटलतीफी की जाती है तो आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास प्रस्तावों की स्वीकृति के एक माह बाद एमआईसी और पीआईसी के द्वारा वित्तीय स्वीकृति के आदेश खुद जारी कर देंगे।

### कई विकास कार्यों को मिलेगी स्वीकृति

गौरतलब है कि सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में विभिन्न विकास कार्य किए जाने है। इसमें नई सड़कें, सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, फुटओवर ब्रिज, द्वार, फुटपाथ, पार्किंग, सीवेज लाइन, शिप्रा के सौंदर्यीकरण, घाट विस्तार के काम किए जाने हैं। ये सभी काम समय पर हो सकें और कामों में कोई रुकावट नहीं आए इसलिए चुने हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा काम स्वीकृत नहीं करने पर अब सीधे कमिश्नर इनकी स्वीकृति जारी कर देंगे ।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने किया पदभार ग्रहण

# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर बोले- युवा मोर्चा से जो अपेक्षाएं रखी हैं, निश्चित रूप से हम उसे पूरी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज दुनिया भारत और भारतीय जनता पार्टी की ओर देख रही है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में नक्सलवाद प्रारंभ हुआ था। भाजपा सरकार ने नक्सलवाद और माओवाद को लगभग जड़ से खत्म कर दिया है।

हमें गर्व है कि हमारी सरकार ने नक्सलवादियों, माओवादी को खत्म करने का काम किया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का पदभार ग्रहण कार्यक्रम संबोधित करते हुए कही। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भारत माता के जयकारें के साथ वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा मोर्चा से जो अपेक्षाएं रखी हैं, निश्चित रूप से हम लोग उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर पद नहीं, दायित्व होता है। यह परीक्षा, जो चुनौती मुझे संगठन ने सौंपी है, उसे आप सभी युवा कार्यकर्ताओं के बल पर स्वीकार्य करता हूं, यदि इस चुनौती को निभाने में अपने प्राणों की बाजी भी लगानी पड़ी तो मित्रों पीछे नहीं हटूंगा। नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी आज प्रधानमंत्री के रूप में सारे विश्व में भारत की गौरव पताका लहरा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत ने किया कार्यक्रम को संबोधित किया**


मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।


भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण करते हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ।

### युवा मोर्चा राजनीति की पहली सीढ़ी है: हेमंत खण्डेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि युवा मोर्चा राजनीति की पहली सीढ़ी है। समाज और देवतुल्य जनता भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व, आचरण और कार्य-व्यवहार देखकर ही भाजपा के भविष्य का आंकलन करती है, क्योंकि युवा ही आगे चलकर संगठन का नेतृत्व करते हैं। इसलिए आप सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व और व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि आपकी वजह से पार्टी को सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता समाज और मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने का कार्य करें।

### भारत और भाजपा तेजी से आगे बढ़ रहे: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत अपनी जो पहचान बना रहा है वह सभी के लिए सौभाग्य की बात है। भारत जितना आगे बढ़ रहा है, हमारी पार्टी का संगठन भी उतनी ही ताकत से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में सबसे युवा देश भारत है। युवा शक्ति के माध्यम से भारत को सबसे ताकतवर देश बनाना है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि कीचड़ के अंदर खिलता कमल चुनाव चिन्ह अगर भाजपा ने रखा है तो यह सार्थक भी दिखाई देता है।



### श्याम टेलर रैली के रूप में प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जगह-जगह हुआ स्वागत

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का पदभार ग्रहण कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया। कार्यालय पहुंचने के पहले भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह टेलर का स्वागत किया और भाजयुमो जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पदभार ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

## पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह के कुशल मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ ऐतिहासिक अभियान चला: मुख्यमंत्री

**मध्यप्रदेश हुआ नक्सल मुक्त**

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश है सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जनवरी 2026 तक नक्सलवाद की देश से समाप्ति के दृढ़संकल्प के कारण आज मध्यप्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों के अदम्य साहस और बलिदान से बालाघाट से लाल सलाम को 11 दिसम्बर को आखिरी सलाम कर दिया गया है। आज का दिन मध्यप्रदेश में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भोपाल से वर्चुअल उपस्थिति में गुरूवार को बालाघाट (मध्यप्रदेश) में मौजूद आखिरी 2 नक्सली दीपक उइके और रोहित ने भी आत्म समर्पण कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 42 दिनों में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन में ऐतिहासिक रूप से 7 करोड़ 75 लाख के इनामी 42 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के बाद पहली बार समेकित रूप से नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ एक अद्भुत और ऐतिहासिक अभियान चलाया गया। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 26 जनवरी 2026 तक नक्सलवाद की समाप्ति के लिए अंतिम समय-सीमा घोषित की गई। नक्सलवादियों के सामने दो ही विकल्प रहे। एक नवजीवन का अवसर और दूसरा जीवन की समाप्ति। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र बलों और मध्यप्रदेश पुलिस के वीर जांबाज जवानों के समन्वित प्रयासों से मध्यप्रदेश में 11 दिसम्बर को अंतिम दो नक्सलियों के आत्मसमर्पण से प्रदेश नक्सल मुक्त हो गया।

**लाल सलाम को बालाघाट से आखिरी सलाम**

**42 दिन में 42 नक्सलियों का एमएमसी जोन में समर्पण**

**दीपक उइके और रोहित ने भी किया आत्म समर्पण**


मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भोपाल से वर्चुअल उपस्थिति में नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन कर उनकी कुर्बानियों का किया स्मरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल मुक्त अभियान में कुर्बानी देने वाले सभी शहीदों को नमन कर उनकी कुर्बानियों का स्मरण किया। इस अभियान में 38 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने शहादत दी। नक्सल मुक्त अभियान में मोहनलाल जखमोला, प्रेम सिंह रावत, तारकेश्वर पांडे, अमलानंद कोटवाला, जगपाल सिंह, मोतीलाल नरवरिया, रामचरण, रविंद्र नाथ द्विवेदी, देवेंद्र कुमार, गंगा प्रसाद मिश्रा, कन्हैयालाल, जागेश्वर प्रसाद पांडे, वंश बहादुर प्रसाद, करण सिंह, बंजारी लाल मार्को, श्रीकृष्ण, बेजनाथ सिंह परिहार, रमेशकुमार पांडे, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, लल्लुलाल कोल, शिव कुमार पर्ते, बिहारी लाल श्रीवास, हनुमंत सिंह, फूलसिंह कुमरे, छन्नुलाल बिसेन, जीत सिंह टेकाम, जगदीश दवंडे, दंगल सिंह ठाकुर, रूपनारायण बंसल, मुन्नालाल बिसेन, कृष्णा राजू, अर्जुन सिंह, सेदनलाल पटले, रक्षित शुक्ला, कौशल प्रसाद चौधरी राजेद्र प्रसाद उपाध्याय, हरिचंद्र रहांगडाले और आशीष शर्मा ने अपनी शहादत दी।

### नक्सली आत्मसमर्पण में वर्ष 2025 ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 में 10 नक्सलियों को मार गिराया गया। इसके साथ ही इस वर्ष सर्वाधिक 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया। यह विगत 21 वर्षों में ऐतिहासिक उपलब्धि है। मध्यप्रदेश में मौजूद दोनों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। प्रदेश में सक्रिय सभी नक्सली केडरों को ध्वस्त कर दिया गया है।

### प्रदेश के विकास में नक्सलवाद की बाधा हुई खत्म: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही मंडला, डिण्डोरी और बालाघाट के विकास की बाधाएं खत्म हो गई हैं। पहले डिण्डोरी फिर मंडला और अब बालाघाट से भी नक्सलवाद खत्म हो गया है। सभी के साथ कदम से कदम मिलाकर विकास की राह पर क्षेत्र को आगे ले जाएंगे। माओवाद को पनपने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।

### सरेंडर पॉलिसी अंतर्गत देंगे नव जीवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को सरेंडर पॉलिसी अंतर्गत पुनर्वास कर नव जीवन प्रदान किया जाएगा। सरकार मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों को पॉलिसी के तहत सुरक्षा के साथ प्रावधानों के मुताबिक अन्य सभी उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री ने नक्सल मुक्त करने के अभियान में शामिल सशस्त्र बलों, पुलिस और प्रशासन को दी बधाई

**प्रमुख बिंदु**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में नक्सल मुक्त करने के अभियान में शामिल सभी सशस्त्र बलों के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले पुलिस और प्रशासन को हार्दिक बधाई दी।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जनवरी 2026 तक नक्सलवाद की देश से समाप्ति के दृढ़ संकल्प के कारण मध्यप्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हो गया।
- मध्यप्रदेश की धरती से पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के अदम्य साहस और बलिदान से बालाघाट से लाल सलाम को 11 दिसम्बर को आखिरी सलाम कर दिया।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भोपाल से वर्चुअल उपस्थिति में गुरूवार को बालाघाट (मध्यप्रदेश) में मौजूद आखिरी 2 नक्सली दीपक उइके और रोहित ने भी आत्म समर्पण कर दिया।
- 42 दिनों में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ (एमएमसी)जोन में ऐतिहासिक रूप से 7 करोड़ 75 लाख के इनामी 42 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।
- प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के बाद पहली बार समेकित रूप से नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ एक अद्भुत और ऐतिहासिक अभियान चलाया गया।
- वर्ष 2025 में 10 नक्सलियों को मार गिराया गया। इसके साथ ही इस वर्ष सर्वाधिक 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया।
- प्रदेश में सक्रिय सभी नक्सली कैडरों को ध्वस्त कर दिया गया है।
- प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही मंडला, डिण्डोरी और बालाघाट के विकास की बाधाएं खत्म हो गई।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल मुक्त अभियान में कुर्बानी देने वाले सभी शहीदों को नमन कर उनकी कुर्बानियों का स्मरण किया। अभियान में 38 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने शहादत दी।

---

**विधानसभा में विधायक और मंत्रियों ने उठाया था मुद्दा**

## 100 एकड़ जमीन, खंडवा बटालियन बनाने आईजी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिमी और सांप्रदायिक माहौल को लेकर संवेदनशील खंडवा जिले में एक बार फिर बटालियन बनने को लेकर हलचल हुई है। विधानसभा में बटालियन का मुद्दा उठने के बाद बुधवार को इंदौर रेंज आईजी अनुराग ने सुरगांव नेपानी पहुंचकर जमीन का जायजा लिया। उन्होंने जमीन का नक्शा देखने के साथ ही वहां से गुजर रहे हाइवे और पानी की सुलभता पर भी चर्चा की।

बुधवार को आईजी अनुराग, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा और एसपी मनोज कुमार राय के साथ सुरगांव नेपानी रोड पर पुलिस विभाग की जमीन देखने पहुंचे। पुलिसकर्मी अपने साथ जमीन का नक्शा लेकर आए थे। उसके आधार पर उन्होंने जमीन को अवलोकन किया। इस दौरान डीआईजी और एसपी दोनों ने ही उन्हें जमीन के संबंध में जानकारी दी। वे करीब आधे घंटे यहां रूके। इसके बाद यहां से आईजी अपने काफिले के साथ वापस खंडवा आए।

### बटालियन के लिए पर्याप्त जमीन

*आईजी अनुराग ने कहा कि पुलिस विभाग को बहुत दिनों से एक जमीन आवंटित है। बुरहानपुर जाते समय जमीन को देखने आया हूं कि अगर बटालियन की जरूरत पड़ती है तो यह जमीन कैसी रहेगी। अभी यह देखा है जमीन सड़क और शहर से कितनी दूर है। जमीन समतल मिलती है तो 50 से 60 एकड़ की जरूरत होती है। यहां 100 एकड़ जमीन है जो पर्याप्त है। हालांकि खंडवा संवेदनशील जिला है। यहां बटालियन को लेकर पुलिस मुख्यालय व शासन स्तर पर ही निर्णय किया जाएगा।*

### 100 एकड़ जमीन, गुजरता है हाईवे

पुलिस विभाग को करीब 100 एकड़ जमीन मिली है। इस जमीन के पास से देशगांव रूची हाईवे गुजर रहा है। दूसरी तरफ सुरगांव नेपानी रोड है, जो सीधे शहर से जुड़ा हुआ है। शहर से कुछ ही दूर यह जमीन होने से यहां बटालियन के पर्याप्त जगह है। इसके साथ ही पानी भी भरपूर है। बटालियन के लिए पूरी तरह से अनुकूल वातावरण यहां मौजूद है।

---

**एम सेलवेन्द्रन और अजीत बनेंगे पीएस**

## 71 आईएएस हुए प्रमोट: डीपीसी की बैठक में हुआ फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2002 बैच, 2010 बैच, 2013 बैच और 2022 बैच के 71 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नत करने गुरुवार को मंत्रालय में डीपीसी हुई। 2002 बैच के जीएडी कार्मिक के सचिव एम सेलवेन्द्रन और केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ आईएएस अजीत कुमार को प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नत करने का निर्णय लिया गया है। आदेश एक जनवरी को जारी किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक मुख्य सचिव अनुराग जैन, एसीएस राजेश राजौरा, डीजी प्रशासन अकादमी की मौजूदगी में हुई डीपीसी में कुछ अफसरों के बारे में और जानकारी मांगी गई है। चार-पांच दिन बाद इनके नामों पर चर्चा होगी। फिर सीएम की सहमति के बाद इनके पदोन्नति आदेश जारी किए जाएंगे। 2010 बैच में गणेश शंकर मिश्रा, षणमुख प्रिया केन्द्र में पदस्थ है, जबकि इस बैच के सत्रह अधिकारी सचिव के पद पर प्रमोट होंगे।

■ आदेश एक जनवरी को जारी किए जाएंगे

---

**कांग्रेस विधायक ने प्रशासन पर लगाया आरोप**

## 33 हजार का आंकड़ा गलत, सिंगरौली में तीन लाख से ज्यादा पेड़ काटे: भूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंगरौली में बड़े स्तर पर हो रही पेड़ कटाई को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने दावा किया है कि जिले में पेड़ों की कटाई का आंकड़ा प्रशासन द्वारा बताए गए 33 हजार से कहीं ज्यादा है। उनका कहना है कि वास्तव में तीन लाख से अधिक पेड़ काटे गए हैं और प्रशासन सही आंकड़े छिपा रहा है।


विक्रांत भूरिया

भूरिया ने एक वीडियो जारी कर बताया कि जमीन पर निरीक्षण के दौरान कई ऐसे पेड़ मिले जिन पर नंबरिंग ही नहीं की गई थी, जबकि उन्हें भी काटा जा चुका था। उन्होंने कहा कि यदि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती, तो हर पेड़ को नंबर देने के बाद ही काटने की अनुमति दी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन असली स्थिति सामने नहीं आने देना चाहता। कांग्रेस विधायक भूरिया ने दावा किया कि पेड़ों की कटाई का आंकड़ा प्रशासन के आंकड़ों से कहीं ज्यादा है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि सिंगरौली जिले से जुड़ी समस्याओं और आदिवासी समुदाय के मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जनता की लड़ाई है और कांग्रेस पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। नटराजन ने स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित लोगों को न्याय नहीं मिलता, तब तक कांग्रेस आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ती रहेगी। यह मुद्दा राज्यसभा, लोकसभा में भी उठाया जाएगा। आदिवासियों को न्याय दिलाने कांग्रेस सदैव तैयार है।

---

**सीएम डॉ. मोहन यादव देंगे दो साल के विकास और योजनाओं की जानकारी**

# मुख्यमंत्री आज जनता के सामने पेश करेंगे प्रदेश सरकार का लेखा-जोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर 12 दिसंबर को जनता के समक्ष कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर वे भोपाल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे, जिसमें सरकार की दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण परियोजनाएं और आगामी कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। मुख्यमंत्री की पत्रकार वार्ता के अगले दिन 13 दिसंबर को प्रभारी मंत्रीगण अपने-अपने संभागीय और जिला मुख्यालयों में जिला विकास सलाहकार समितियों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात वे मीडिया को संबोधित कर अपने क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी देंगे। 14 दिसंबर को अन्य जिलों में भी प्रभारी मंत्री जिला सलाहकार समितियों की बैठक आयोजित कर पत्रकार वार्ता करेंगे। सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जिला स्तर पर किए गए कार्य, उपलब्धियां और आगामी कार्ययोजना की पूरी जानकारी साझा करें।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले ही सभी विभागों की समीक्षा कर उनकी उपलब्धियों और आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने, सड़क एवं पुल निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, कृषि और उद्योग में नवाचार तथा रोजगार सृजन जैसी प्रमुख योजनाओं पर चर्चा हुई। यह आयोजन सरकार की पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित होगा।

### प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट देश में सर्वाधिक, रोजगार और उद्योगों पर फोकस : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

***सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर 13-14 को भोपाल-इंदौर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन***

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 13 दिसंबर को भोपाल और 14 दिसंबर को इंदौर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश में सरकार बनने के बाद गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए कई उल्लेखनीय निर्णय लिए गए। राज्य में कृषि के लिए सिंचाई का रकबा दोगुना करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान और कई बड़ी परियोजनाओं के माध्यम से प्रयास जारी हैं। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों के विकास पर फोकस किया जा रहा है। हमारी इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट देश में सबसे अधिक है। डॉ. यादव गुरुवार को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के लिए रवाना होने से पहले इंदौर में मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

### कुछ गलत होगा तो नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में सुशासन पर आधारित व्यवस्थाएं संचालित हों, इसके लिए अच्छे कार्य में सदैव साथ हैं और अगर कहीं भी कुछ गलत होगा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मध्यप्रदेश की धरती से नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में विगत दिनों उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश में नक्सलियों का सबसे बड़ा सरेंडर बालाघाट में कराया गया है। आज के सरेंडर के बाद प्रदेश से नक्सलवाद जड़ से समाप्त हो गया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश स्तरीय बैठक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक 12 दिसंबर को शाम 5 बजे आयोजित होगी। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन देगा। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं पार्टी की आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की जाएगी।

## पेज एक का शेष....

### भाषा, भाषण और ....

कर उन्हें नमन किया। कहा कि आंध्र प्रदेश के सत्य साईं जिले के धर्मावरम में स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के साथ अटलजी के घनिष्ठ संबंध रहे। उनके कार्यकाल में ही नायडू एनडीए के प्रेसिडेंट बने थे। डॉ यादव ने कहा कि अटलजी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश और जनता की सेवा की। पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है।

### आखिरी दो नक्सलियों....

मलाजखंड दलम के डिप्टी कमांडर और डीवीसीएम टैंक ग्रुप के सक्रिय माओवादी के रूप में काम किया। दीपक संगठन की रणनीति, नए सदस्यों की भर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क तैयार करने में लीड रोल निभाता था। उसने आत्मसमर्पण के दौरान एक स्टेनगन भी जमा करवाई है। दीपक पर 29 लाख रुपए जबकि रोहित पर 14 लाख रुपए का इनाम था।

### सीएम बोले- कांग्रेस...

एक बड़ी समस्या थी। हमने इस समस्या को जड़ से खत्म कर दिया है। राज्य के मंडला, बालाघाट और डिंडोरी जिले लगभग नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं।

### तमिलनाडु और गुजरात में...

वोटरों को फॉर्म छह भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उसे ब्लॉक लेवल अधिकारियों को जमा करने या ईसीआईनेट एप या वेबसाइट का इस्तेमाल करके ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए बताया जा रहा है, जिससे उनके नाम फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल हो सकें।

**शाह ने ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय का भी उल्लेख किया:** गृहमंत्री अमित शाह ने मतदाता पंजीकरण की कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए 1995 के एक ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि 1995 में लालबाबू हुसैन बनाम मतदाता रजिस्ट्रेशन ऑफिसर का जजमेंट आया था। उसमें अदालत ने साफ कहा कि जहां मतदाता का नाम दर्ज किया जाना है, वहां रिटर्निंग ऑफिसर ये सुनिश्चित कर सकता है कि आवेदक भारत का नागरिक है या नहीं। शाह ने स्पष्ट किया था कि यह निर्णय उनका या सरकार का नहीं है, बल्कि भारत की सर्वोच्च अदालत का है और हम सब इससे बंधे हुए हैं।

### अंतिम मतदाता सूची 14...

के बीच दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा, साथ ही मतदान केंद्रों का युक्तिकरण भी उसी तिथि तक पूरा कर लिया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी, 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

### राहुल को शाह ने...

थीं, जो एक ही नंबर पर दर्ज हैं। शाह ने विपक्ष को याद दिलाया था कि जब पुराने नंबर से हरियाणा में कांग्रेस की सरकार चुनी गई थी, तब से ही ये नंबर इसी तरह चला आ रहा है। शाह ने जोर देकर कहा था कि ये न कोई फर्जी गढ़ है न कोई फर्जी वोटर। वोट चोरी का नैरेटिव के लिए है।

### एससी-एसटी के...

वीडियो अजाक्स सम्मलेन का बताया जा रहा है। सवर्ण समाज ने 14 दिसंबर को सीएम आवास घेराव की तैयारी शुरू कर दी है। वर्मा ने कहा था कि अभी जो जज की परीक्षा हुई, एग्जाम हुए, उसमें एससी-एसटी के लोग सिलेक्ट नहीं हुए। उन्हें योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। हमारे समाज का व्यक्ति आईएएस, आईपीएस, डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी बन सकता है, लेकिन सिविल जज नहीं बन सकता है। आईएएस वर्मा ने कहा कि सिविल जज की परीक्षा में कट ऑफ 50 प्रतिशत रखा है, लेकिन हमारे बच्चों को जानबूझकर 49.95 नंबर दिया जाता है। इंटरव्यू में 20 में 19.5 अंक दिए जाते हैं, ऐसे में सिविल जज कैसे बनेंगे। उन्होंने कहा कि अगर समुदाय का युवक सिविल जज ही नहीं बनेगा तो भविष्य में हाईकोर्ट जज कैसे बन पाएगा? हमारी ज्यूडिशियरी से हमारा बीज खत्म किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारी आखिरी पीढ़ी है, इसे बचाने की लड़ाई हमें ही लड़नी होगी।

### बिजली चोरी की....

नहीं किया जाएगा। आप जब किसी की शिकायत दर्ज कर रहे हैं, तो आप इसमें उस व्यक्ति का फोटो, लोकेशन समेत अन्य चीजें भी डाल सकते हैं। इससे बिजली विभाग को जगह पर पहुंचने में काफी मदद मिल सकती है। शिकायत सही पाए जाने पर जांच होती है और फिर तुरंत कार्रवाई होती है। अगर लाइन, कनेक्शन या लोड में कोई गड़बड़ी मिलती है तो आपको 10 रुपये से लेकर 50 हजार रुपए तक का इनाम मिल सकता है।

### मप्र हाई कोर्ट ने एडहॉक...

दिखाए गए दो या तीन दिन के कृत्रिम ब्रेक को सेवा व्यवधान नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 1977 से 2009 तक की पूरी सेवा अवधि को निरंतर सेवा माना जाए और उसी आधार पर पेंशन जारी की जाए। फैसले के बाद प्रदेश में वे कर्मचारी जो वर्षों तक एडहॉक आधार पर काम करते रहे, उन्हें पेंशन के दायरे में आने का रास्ता मिल गया है। एडहॉक सेवा अस्थायी नियुक्ति होती है, जिसे किसी पद को तुरंत भरने के लिए किया जाता है, जब तक नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी न हो। इस आदेश से लगभग एक हजार से अधिक कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

### सास के कंगन...

ने यह भी कहा कि यह एक 'दुर्लभ समझौता' है, क्योंकि पत्नी ने कोई पैसे का दावा नहीं किया था। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा कि यहां कुछ भी नहीं मांगा गया है। इसके उलट,पत्नी ने सोने के कंगन लौटा दिए हैं, जो उसे शादी के समय तोहफ़े में मिले थे। हमें बताया गया है कि ये कंगन पति की मां के हैं। हम इस तरह के अच्छे काम की तारीफ करते हैं, जो आजकल बहुत कम देखने को मिलता है। अतीत को भूल जाओ और खुशहाल जिंदगी जीयो। फिर कोर्ट ने अंतिम आदेश दिया कि ऊपर बताई गई परिस्थितियों में, हम अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पार्टियों के बीच शादी को खत्म करते हैं।

### अब इंडिगो एयरलाइन....

असुविधा का सामना करना पड़ा। इस ट्रैवल वाउचर की खास बात यह है कि इसे अगले 12 महीनों तक कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यात्री भारत में इंडिगो की किसी भी घरेलू उड़ान या फिर अंतरराष्ट्रीय रूट के लिए इन वाउचर का उपयोग कर सकते हैं। इंडिगो ने बताया कि 10 हजार रु. का ट्रैवल वाउचर उन यात्रियों को दिया जाएगा, जिनकी यात्राएं एक से ज्यादा बार बदलनी पड़ीं, यानी जिनकी उड़ानें बार-बार रीशेड्यूल हुईं, या जिन्हें एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ा। सलाह दी गई है कि वे अपने रजिस्टर्ड ईमेल और मोबाइल नंबर पर भेजे गए मैसेज को चेक करें, ताकि उन्हें मुआवजा और वाउचर क्लेम करने की प्रक्रिया में आसानी हो।

### साढ़े 14 हजार....

कराने की एवज में लेखपाल जाम सिंह अमलियार द्वारा आवेदक से 50,000 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। आवेदक के द्वारा मामले की शिकायत लोकायुक्त इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर गुरुवार को जामसिंह अमलियार 14,500 की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया है।

### कॉपरेटिव इंस्पेक्टर ....

दुबे के खिलाफ 8 दिसंबर को लोकायुक्त कार्यालय में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। गोटेगांव तहसील के गांव सिमरिया के रहने वाले देवी प्रसाद तिवारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वो समिति प्रबंधक है और उसका अक्टूबर और नवंबर महीने का वेतन जारी नहीं किया गया था। जब वो इस संबंध में सहकारिता निरीक्षक संजय दुबे के पास पहुंचा तो उससे तीन हजार रुपए की रिश्वत की मांग की।

### भोपाल, रायसेन, सीहोर...

असर अभी दो से तीन दिन बने रहने की उम्मीद है। शनिवार के बाद से तापमान में मामूली बढ़त के आसार हैं। मौसम केंद्र के अनुसार मौसम में अभी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 13 दिसंबर को हिमालय रीजन में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जो कमजोर है, इसलिए ज्यादा असर नहीं होगा।

---

**म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेवा सदन के पास, पंचशील नगर, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक-206 मण्डल द्वारा श्रीमती प्रभा देवी रघुवंशी पत्नी श्री रामदयाल सिंह रघुवंशी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 20/08/2002 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 22/01/2014 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/05/2039 तक वैध है। श्रीमती प्रभा देवी रघुवंशी पत्नी श्री रामदयाल सिंह रघुवंशी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री इमरान खान आत्मज श्री खजर खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/03/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री इमरान खान आत्मज श्री खजर खान के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी म. प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**जाहिर सूचना**
**प्लॉट नं. 08, ग्राम पलासी, खसरा नं. 138/1, तह. हुजूर, जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार हिन्दुजा हाऊसिंग फाईनेंस लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती सलमा पत्नी काजी समद ने अपनी 01 संपत्ति जो कि प्लॉट / मकान क्र. 08, स्थित खसरा नं. 138/1, ग्राम पलासी, वार्ड नं. 75, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति की नाप 924 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब में - रोड, पश्चिम में - प्लॉट नं. 07, उत्तर में -प्लॉट नं. 09 एवं दक्षिण में अन्य की भूमि है। श्रीमती सलमा ने उक्त प्लॉट शामिल खाते की भूमि में के हिस्सेदार विक्रेता अमित कुमार जैन के द्वारा विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था जिसका इन्द्राज उप-पंजीयक, भोपाल-1 में दि. 04/10/21 को ई-पंजी संख्या MP059692021A1842275 पर पंजीकृत है। इस प्रकार से उक्त संपत्ति पर श्रीमती सलमा का वैधानिक स्वत्व एवं स्वामित्व माना गया है। अन्य भूमि हिस्सेदारों (1) श्री दिनेश पंजवानी व (2) श्री अमित बिंदल की सहमति प्राप्त कर ली गई है जिससे संबंधित सभी शपथ-पत्र, लिंक दस्तावेज, पावती इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं।

यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**अभिषेक पंसारी अधिवक्ता**
कार्यालय - दुकान नं. 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
मोबाइल: 9993186085, 07554337451

---

## कार्यालय नगर निगम भोपाल

**// जोन क्रमांक-19 //**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 118/यां.वि./2025 — भोपाल, दिनांक - 10/12/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑईलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_456092_2 | CONST. OF COMMUNITY HALL AT INDUS TOWN, W-84, Z-19 SECOND CALL | 8,41,141/- | As Per Centralized Registration | 24.12.25 | 05:30 PM |

नियम व शर्तें :-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

नि.क्र. : 2773/025/026

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**जोन क्र. 19, नगर निगम भोपाल**

---

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 33/2025/निविदा/सा/मु.अ.भ. — भोपाल दिनांक 01.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_466662_1 | भोपाल जिले के अंतर्गत संविदाकार द्वारा छोड़े गये कार्य, शेष कार्य एवं पी. जी. अंतर्गत कार्य। | भोपाल | 100.00 | 100000 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWPIU_466658_1 | लोक निर्माण विभाग, जिला भोपाल में निर्माण कार्यों हेतु आर्किटेक्चरल डिजाइन एवं डी पी आर कंसलटेंट इत्यादि कार्य हेतु। | भोपाल | 200.00 | 200000 | 15000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWPIU_465577_1 | शासकीय हाई स्कूल भवन लायरा ब्लॉक कुरवाई जिला विदिशा में 03 नग लैब एवं 04 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | भोपाल | 107.69 | 107690 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 01.12.2025 समय 10.30 से दिनांक 15.12.2025 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग भोपाल**

जी - 22607/25

---

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**// आम सूचना //**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक जूनि. एम.आई.जी. 43 एम-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री हरलाल रठानिया आत्मज श्री जमाना प्रसाद रठानिया के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 1436-38 दिनांक 30/03/2002 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/05/2008 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री नरेन्द्र जैन आत्मज श्री मांगीलाल जैन के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 05/12/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री नरेन्द्र जैन आत्मज श्री मांगीलाल जैन के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

---

**आम सूचना**
**आवासीय मकान क्रमांक-2/13 ग्राम-रतनपुर सड़क (अनुजा विलेज), वार्ड क्रमांक-84, तहसील हुजूर, भोपाल के संबंध में**

मै अपनी पक्षकार श्रीमती वंदना नागदेवे पत्नी श्री किशोर नागदेवे भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि उनके द्वारा श्रीमती आशा आंजलेवार पत्नी श्री श्रीधर राव आंजलेवार, स्वामित्व एवं आधिपत्य आबादी देही का एक आवासीय मकान क्रमांक-2/13, जिसका खसरा क्रमांक-238/240/2/5 का अंश भाग है, जो कि ग्राम-रतनपुर सड़क (अनुजा विलेज), वार्ड क्रमांक -84, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश में स्थित है जिसको पक्षकार ने श्री के. जयदेवन आत्मज श्री एम.जी. केशवन से क्रय किया था जिसका विवरण उप पंजीयक कर्यालय भोपाल दिनांकित 22/02/2008 को पुस्तक क्रमांक-अ-1, ग्रंथ क्रमांक-27716, एवं दस्तावेज क्रमांक -3096/2, पर इंद्राज है को मेरी पक्षकार श्रीमती वंदना नागदेवे पत्नी श्री किशोर नागदेवे को श्रीमती आशा आंजेलवार का दिनांक 31/12/2022 को स्वर्गवास उपरांत फोथी नामांतरण न्यायालय तहसील कोलार से किया गया है जिसका प्रकरण क्रमांक-2397/अ-6/2025-26, दिनांक-24/11/2025 है। जो इस संपत्ति की वारिसान है, जिसमे किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के **5 दिवस** की अवधि के अंदर मुझे, मेरे कार्यालय मे अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में प्रस्तुत करे। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरी पक्षकार कंपनी उपरोक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त प्रस्तावित बंधककर्ता को ऋण प्रदान कर सकेगी।

भवदीय-**संध्या बनखेडे** एडवोकेट
आफिस पता प्लाट न.-161 एफ-2/बी सेकेण्ड फ्लोर गोपाल भवन आईसीआई बैंक के सामने जोन-1, एम.पी.नगर भोपाल
मो. न.-7471125917










### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अरविंद सिन्हा पुत्र श्री प्रभाकर सिन्हा निवासी सी 11/टाइप III, एसबीआई कालोनी, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) पूर्व में मेरा नाम अरविंद कुमार सिन्हा था जिसे मैंने बदल कर अरविंद सिन्हा रख लिया है. अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम अरविंद सिन्हा लिखा है I अतः मुझे भविष्य में मेरे नए नाम अरविंद सिन्हा से जाना व पहचाना जाये।




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक













### राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

---

### शब्द पहेली - 6075



**बाएँसेदाए**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6074 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | या |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |

### सूडोकु नवताल - 6085

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6084 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### पोको ने लांच किया सी85 फाइव जी

**नई दिल्ली।** पोको ने अपना नया स्मार्टफोन पोको सी85 5जी लांच किया है। इसी के साथ पोको बजट स्मार्टफोन सेगमेंट को एक बार फिर से धमाल मचाने के लिए तैयार है।



यह स्मार्टफोन भारत के डायनैमिक युवाओं के लिए बनाया गया है, जिन्हें बाहर रहते हुए भी हमेशा भरोसेमंद साथ चाहिए। यह फ़ोन जबरदस्त बैटरी बैकअप और शानदार लुक के साथ 12 हजार रुपए से कम कीमत वाले सेगमेंट में बेहतरीन वैल्यू देता है।

### सैनी ने किया मशीनरी लाइन-अप का अनावरण

**बेंगलुरु।** सैनी इंडिया ने एक्सकॉन 2025 में अब तक के सबसे शक्तिशाली और उन्नत मशीनरी लाइन-अप का अनावरण करते हुए



एक निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार है। यह वर्ष सैनी इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि कंपनी गति, स्थिरता, लागत दक्षता और बड़े पैमाने पर निष्पादन के लिए निर्मित अगली पीढ़ी के उपकरण पेश कर रही है, जो भारत के राष्ट्रीय विज़न 'विक्सित भारत @2047' के अनुरूप है।

### पेप्सीको ने सोलंकी और पवार को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के दो योगदानकर्ताओं बड़वानी जिले की धुबदी बाई सोलंकी और छिंदवाड़ा जिले के गुरु पवार को नई दिल्ली में आयोजित



पेप्सीको इंडिया के 'वॉइसेज ऑफ हार्वेस्ट कॉन्फ्रेंस एंड अवॉर्ड्स 2025' में सतत एवं तकनीक-आधारित कृषि में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इनका चयन कृषि विशेषज्ञों की एक बाहरी जूरी द्वारा कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया।

### टाटा प्ले बिंज ने पेश किए दो नए एप

**नई दिल्ली।** टाटा प्ले बिंज ने ओटीटी सेवाओं के अपने संग्रह में अल्ट्रा प्ले और अल्ट्रा झक्कास को शामिल कर लिया है। इस साझेदारी से हिंदी और मराठी भाषाओं में मनोरंजन सेवाओं के लिए टाटा प्ले की स्थिति मजबूत हुई है। यह देश में विभिन्न भाषाओं में मनोरंजन प्राप्त करने के इच्छुक ग्राहकों के लिए बेहतरीन पेशकश है। अल्ट्रा प्ले हिंदी भाषा की ओटीटी सेवा है, जिसका संचालन अल्ट्रा मीडिया प्राईवेट लिमिटेड करते हैं। इस पर पुरानी फिल्में उपलब्ध हैं, जिनकी कुल अवधि 5,000 घंटे से अधिक है।

### एलजी ने पेश की वॉशिंग मशीनों की नई रेंज

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने अपनी नवीनतम वॉशिंग मशीन लाइन-अप के लांच की घोषणा की, जिसे प्रीमियम डिज़ाइन और अत्याधुनिक तकनीक के साथ विकसित किया गया है। नई रेंज में वॉशर ड्रायर, फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन से लेकर टॉप लोड वॉशिंग मशीन सहित 10 मॉडल शामिल हैं, जो बेहतर फैब्रिक केयर, इंटेलिजेंट वॉशिंग और बढ़ी हुई सुविधा के लिए एडवांस्ड एआई से लैस हैं। नई एआईडीडी2.0 वॉशिंग मशीन उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### ध्रुव कंसल्टेंसी ने हासिल किया 41 करोड़ का राजस्व

**मुंबई।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी के दूसरी तिमाही में 19.40 करोड़ रुपए आय हुई, एबिटडा 2.13 करोड़ और शुद्ध लाभ 1.01 करोड़ रुपए दर्ज हुआ तो वहीं पहली छमाही में कुल आय 40.80 करोड़ रही, जबकि एबिटडा 5.70 करोड़, शुद्ध लाभ 2.60 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्रीमती तन्वी दांडवटे औटी ने कहाकि कंपनी को मजबूत प्रोजेक्ट पाइपलाइन, कुशल निष्पादन, लगातार मांग बनी हुई है।

# ओपन सेल में खरीदी नहीं होने से एफसीआई ने रोकी टेंडर भाव में गेहूं की बिक्री

***एफसीआई ने 12 नवंबर को साप्ताहिक नीलामी प्रारंभ की थी जिसमें 2 लाख टन के ऑफर की तुलना में केवल 73 हजार टन गेहूं की बिक्री हुई***

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत गेहूं की बिक्री के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया को स्थगित रखने का फैसला किया है क्योंकि इस गेहूं की खरीदी में मिलर्स - प्रोसेसर्स ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे। जिसका प्रमुख कारण है टेंडर के भाव ऊंचे होना। जबकि मंडियों में टेंडर भाव से काफी नीचे दाम पर गेहूं की बिकवाली हो रही है। गौरतलब है कि एफसीआई ने 12 नवंबर को इसकी साप्ताहिक नीलामी प्रारंभ की थी जिसमें 2 लाख टन के ऑफर की तुलना में केवल 73 हजार टन या 36 प्रतिशत गेहूं की बिक्री हुई। इसे बाद इस नीलामी को साप्ताहिक से बढ़ाकर मासिक कर दिया गया। लेकिन परिणाम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। 26 नवंबर को आयोजित नीलामी में 2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया मगर बिक्री लगभग 80 हजार टन यानी 40 प्रतिशत तक ही सीमित रही। अगली नीलामी 10 दिसंबर को आयोजित होनी थी, लेकिन खाद्य निगम के एक अधिकारी ने कहा कि मिलर्स- प्रोसेसर्स के कमजोर रिस्पांस को देखते हुए इसे स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है।

**खास बातें**

- गेहूं की खरीदी में मिलर्स - प्रोसेसर्स ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे
- मंडियों में टेंडर भाव से काफी नीचे दाम पर गेहूं की बिकवाली हो रही



एफसीआई का गेहूं गोदाम

### केवल दो बार नीलामी का अवसर मिल पाया

आधिकारी जानकारी के अनुसार कुछ आंतरिक कारणों से भी नीलामी स्थगित की गई है। 12 नवंबर से अब तक खाद्य निगम को केवल दो बार नीलामी आयोजित करने का अवसर मिल पाया है और इसमें भी 4 लाख टन के कुछ ऑफर में से महज 1.50-1.55 लाख टन गेहूं बेचने में सफलता मिल सकी। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एवं ऑयल सीड्स एसोसिशन के प्रवक्ता और गेहूं व्यापारी संजीव जैन ने कहाकि आईटी, ओलाम, कारगिल जैसी करीब आधा दर्जन बड़ी कंपनियों के आलवा, स्टॉकिस्ट और मिलर्स के पास पुराने माल का स्टॉक है। वे खुद आने स्टॉक की बिकवाली में जुटे हुए है जिस कारण गेहूं के भाव समर्थन मूल्य से नीचे है।

### 10 दिसंबर की ओपन सेल नीलामी स्थगित हुई

मसलन एफसीआई को मजबूर होकर 10 दिसंबर की होने वाली ओपन सेल निलामी को स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि सरकारी गेहूं का न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) काफी ऊंचा है और इस पर परिवहन खर्च भी अलग से लगता है। दूसरी ओर थोक मंडियों में गेहूं का दाम घटकर काफी नीचे आ गया है। स्टॉक सीमा लागू होने से व्यापारियों, स्टॉकिस्टों को जल्दी-जल्दी अपना गेहूं उतारना पड़ रहा है। शानदार बिजाई होने तथा नए रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद रहने से बड़े-बड़े उत्पादक भी अपना स्टॉक खाली करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे मिलर्स-प्रोसेसर्स को खुली मंडियों से अपेक्षित मात्रा में गेहूं प्राप्त हो जाता है।

## व्यापारी संगठन बोले- स्थानीय व्यापार को होगी अपूरणीय क्षति

# व्यापारिक संगठनों ने किया अमेजन की 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा का विरोध

हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे निवेश पर तत्काल रोक लगाए

छोटे उद्यमियों के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाए, ताकि दिग्गजों का बाजार में एकाधिकार स्थापित न हो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि अमेजन द्वारा भारत में 35 अरब डॉलर के निवेश की हालिया घोषणा के बाद जहां एक ओर विदेशी कंपनियों के विस्तार की ओर संकेत करती है, वहीं दूसरी ओर यह भारतीय व्यापार जगत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि गहरी छूट, चुनिंदा विक्रेताओं को तरजीह और अन्य अनुचित तरीकों से भारतीय भारतीय खुदरा बाजार को प्रभावित कर रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। व्यापारी संगठनों का तर्क है कि अमेजन जैसी ई-कॉमर्स कंपनियां सरकार की एफडीआई नीतियों का खुलेआम उल्लंघन कर रही हैं, जो उन्हें एक मार्केटप्लेस के रूप में काम करने की अनुमति देती हैं, न कि सीधे खुदरा बिक्री करने की।

हरिभूमि चर्चा

### हर बार शुरुआत में व्यापार बढ़ाने की बात से होती है और फिर कंपनियां बाजार पर एकाधिकार स्थापित कर लेती हैं: सुनील जैन 501



मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 के अनुसार देश के सौ वर्षों के व्यापारिक इतिहास में विदेशी कंपनियों द्वारा बाजार में प्रवेश के बाद स्थानीय व्यापार को जो अपूरणीय क्षति हुई है, वह इतिहास के पन्नों में स्पष्ट रूप से दर्ज है। ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर आधुनिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक हर बार शुरुआत "व्यापार बढ़ाने" की बात से होती है और कुछ वर्षों में वही कंपनियां बाजार पर एकाधिकार स्थापित कर देती हैं। यही प्रक्रिया आज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से दोहराई जा रही है।

### सभी वर्गों पर बेरोजगारी की मार पड़ेगी: पाली

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि अमेजन का निवेश मुख्यतः टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन और बड़े वेयरहाउस सिस्टम में होगा, जिससे रोजगार कम और मशीनों पर निर्भरता अधिक होगी। छोटे दुकानदार, स्थानीय डिलीवरी नेटवर्क, गोदाम मजदूर, छोटे उत्पादक सभी वर्गों पर बेरोजगारी की मार पड़ेगी। ऐसे में इस फैसले को वापस लिया जाना चाहिए।



### छोटे व्यापारियों की परंपरा पर अंतिम कील साबित होगी अमेजन की यह घोषणा

इधर दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कहाकि हम अमेजन की इस घोषणा का पुरजोर विरोध करते हैं। हम स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हैं कि यह कदम भारतीय व्यापार शैली और छोटे व्यापारियों की परंपरा पर अंतिम कील साबित होगा। लाखों परिवारों की आजीविका इससे प्रभावित हो सकती है।

### लाखों छोटी दुकानों और पीढ़ियों से चल रहे व्यापार के सामने होगा अस्तित्व का संकट पैदा : अग्रवाल

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहाकि अमेजन जैसी कंपनियों की अपार पूंजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रणनीतियां, भारी डिस्काउंट और आक्रामक मार्केटिंग के सामने छोटा भारतीय दुकानदार टिक ही नहीं सकता। उसकी इन्वेंट्री सीमित है, किराया व खर्च ज्यादा हैं और डिस्काउंट देने की क्षमता नहीं के बराबर है। परिणामस्वरूप लाखों छोटी दुकानों, परंपरागत बाजारों और पीढ़ियों से चल रहे व्यापार के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। इतना ही नहीं, घरेलू उत्पादकों पर भी गहरा खतरा मंडरा रहा है। अमेजन अपने निजी प्राइवेट लेबल उत्पाद भारतीय उत्पादकों के मुकाबले सस्ते में उतार देता है, जिसके चलते छोटे उद्योग धीरे-धीरे समाप्त होते जाते हैं। इससे देश के उत्पादन तंत्र, श्रमिक वर्ग और पारंपरिक उद्योगों को गंभीर क्षति हो सकती है।



## बाजार में सप्लाई नहीं

# ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, भोपाल में भाव 192500 रुपए प्रति किलो हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया। इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का दाम 62.50 डॉलर प्रति औंस के अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेज उछाल के बाद अब घरेलू बाजारों में भी चांदी का दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के के करीब पहुंच गई है।

सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) ने कहाकि इस उछाल की वजह पिछले हफ्ते ग्लोबल लेवल पर आए आर्थिक आंकड़े रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने दिसंबर बैठक में महीनों बाद पहली बार ब्याज दरों में कटौती की, जिसके बाद डॉलर और बॉन्ड यील्ड में कमजोरी आ गई। वहीं दूसरी चांदी समेत दूसरी कीमती धातुओं में खरीदारी आई।

जानकारों के अनुसार निवेशकों की मांग सोना और चांदी जैसे दूसरे सुरक्षित निवेश विकल्पों की तरफ बढ़ी। इसका सीधा फायदा चांदी को मिला। राजधानी भोपाल के सराफा में गुरूवार को सोना प्रति दस ग्राम मय जीएसटी के 132500 रुपए के स्तर पर रहा तो तो वहीं चांदी मय जीएसटी के 192500 रुपए प्रतिकिलो बोली गई।

### जरूरत के हिसाब से सप्लाई नहीं, जितनी चांदी चाहिए उतनी नहीं मिल पा रही

दस नंबर मार्केट स्थित ज्वैलर्स आनंद सोनी के अनुसार देशभर में चांदी के दाम तेजी से ऊपर जा रहे हैं और इसके पीछे कई बड़ी वजहें हैं। चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है क्योंकि इसका इस्तेमाल गहनों के अलावा मोबाइल, बैटरी और सोलर पैनल जैसे जरूरी सामान बनाने में होता है,लेकिन इतनी ज्यादा जरूरत के हिसाब से बाजार में सप्लाई नहीं है यानी जितनी चांदी चाहिए उतनी मिल नहीं पा रही है। बाजार जानकारों के अनुसार सोने के वायदा भाव की शुरुआत गुरूवार को तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरबरी कॉन्ट्रैक्ट 454 रुपए की तेजी के साथ 1,30,250 रुपए के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 526 रुपए की तेजी के साथ 1,30,322 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। जबकि एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 1,173 रुपए की तेजी के साथ 1,89,908 रुपए पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 3,119 रुपए की तेजी के साथ 1,91,854 रुपए के भाव पर कारोबार किया और 1,92,529 रुपये के भाव पर उच्च स्तर छू लिया।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का समापन विजेता हुए पुरस्कृत



**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज आफ टेक्नोलॉजी ( एलएनसीटी) में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित , स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सॉफ्टवेयर एडिशन का समापन एलएनसीटी के चेयरमैन जेएन चौकसे, उमेश राठौड़, प्रतिनिधि , शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नवाचार सेल , अजय गंधे, एआईसीटीई - प्रतिनिधि, टीसीएस के सीनियर कंसल्टेंट प्रशांत राठी, विविध राज्यों से आए प्रतिभागी एवं उनके मेंटर, डॉ. वीके साहू, प्राचार्य, डॉ. अशोक कुमार राय, डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन और एसआईएच के निर्णायक मंडल, डॉ. अनूप चतुर्वेदी- स्पोक एसआईएच, डॉ. विवेक रिछारिया - स्पोक एलएनसीटी , हैकाथॉन क्लब , शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया, प्रत्येक विजेता टीम को एक लाख पचास हजार रुपए, प्रमाण पत्र और पुरस्कार मिलें। इस अवसर पर उमेश राठौड़ , शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि 36 घंटे में रिजल्ट आने के बाद भी सीखने की प्रक्रिया जारी रहेगी। जेएन चौकसे, चेयरमैन एलएनसीटी ने कहा कि सदैव अपने माता - पिता का स्मरण रखें, हमेशा कुछ नया करें , आपने सभी को मोटिवेट करते हुए हार न मानने और उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया।

### भ्रष्टाचार उन्मूलन के उद्देश्य से एनएचडीसी ने भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया



**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारक दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स में सत्यनिष्ठा क्लब के अंतर्गत सतर्कता विभाग, एनएचडीसी द्वारा युवा छात्र-छात्राओं के मध्य भ्रष्टाचार उन्मूलन के उद्देश्य से इस वर्ष के विषय "भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुटताः कल की ईमानदारी का निर्माण" पर तात्कालिक और भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की गई। प्रतिभागियों ने सत्यनिष्ठा, सतर्कता एवं देशभक्ति के विचारों को समाहित करते हुए बहुत सुन्दर तरीके से अपने वक्तव्यों से पूरे सभागार को ऊर्जान्वित कर दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर शिव कुमार गुप्ता, प्राचार्य, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल एवं विक्रम रावूरू, महाप्रबंधक ने कहाकि छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता अपनाने व दैनिक कार्यों को पारदर्शिता व ईमानदारी से करने का आव्हान किया।

### बैंक ऑफ इंडिया में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल जोन द्वारा सभी शाखाओं में 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बैंक के अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी योग्य एनपीए खाताधारकों को नोटिस जारी किए गए हैं। बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ऐसे सभी उधारकर्ताओं से आग्रह किया है, जिनके ऋण खाते अनियमित या अवरुद्ध श्रेणी में हैं, कि वे इस लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया ऋणों का निपटान कर लाभ उठाएँ। राष्ट्रीय लोक अदालत एक ऐसा मंच प्रदान करती है जहाँ परस्पर सहमति के आधार पर ऋण समझौता किया जा सकता है, जिससे उधारकर्ताओं को वित्तीय राहत एवं कानूनी जटिलताओं से मुक्ति का अवसर प्राप्त होता है।

### लॉर्ड्स मार्क को मिला एआई आधारित स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीन बनाने का लाइसेंस



**मुंबई।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने भारत के मेड-टेक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन से क्लास सी श्रेणी की विश्व की पहली एआई-आधारित स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीनें बनाने का लाइसेंस मिला है।लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा कि लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड - रेनालिक्स को अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सीई मार्किंग भी मिल गई है, जिससे यह डायलिसिस सिस्टम के लिए यह सर्टिफिकेशन पाने वाला दुनिया भर में सिर्फ छठा ब्रांड बन गया है।

### एनपीएसटी ने जुटाए टाटा म्यूचुअल फंड से 300 करोड़

**मुंबई।** नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने टाटा म्यूचुअल फंड द्वारा पूर्ण रूप से सब्सक्राइब की गई प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सफलतापूर्वक जुटाई है। कंपनी को 14,46,500 पूर्ण भुगतान की गई इक्विटी शेयरों के लिए, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपए है, एनएसई और बीएसई दोनों से लिस्टिंग अनुमोदन प्राप्त हो गया है। ये शेयर 2,074 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी किए गए थे, जिसमें 2,064 रुपए का प्रीमियम शामिल है। यह आवंटन विशेष रूप से टाटा म्यूचुअल फंड को किया गया, जिसे गैर-प्रवर्तक निवेशक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस इश्यू के बाद, एन पी एस टी में टाटा म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी बढ़कर 9.42 फीसदी हो जाएगी।

### एजेस फेडरल ने लांच की अपने ब्रांड की नई पहचान

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने ब्रांड की नई पहचान के लांच की घोषणा की। ब्रांड की यह नई पहचान, सही मायने में विश्व स्तर पर एजेस ग्रुप की 200 सालों की विरासत और फेडरल बैंक के सौ साल के भरोसे से प्रेरित है। ब्रांड की इस नई पहचान से बीमा को आसान बनाने, लोगों के साथ दिल से जुड़ाव को मजबूत करने और देश भर में वित्तीय सुरक्षा को सुलभ बनाने के कंपनी के लक्ष्य की झलक मिलती है। इस नए ब्रांड को एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जूड गोम्स ने ब्रांड एंबेसडर और क्रिकेट जगत के दिग्गज, सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी में लांच किया।

### नेटफ्लिक्स पर आज रिलीज होगी सिंगल पापा

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स के सिंगल पापा का ट्रेलर आने के बाद शहर में इसकी चर्चाएं गरम हैं। अब तक की सबसे बड़ी वाईल्ड कार्ड एंट्री है, इसमें मैनी का प्रवेश, जो है हमारा जाना-पहचाना, परबत सिंह या दया। 12 दिसंबर को रिलीज हो रहे सिंगल पापा में दया गौरव गहलोत के गोद लिए हुए बेटे, अमूल के मेल नैनी के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। दया का शॉर्ट, जिसमें वो कहते हैं कि हम पेलने का नहीं, पालने का कार्य करते हैं ने इंटरनेट पर सनसनी फैला दी है।

### फोनपे वेल्थ ने लांच की डेली एसआईपी सुविधा

**मुंबई।** फोनपे वेल्थ ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड ने म्यूचुअल फंड्स में अपनी डेली एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) सुविधा को लांच करने की घोषणा की है, जिससे यूजर्स अब सीधे फोनपे एप के माध्यम से प्रतिदिन मात्र 10 जैसी छोटी राशि से भी निवेश कर सकेंगें। यह संभावित निवेशकों को अपनी डेली सेविंग्स को आसानी से निवेश में बदलने और ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को समय के साथ संपत्ति बनाने में सक्षम बनाएगी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया के अनुसार मंथली एसआईपी इनफ्लो अक्टूबर 2025 में 29,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया।

## सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए

# वी बिजनेस ने किया आईओटी पोर्टफोलियो का विस्तार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज शाखा और भारत के अग्रणी आईओटी समाधान प्रदाता वी बिजनेस ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए स्मार्ट गैस मीटरिंग समाधानों के साथ अपने अडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की है। वी बिजनेस अब देश के तेजी से विकसित होते सीजीडी सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी आईओटी एवं एएमआई क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। यह युटिलिटी ढांचे को आधुनिक बनाने, संचालन के मानकों को बेहतर बनाने तथा ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में डिजिटल मीटर के अडॉप्शन को बढ़ाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को समर्थन देने की वी की प्रतिबद्धता को सशक्त बनाता है। वी बिजनेस का स्मार्ट गैस मीटरिंग समाधान नैरोबैंड-आईओटी टेक्नोलॉजी और सशक्त कम्युनिकेशन नेटवर्क्स का उपयोग करता है,अरविंद नेवातिया, चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वी ने कहाकि डिजिटल मीटरिंग- युटिलिटीज़ के संचालन के तरीके को बदल रही है।



**NeML** NCDEX Group Company

**NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED**

Address: HALL NO. 5 & 6, 2ND FLOOR, DWARIKA PARISAR, ARVIND VIHAR, BAGHMUGHALIYA, BHOPAL-462043 (MP).
Tel: 0755-4030503

**SALE OF PSS MOONG-SUMMER-25**

NAFED MADHYA PRADESH is commencing the sale of PSS MOONG S-25 procured under the Price Support Scheme (PSS) from 12th December 2025 onwards through NCDEX e-Markets Ltd (NeML). Interested buyers may visit the website: www.neml.in for details of quantity, and location.

Contact No - 9589015015, 7987032065, NeML

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक/ गति शक्ति / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक 05/01/2026 को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोली जायेगी। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता/ गति शक्ति/ पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है, तो भी वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **(1) निविदा सूचना संख्या:** CPM-GSU-BPL-T-15-2025, **दिनांक:** 09.12.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल डिवीजन की गति शक्ति यूनिट में बीना यार्ड के पुनर्निर्माण कार्य के संबंध में बीना यार्ड में रेल की एटी वेल्डिंग की आपूर्ति और निष्पादन। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹ 69,40,390.43/- **निविदा की बयाना राशि:** ₹ 1,38,800/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निल **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 05.01.2026.

**उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति), प.म.रे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**लोक अभियोजन संचालनालय मध्यप्रदेश भदभदा रोड भोपाल पिनकोड-462003**

**कार्यालय का दूरभाषनं. 2771806** E-mail-ppofficebho@mp.gov.in

क्रमांक-लोक.अभि. संचा. / स्टोर/2258/2025 — भोपाल, दिनांक 02/12/2025

**// निविदा-प्रपत्र सूचना //**

- :: लेखन सामग्री (स्टेशनरी) एवं अन्य ओसीसी सामग्री प्रदाय संबंधी निविदा शीट :-

| विविरण | तिथि एवं समय |
|---|---|
| जारीकर्ता | संचालक, लोक अभियोजन म.प्र. भोपाल |
| निविदा डाक्यूमेंट की उपलब्धता | https://mptenders.gov.in निविदा प्रपत्र में होने वाले परिवर्तन एवं आवश्यक सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 2,000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) | 30,000/- |
| धरोहर राशि का प्रस्तुतीकरण | संचालक लोक अभियोजन म.प्र. भोपाल के नाम से आनलाइन |
| निविदा ऑनलाइन जमा करने प्रारंभ तिथि | दिनांक 08.12.25 समय सुबह 10:00 से |
| निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.12.25 समय शाम 05:00 तक |
| निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक 02.01.26 समय दोपहर 12:00<br>वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक 08.01.26 समय दोपहर 03:00 |
| निविदा खोलने का स्थान | लोक अभियोजन संचालनालय भद्भदा रोड भोपाल 462003 |

नोट- 1 . सम्पर्क अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद कुमरे, प्र. संयुक्त संचालक, मो. 7587603612
2. निविदा प्रपत्र शुल्क/निविदा प्रपत्र ऑनलाइन (http:mptenders.gov.in) के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है।
3. लोक अभियोजन संचालनालय की बेबसाइट eprosecution.mp.gov.in से निविदा से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

(आर.पी. कुमरे)
प्र. संयुक्त -संचालक
लोक अभियोजन भोपाल

जी - 22589/25 — स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# यात्रियों की सुरक्षा-विश्वास को भी प्राथमिकता दें एयरलाइंस

इंडिगो एयरलाइंस पर स्टाफ की कमी से आया परिचालन संकट एक सबक है। सरकार के लिए भी और एयरलाइंस के लिए भी। पिछले आठ दिनों में करीब 4,800 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं। इसके कारण आसमान में उड़ने के लिए किराया भी आसमान छू रहा है। इस दौरान 5-6 हजार की जगह 35-40 हजार रुपये किराया वसूला गया। इस पर न किसी की बंदिश थी और न ही लगाम। हालांकि सरकार के आदेश के बाद इंडिगो ने पिछले 5-6 दिनों में करीब 600 करोड़ रिफंड भी किए, लेकिन यहां सवाल रिफंड का नहीं, यात्रियों का जो नुकसान हुआ उसका है, उनकी सुरक्षा और विश्वास का है। एक एयरलाइंस की लापरवाही के कारण लाखों लोगों को जो परेशानी झेलनी पड़ी, उसकी भरपाई कौन करेगा। इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हुआ। सवाल यह भी है कि जब इंडिगो की फ्लाइटें बंद थीं, तो अन्य एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाते हुए टिकटों के दाम क्यों बढ़ा दिए? ऐसे में दूसरी एयरलाइंस द्वारा दाम बढ़ाए जाने को कैसे जायज ठहराया जा सकता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इंडिगो के चल रहे संकट को लेकर केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की खिंचाई की और उड़ानें रद्द और देरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीर संकट बताते हुए सवाल उठाए। आखिर हालात इस कदर कैसे बिगड़ गए? कोर्ट ने भी निर्देश दिया है कि यात्रियों को तुरंत मुआवजा देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। दूसरी तरफ, इंडिगो ने कहा कि वह उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। 3-5 दिसंबर के बीच ज्यादा परेशान हुए यात्रियों को 10,000 रुपये का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। इसे अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। दूसरी तरफ, हाल ही में आए एक सर्वे पॉपुलर कम्युनिटी प्लेटफॉर्म (लोकलसर्कल) के अनुसार इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, अकासा एयर जैसी 8 प्रमुख एयरलाइंस पिछले 12 महीनों में यात्रियों के साथ धोखाधड़ी में शामिल मिली हैं। 1.24 लाख से ज्यादा यात्रियों के डेटा से यह खुलासा हुआ है कि इन एयरलाइंस ने टिकट बुकिंग से लेकर कैंसिलेशन तक में कई तरह के अनैतिक तरीके अपनाए और यात्रियों के विश्वास का हनन किया है। सर्वे के अनुसार ड्रिप प्राइसिंग (छुपी हुई फीस), बैट एंड स्विच (वादा करके बदलना), फोर्स्ड एक्शन (जबरदस्ती) और कन्फर्म शेमिंग के नाम पर यात्रियों के साथ धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 70% यात्रियों ने पिछले एक साल में इस तरह की धोखाधड़ी महसूस की। सर्वे में यात्रियों ने बताया कि कैसे उन्हें एयरलाइंस की वेबसाइट या एप पर गलत जानकारी दी गई, जिससे वे मजबूरन ज्यादा पैसे खर्च करने पर मजबूर हुए। बता दें कि केंद्र ने 2023 में यात्रियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी (डार्क पैटर्न्स) पर दिशा-निर्देश जारी किए थे। हालांकि इसके बाद भी ज्यादातर एयरलाइंस पर उसका कोई खास असर नहीं पड़ा। ग्राहक अभी भी इससे परेशान हैं और सोशल मीडिया पर अक्सर शिकायतें करते देखे जा सकते हैं। ऐसी घटनाएं दर्शाती हैं कि देश में यात्री सुरक्षा और पारदर्शिता की कमी है। एयरलाइंस को सिर्फ मुनाफे को नहीं, बल्कि यात्रियों के विश्वास व सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी होगी। सरकार को तुरंत जांच करनी चाहिए और दोषी एयरलाइंस पर जुर्माना लगाना चाहिए। भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए डीजीसीए, सरकार और एयरलाइंस की जवाबदेही तय होनी चाहिए।



## आर्थिकी
सतीश सिंह

# रुपया कमजोर होने का असर सीमित

**अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 दिसंबर को पहली बार 90 रुपये के स्तर को पार कर गया, जबकि 2 दिसंबर को रुपया 89.95 के स्तर को पार कर गया था। रुपया इस साल की शुरुआत से अब तक 5 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है और यह इस अवधि में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा रही है। उल्लेखनीय है कि रुपये के 80 रुपये से 90 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंचने में महज 773 कारोबारी दिन लगे। इस बीच, डॉलर इंडेक्स, जो 6 करेंसियों के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.13 प्रतिशत गिरकर 99.22 के स्तर पर आ गया और देसी बाजार में 3 दिसंबर को लगातार चौथे दिन इसमें गिरावट दर्ज की गई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 दिसंबर को पहली बार 90 रुपये के स्तर को पार कर गया, जबकि 2 दिसंबर को रुपया 89.95 के स्तर को पार कर गया था। रुपया इस साल की शुरुआत से अब तक 5 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है और यह इस अवधि में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा रही है। उल्लेखनीय है कि रुपये के 80 रुपये से 90 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंचने में महज 773 कारोबारी दिन लगे। इस बीच, डॉलर इंडेक्स, जो 6 करेंसियों के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.13 प्रतिशत गिरकर 99.22 के स्तर पर आ गया और देसी बाजार में 3 दिसंबर को लगातार चौथे दिन इसमें गिरावट दर्ज की गई। रुपये के कमजोर होने से 3 दिसंबर को कारोबार के दौरान सेंसेक्स 375 अंक तक फिसल गया था, लेकिन अंत में 31.5 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,107 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 46 अंक यानी 0.2 प्रतिशत गिरकर 25,986 पर बंद हुआ।

इतना ही नहीं,16 प्रमुख क्षेत्रीय सूचकांकों में से 11 में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 और निफ्टी मिडकैप 100 क्रमशः 0.7 प्रतिशत और 1 प्रतिशत टूटे। निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक में सबसे ज्यादा 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो 7 महीनों में सबसे ज्यादा है। मौजूदा प्रतिकूल परिस्थिति के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भुगतान संतुलन 10.90 अरब डॉलर नकारात्मक हो गया, जबकि वह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 18.6 अरब डॉलर सकारात्मक था। व्यापार घाटा भी बढ़ा है और यह भी अंदेशा है कि चालू खाते का घाटा भी चालू वित्त वर्ष में बढ़ेगा। बहरहाल, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी से बाजार और लोगों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। अमेरिका के साथ कारोबारी करार पर अनिश्चितता के कारण भी बेहतर प्रतिफल की आस में विदेशी निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक मौजूदा स्थिति से बहुत ज्यादा चिंतित नहीं है और उसे लग रहा है जल्द ही स्थिति काबू में आ जाएगी। इसलिए, उसने शुरुआती दौर में रुपये की मजबूती के लिए कोई पहल नहीं की, लेकिन बाद में भारतीय रिजर्व बैंक ने सुधारात्मक कार्रवाई की और इसके तहत राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 2 दिसंबर को डॉलर की भारी खरीद की, जिससे रूपये में थोड़ी मजबूती आई।

रुपये के लगातार कमजोर होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने (आईएमएफ़) ने हाल में भारत के विनिमय दर व्यवस्था को स्थिर से क्रॉल-जैसी व्यवस्था की श्रेणी में डाल दिया है, जो गलत है, क्योंकि भारत निर्यात से ज्यादा आयात करता है, इसलिए, आयात और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में हमेशा डॉलर की मांग बनी रहती है और कई बार इसके कारण रुपया कमजोर होता है, लेकिन जल्द ही वह फिर से मजबूत हो जाता है। लिहाजा,मौजूदा परिवेश में भी रिजर्व बैंक चिंतित नहीं है।

दूसरी तरफ, रिजर्व बैंक के पास 21 नवंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर था, जो लगभग 11 महीने के आयात बिल की भरपाई करने के लिए पर्याप्त है। रिजर्व बैंक के आकलन के अनुसार रुपया खुद से मजबूत हो जाएगी। यह मुमकिन भी है, क्योंकि रुपये के कमजोर होने के कारण तात्कालिक हैं



और लंबी अवधि तक ये टिकने वाले नहीं हैं। गौरतलब है कि कमजोर रुपया भारतीय निर्यातकों की मदद भी करता है, क्योंकि उन्हें बेचे गए उत्पादों की कीमत डॉलर में मिलती है। हालांकि, अमेरिकी शुल्क से जो नुकसान हो रहा है, उसकी पूरी तरह भरपाई रुपये के अवमूल्यन से नहीं हो सकती है। फिर भी, इससे भारतीय निर्यातकों को नए बाजार का विकल्प तलाशने में कुछ मदद जरुर मिलेगी। पुनश्चः रुपया दूसरी मुद्राओं की तुलना में जरूर गिरा है, लेकिन कोरोना महामारी के बाद से यह चीन की मुद्रा युआन के मुकाबले काफी मजबूत हुआ है। इसके कारण चीन से आयात करना वर्तमान में सस्ता हो गया है। इससे चीन से आयात की जाने वाली बहुत सारी जरूरतें आसानी और सस्ती दरों में पूरी की जा सकती है।

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाये गए 50 प्रतिशत टैरिफ को ख़त्म करने के लिए द्विपक्षीय वार्ता चल रही है और उम्मीद है कि जल्द ही मामले में सकारात्क परिणाम निकलेंगे, क्योंकि धीरे-धीरे ट्रंप का रुख नरम पड़ रहा है। इसलिए, माना जा रहा है कि टैरिफ विवाद के ख़त्म होते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक फिर से भारत में पहले की तरह निवेश करना शुरू कर देंगे। गौरतलब है कि विदेशी निवेशकों ने 2025 में अभी तक 15 अरब डॉलर की निकासी कर चुके हैं। नवंबर महीने में निर्माण क्षेत्र में धीमी वृद्धि दर्ज हुई। एचएसबीसी मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 56.6 के स्तर पर रही, जो अक्टूबर के 59. 2 से कम है। यह पिछले 9 महीनों में सबसे धीमी सुधार की स्थिति दर्शाता है। नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि बनी रही, लेकिन यह भी पिछले 9 महीनों में सबसे कम रही, लेकिन रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो दर में हालिया कटौती करने से कर्ज और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बढ़ने की संभावना है। दरअसल,कर्ज के सस्ता होने से रियल एस्टेट, कोर्पोरेट्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के कारोबार में इजाफा होने की संभावना है। इससे और रुपये के कमजोर रहने से निर्यात को भी बल मिल सकता है। इधर,नवंबर महीने में सेवा क्षेत्र में तेजी की स्थिति बनी रही। एचएसबीसीइंडिया सर्विसेज पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के अनुसार, सेवा से संबंधित कारोबारी गतिविधियां अक्टूबर में थोड़ी धीमी होने के बाद नवंबर में तेजी से बढ़ी। इस महीने पीएमआई 59.8 रहा, जो अक्टूबर में 58.9 रहा था। इन आंकड़ों से पता चलत्ता कि उत्पादन में उछाल आ रहा है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर आर्थिक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का स्तर कारोबारी संकुचन की तरफ इशारा करता है, जबकि 50 का स्तर बताता है कि उत्पादन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

मामले में बार्कलेज के विदेशी मुद्रा रणनीतिकारों का कहना है कि 2026 में रुपया कमजोर होकर 94 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है, लेकिन इस अनुमान में अतिश्योक्ति प्रतीत हो रहा है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है। अस्तु, रुपये के कमजोर होने से बहुत ज्यादा दबाव में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके कारण तात्कालिक हैं, जो जल्द ही ख़त्म होने वाले हैं। इसके साथ, स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व बैंक के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार उपलब्ध है और बीते महीनों से भारतीय रुपया चीन की मुद्रा युआन के मुकाबले बहुत ज्यादा मजबूत हुआ है, जिससे भारतीय कारोबारियों के लिए चीन से कारोबार करना आसान हुआ है। ऐसे में, रुपये में आ रही गिरावट से बहुत ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। संक्षेप में, गिरावट के असर हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था में मजबूती के भी संकेत हैं और सरकार व आरबीआई के पास इसे संभालने के उपाय हैं, इसलिए घबराने की बजाय समझदारी से काम लेना चाहिए

( लेखक एसबीआई मुंबई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
राजेंद्र बज



# रुकना चाहिए आत्महत्या का चिंताजनक सिलसिला

भागम-भाग की इस जीवन शैली में अलग-अलग कारणों के चलते मानसिक संताप से त्रस्त होकर आत्महत्या करने के मामले बहुतायत में देखें और सुने जा रहे हैं। समस्या कैसी भी हो, इतनी बड़ी नहीं हो सकती कि देव दुर्लभ माने जाने वाले मनुष्य भव का अस्तित्व दांव पर लगा दिया जाए। कानूनी रूप से ही नहीं, अपितु धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी आत्महत्या को अपराध की श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह अलग बात है कि इसमें सफल होने पर दोष सिद्धि के कोई मायने ही नहीं रह जाते, लेकिन जाने वाला अपने परिजन पर अपने जाने के बाद जो जिम्मेदारियां छोड़ जाता है, उसका बोझ परिजनों को ही उठाना होता है। दरअसल, हमें उन कारणों को चिन्हित करना होगा, जिसके चलते सामान्य व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हो जाया करता है। आत्महत्या के कारण के मूल में आर्थिक तंगी, पारिवारिक कलह, गंभीर बीमारी और प्रेम प्रसंग को प्रमुख रूप से रेखांकित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कानूनी प्रावधान के साथ-साथ सामाजिक चेतना को और अधिक जागृत करने की दिशा में गंभीर कदम उठाने की नितांत आवश्यकता है। ऐसे विधि सम्मत प्रावधान होने चाहिए कि कोई भी कर्जदार व्यक्ति कर्जदाता के खौफ में रहकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम न उठाए। हालांकि इस संबंध में वैधानिक प्रावधान तो अवश्य है, लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव में पीड़ित पक्ष इसकी शरण नहीं ले पाता। व्यवहार में देखा गया है कि आवश्यकता होने पर ऊंची से ऊंची ब्याज दर का भुगतान करने की शर्त के आधार पर कहीं और, और अधिक लाभ की प्रत्याशा में बाजार से पैसा उठा लिया जाता है। ऐसे में व्यापारिक उतार-चढ़ाव के चलते लाभ हो न हो, लेकिन भारी-भरकम ब्याज चुकाने की जिम्मेदारी आयद हो जाती है। इसके चलते हताशा इस कदर हो जाती है कि व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हो जाता है। इस संदर्भ में बाजार में प्रचलित ब्याज दर पर नियंत्रण की अत्यंत आवश्यकता है। जहां तक घर-परिवार के संचालन में आर्थिक तंगी का सवाल है, तो शासन स्तर पर व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु अतिरिक्त प्रावधान भी किए जाने चाहिए।

हालांकि जीवन की अधिकांश अनिवार्य आवश्यकताओं की आपूर्ति करने की दिशा में केंद्र तथा राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इसके बावजूद बिना किसी औपचारिकता को पूर्ण किए, ऐसी व्यवस्था का लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाता। यह बात जरूर है कि वर्तमान दौर में अनिवार्य आवश्यकताओं में नाना प्रकार की आवश्यकताओं का विस्तार हो गया है। लेकिन जीवनरक्षक आवश्यकताओं की पूर्ति तो की ही जा सकती है। मालवा में ऐसा माना जाता है कि जहां चार बर्तन होते हैं, वहां बजने की संभावना बलवती होती है। बहुत स्वाभाविक है कि परिवार में सदस्य विशेष के कार्य या व्यवहार से अन्य सदस्यों को इतनी तकलीफ होने लगे कि बात तकरार पर आ जाए। आए दिन परिवार में कलह होने लगे। ऐसी स्थिति में हो सकता है कि अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान को दांव पर लगा देखकर कोई सदस्य आक्रोश या घोर हताशा के चलते आत्महत्या जैसा कदम उठा लें। ऐसी स्थिति में पास-पड़ोसियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस संदर्भ में बेहतर हो यदि हर कोई अपने पास-पड़ोस में होती कलह के कारणों को दूर करने का स्वतः संज्ञान लेवे।

आत्महत्या के अन्य कारणों में गंभीर बीमारी और प्रेम-प्रसंग को लिया जा सकता है। ये कारण दरअसल इतने व्यक्तिगत होते हैं कि अनेक बार परिजनों को भी इसकी भनक नहीं लग पाती। ऐसे में यह जिम्मेदारी भी परिवार के सदस्यों पर छोड़ी जा सकती है कि किसी सदस्य विशेष के आचार-विचार और व्यवहार में यदि असामान्य परिवर्तन दिखाई दे, तो समय रहते ऐसे परिवर्तन के कारणों को चिन्हित करते हुए उसके निदान की समुचित व्यवस्था बनाए। कुल मिलाकर हर एक दूसरों के प्रति जिम्मेदार बनने की कोशिश करें, तभी आत्महत्या के दौर को नियंत्रित किया जा सकेगा। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार मनोविज्ञान के क्षेत्र में, विशेषज्ञ आत्महत्या की समस्या से निपटने के लिए अपनी विशिष्ट क्षमताओं का उपयोग कर रहे हैं। मौलिक वैज्ञानिक आत्महत्या के विचारों और व्यवहार से जुड़े मस्तिष्क परिवर्तनों और जोखिम कारकों का अध्ययन कर रहे हैं। व्यावहारिक वैज्ञानिक जोखिम में पड़े लोगों की पहचान करने के नए तरीके खोज रहे हैं। नैदानिक शोधकर्ता नए उपचारात्मक उपायों का परीक्षण कर रहे हैं, और जमीनी स्तर पर कार्यरत चिकित्सक संघर्षरत लोगों तक उपचार पहुंचाने में मदद कर रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य के प्रति जागने में है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
## दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।


# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचा सकते हैं, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- पंकज साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### पूर्व राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उनकी संविधान की गहरी समझ ने सार्वजनिक पदों पर उनके कार्यकाल को परिभाषित किया। उनका जीवन और कार्य हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### खण्डित आज़ादी

वर्ष- 1937 में मुस्लिम लीग ने 'वन्दे मातरम् ' का विरोध किया जिसको कांग्रेस ने स्वीकार किया था। वर्ष- 1947 में कांग्रेस ने भारत को खण्डित आज़ादी दिलाई थी, इसी तरह 'वन्दे मातरम' के शुरुआत के दो अंतरे लेकर उसे भी खण्डित किया था।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**



### असमान अर्थव्यवस्था

अरबबपति मित्रों को बांटों देश की संपत्ति, गरीबों पर भाजपाई लूट की रोज़ाना विपत्ति ! मोदी सरकार ने भारत को दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्था बना दिया है। भारत में 10% सबसे अमीर लोगों के पास देश की 58% संपत्ति है, और निचले स्तर पर गरीब 50% लोगों के पास केवल 15% हिस्सा।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**



### एआई कंटेंट की क्रांति

अधिकतर लोग यह मान चुके हैं कि एआई कंटेंट बाजार में क्रांति ला रहा है, लेकिन वे यह नहीं मान रहे हैं कि यह नए आईपी (बौद्धिक संपदा) के निर्माण और प्रसार की लागत को भी काफी कम कर रहा है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**



## करंट अफेयर


# हत्या-आत्महत्या घटना में चैटजीपीटी पर मुकदमा

अमेरिका में कनेक्टिकट की 83 वर्षीय महिला के परिवार ने चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई और उसके व्यापारिक साझेदार माइक्रोसॉफ्ट पर मुकदमा कर आरोप लगाया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले चैटबॉट ने उनके बेटे के 'भ्रम' को और बढ़ा दिया तथा अपनी मां की हत्या करने के लिए उकसाया। पुलिस ने बताया कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले पूर्व कर्मचारी 56 वर्षीय स्टीन-एरिक सोएलबर्ग ने अगस्त की शुरुआत में कनेक्टिकट में स्थित घर में अपनी मां सुजैन एडम्स की पीट-पीटकर और गला घोंटकर हत्या कर दी। मां-बेटे इसी घर में रहते थे। एडम्स के परिवार द्वारा बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को में स्थित अदालत में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ओपनएआई ने 'एक दोषपूर्ण उत्पाद डिजाइन व वितरित किया जिसने एक उपयोगकर्ता के अपनी मां के बारे में मनगढ़ंत भ्रमों को सही साबित कर दिया।' देश भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट निर्माताओं के खिलाफ मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। मुकदमे में कहा गया है, 'इन सभी बातचीत के दौरान, चैटजीपीटी ने एक ही खतरनाक संदेश को दोहराया कि स्टीन-एरिक को अपने जीवन में किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए, सिवाय चैटजीपीटी के।'




## ऑफ बीट

# बोतलबंद पानी पीने के मिले अनदेखे स्वास्थ्य जोखिम



पानी के प्रति बढ़ते अविश्वास के कारण बोतलबंद जल का सेवन दुनियाभर में एक आदत बन गयी है। यहां तक कि उन देशों में भी ऐसा हो रहा है जहां सार्वजनिक जलापूर्ति की बहुत गहराई से जांच की जाती है। बाजार ने बोतलबंद पानी को शुद्ध, स्वस्थ और अधिक सुविधाजनक उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया है, लेकिन वैज्ञानिक प्रमाण एक अलग कहानी बताते हैं। शुद्धता के एहसास को केंद्र में रखकर बोतलबंद पानी के सेवन की अपील की जाती है, फिर भी शोध यह दिखाते हैं कि इससे अक्सर स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए जोखिम खड़े होते हैं। इस साल एक शोध में पता चला कि बोतलबंद पानी उतना सुरक्षित नहीं हो सकता जितना कई लोग मानते हैं। दोबारा भरने करने योग्य जग और प्लास्टिक की बोतलों में बेचे जाने वाले पानी पर किए गए परीक्षणों के दौरान बैक्टीरिया संदूषण का स्तर उच्च पाया गया। अधिकांश विकसित देशों में, नल के पानी को बोतलबंद पानी की तुलना में कड़े कानूनी और परीक्षण मानकों के तहत परखा जाता है। रोजाना सार्वजनिक जलापूर्ति में बैक्टीरिया, भारी धातुओं और कीटनाशकों की जांच की जाती है। ब्रिटेन में, पेयजल परीक्षण के परिणामों को खुले रूप से प्रकाशित किया जाता है।

## अपने विचार
### हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

संसद में 9वें दिन राज्यसभा में चुनाव सुधार और वंदे मातरम पर बहस, नड्डा बोले

# तत्कालीन सरकार ने राष्ट्रगीत को नहीं दिया उचित सम्मान, इसका अपमान किया गया, नेहरू ने इसकी पृष्ठभूमि को मुस्लिम समुदाय के लिए बताया था असहज

नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस अवसरवादी रही है। देश की सबसे पुरानी पार्टी अपनी जिम्मेदारी से भी बच रही है।




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'वंदे मातरम के 150 साल' पर हुई चर्चा का जवाब दिया। नड्डा ने चर्चा का जवाब देने के दौरान कहा कि स्वतंत्रता के बाद वंदे मातरम को उचित सम्मान नहीं मिला और इसके लिए तत्कालीन सरकार जिम्मेदार है। नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस अवसरवादी रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी नेता, विशेषकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की छवि खराब करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों को ठीक तरह से रखना है। राष्ट्रगीत को सम्मान न मिलने के लिए उस समय की सरकार जिम्मेदार थी। कांग्रेस अनुकूल परिस्थितियों में नेहरू युग का श्रेय लेती है, लेकिन प्रतिकूल स्थितियों में जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वंदे मातरम का अपमान करने पर किसी दंड का प्रावधान नहीं है। इसका सम्मान होना चाहिए। इसके बाद चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत हुई।

## सरकार का उद्देश्य किसी की छवि खराब करना नहीं

वंदे मातरम के 150 साल पर चर्चा का जवाब दिया

कहां गया नेहरू युग जिम्मेदारी लेने से क्यों बच रहे?


राज्यसभा में जोपी नड्डा ने चर्चा का किया समापन

### प्रस्ताव में पहले दो अंतरे गाने का किया जिक्र फिर कुछ भी गाएं

नड्डा ने वंदे मातरम को केवल दो अंतरों तक सीमित करने से संबंधित प्रस्ताव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में कहा गया था कि राष्ट्रीय आयोजनों में वंदे मातरम के सिर्फ पहले दो अंतरे ही गाए जाएं और आयोजकों को यह स्वतंत्रता हो कि वे वंदे मातरम के अलावा किसी अन्य आपत्तिहीन गीत को, चाहें उसके साथ या उसकी जगह, गाने का निर्णय स्वयं लें।

### जिन्ना ने इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित किया, नेहरू ने नहीं किया विरोध

नड्डा ने बताया कि संविधान सभा के तीन वर्ष के कार्यकाल में कुल 167 कार्य दिवस हुए, लेकिन राष्ट्रीय गान पर औपचारिक रूप से नौ मिनट से भी कम समय दिया गया। अनेक सदस्यों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद इस विषय पर विस्तृत चर्चा की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर 1937 को मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ सत्र में वंदे मातरम के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। नेहरू ने विरोध करने के बजाय वंदे मातरम को लेकर जांच शुरू करवाई और 20 अक्टूबर को सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखकर स्वीकार किया कि वंदे मातरम की पृष्ठभूमि मुस्लिम समुदाय को असहज कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी बोले



### एथेनॉल ब्लेंडिंग से पुरानी गाड़ियों पर कोई असर नहीं

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरदीप सिंह पुरी ने देश में पेट्रोल-डीजल की खपत और एथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर बताया कि यह बदलाव न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छा है। किसानों और आम जनता की जेब के लिए भी फायदेमंद है।

स्पीकर बिरला ने कहा

### आप संक्षिप्त सवाल करें मंत्रियों से भी अपील की



स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल में संक्षिप्त सवाल करने की अपील करते हुए कहा, एक घंटे के प्रश्नकाल में 20 सवाल होते हैं। उनका प्रयास होता है कि जिन लोगों ने कभी सवाल नहीं किए उन्हें मौका दिया जाए। मंत्रियों से सदन की अपेक्षा को लेकर स्पीकर ने कहा कि जवाब संक्षेप में दिया जाना चाहिए, ताकि अधिकांश सवालों को समाहित किया जा सके।

नेताओं ने भी बात रखी

### शाह के भाषण से नेहरू परिवार हिल गयाः गिरिराज



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की रणनीति है कि वे आते हैं और चले जाते हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बोलने पर वे उठकर चले जाते हैं। उनमें सच सुनने की हिम्मत नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से पूरा नेहरू परिवार हिल गया।

## संसद में शाह बहुत नर्वस थेः राहुल

नेता प्रतिपक्ष का दावा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत 'नर्वस' नजर आए तथा उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि गृहमंत्री शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं।



### वंदे मातरम की वर्षगांठ पर चर्चा या नेहरू पर?



मल्लिकार्जुन खरगे ने नड्डा को बीच में टोका और कहा कि आपके नेता ने इसे खुद स्वीकार किया था। आपके नेता उस समय की सरकार में शामिल थे। जिन चीजों में आपकी सहभागिता थी, आपके अध्यक्ष भी उसमें शामिल थे। उसी बात को आप यहां नकार रहे हैं। खरगे ने यह भी कहा कि यह बहस वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हो रही है या जवाहरलाल नेहरू पर?

### एसआईआर को लेकर जल्दबाजी क्यों? चंद्रशेखर



आज़ाद समाज पार्टी (कांशी राम) के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि चुनावों के दौरान खर्च की जा रही धनराशि का मतलब है कि उसके बाद किसी गरीब का बेटा कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा। मतदान का अधिकार हमारी शक्ति है और इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है।

### ईसी को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है?



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर चुनाव आयोग को वाकई चिंता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि विपक्ष ने आयोग पर से अपना भरोसा क्यों खो दिया है? दूसरा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है? यह पूरी तरह से अवैध प्रक्रिया है।

## खबर संक्षेप

### रायबरेली में रेल कोच रेस्टोरेंट में लगी आग



**रायबरेली।** बछरावां में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सरेल कोच रेस्टोरेंट में गुरुवार सुबह 9 बजे आग लग गई। यह करीब डेढ़ घंटे तक धू-धूकर जलता रहा। लोगों और दुकानदारों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पाया जा सका। जब तक दमकल पहुंचा, कई हिस्सा खाक हो चुका था।

### बिना अनुमति खान की तस्वीरों का इस्तेमाल बैन



**नई दिल्ली।** डिजिटल दौर में अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अभिनेता सलमान खान ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की व्यापक कानूनी सुरक्षा की मांग की है। सुनवाई जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने की।

### हनुमानगढ़ में बवाल से 30 परिवारों ने घर छोड़ा



**हनुमानगढ़।** जिले में गुरुवार का दिन भी तनावपूर्ण बना रहा। यहां किसानों और विपक्षी नेताओं ने चेतावनी दी कि निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्टरी के खिलाफ उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। हालात ये हैं कि फैक्टरी के पास रहने वाले 30 परिवार डर की वजह से अपने घर छोड़कर जा चुके हैं।

### पंजाब में पुजारी के बेटे की कोर्ट परिसर में हत्या



**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में एक मंदिर के पुजारी के बेटे की हत्या कर दी गई। हत्या अबोहर के अदालत परिसर में हुई। मरने वाले का नाम गोलू पंडित था और वह अबोहर के जोड़ी मंदिर के पुजारी अवनीश पंडित के बेटे थे। गोलीबारी की यह घटना गुरुवार सुबह 10:30 बजे हुई और इससे घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

अनुराग ने लोकसभा में ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया

# पूरे देश में इस पर प्रतिबंध के बावजूद टीएमसी सांसद ने सदन के नियमों का उल्लंघन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश से निर्वाचित लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। अनुराग ने स्पीकर ओम बिरला से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की। इस पर स्पीकर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी तरह के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदन के नियमों के अनुसार समुचित जांच कराई जाएगी। अनुराग ने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन संसद में तृणमूल कांग्रेस सांसद ई-सिगरेट पी रहे हैं। उनकी इस बात को गंभीरता से लेते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि संसदीय नियमावली के तहत इस घटना की जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि संसद की मर्यादा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्पीकर से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की

**बिरला ने समुचित जांच कराने की बात कही**


लोकसभा में अपनी बात रखते अनुराग ठाकुर

*स्पीकर से व्यवस्था पर की अपील*

अनुराग ने दोपहर करीब 11.27 बजे प्रश्न पूछा। उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के मंत्री सीआर पाटिल से पूछा कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार ने तटीयकरण के लिए कितना फंड आवंटित किया? इसके बाद उन्होंने स्पीकर ओम बिरला से सदन की व्यवस्था से जुड़ा सवाल किया। ठाकुर को बिरला ने बताया कि कोई भी सदस्य स्पीकर से सवाल नहीं, अपील कर सकता है। इस पर भाजपा सांसद ने कहा कि वे सवाल नहीं कर रहे, आग्रह करना चाहते हैं।

### सदने के नियमों को तोड़ा तो कार्रवाई होगीः बिरला

ठाकुर ने कहा कि देशभर में ई-सिगरेट बैन हो चुकी है। क्या सदन में इसकी अनुमति दी गई है? टीएमसी के सांसद कई दिनों से लगातार बैठकर पी रहे हैं। इसकी जांच करानी चाहिए। भाजपा सांसद की गंभीर आपत्ति पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि मैं सभी सदस्यों से फिर आग्रह करता हूं। हमें संसदीय परंपराओं और नियमों का अनुपालन करना चाहिए। कोई भी सदस्य ऐसा कोई विषय लेकर आएगा को निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

त्रिवेदी ने संसद में खोला इतिहास का 'अनसुना' पन्ना

### आंबेडकर की हार पर नेहरू ने एडविना को क्यों लिखा पत्र? 34, 000 वोटों को क्यों किया रद्द?

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को इतिहास का अनसुना पन्ना खोल दिया। त्रिवेदी ने कांग्रेस के शासनकाल और विशेष रूप से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के एक पत्र का जिक्र करते हुए इतिहास की कई परतों को उधेड़ दिया। त्रिवेदी ने 1952 के पहले आम चुनाव का जिक्र किया। इस चुनाव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर भी बॉम्बे (अब मुंबई) नार्थ सीट से चुनावी मैदान में थे। लेकिन, उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें हराने वाले कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार नारायण काजोलकर थे। डॉ. त्रिवेदी ने दावा किया कि 34,000 वोट रद्द करके उन्हें 15,000 वोट से हरा दिया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को एक पत्र लिखा था। सुधांशु ने बताया कि नेहरू ने माउंटबेटन को पत्र लिखा था।

**आंबेडकर के प्रति कांग्रेस का दृष्टिकोण बताया**



त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर यह भी लिखा था कि आंबेडकर हिंदू कम्युनिस्टों के साथ हाथ मिला रहे हैं। त्रिवेदी का तर्क था कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि उस समय कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आंबेडकर के प्रति किस तरह का दृष्टिकोण रखता था?

### पहली 'चुनावी याचिका' आंबेडकर ने दी कांग्रेस का कारनामा इतिहास में दर्ज

सुधांशु ने याद दिलाया कि भारत के इतिहास में पहली चुनावी याचिका किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. आंबेडकर ने दायर की थी, क्योंकि उन्हें चुनाव प्रक्रिया और अपनी हार पर संदेह था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी आज लोकतंत्र और संविधान बचाने की दुहाई देती है, उसने अपने शासनकाल में संविधान निर्माता के साथ कैसा व्यवहार किया था? यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है?

### बैलेट बॉक्स लूटने, बूथ कैप्चरिंग का दौर अब नहीं आएगा

सुधांशु ने कहा कि यह सब इंदिरा गांधी की चुनावी जीत पर अदालत में सवाल उठाए जाने का ही परिणाम था। अब बैलेट बाक्स, बूथ लूट नहीं लौट पाएगा।

बहराइच हिंसा मामले में फैसला

## सरफराज को फांसी की सजा, 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल की हत्या की


बहराइच में हिंसा वाला स्थान

एजेंसी ▶▶ बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में 13 अक्टूबर 2024 को सांप्रदायिक दंगे हुए थे। दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान यह दंगे हुए थे और इसमें रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार की थी। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद इलाके में हिंसा फैल गई और जमकर तोड़फोड़ हुई थी। इस मामले में 13 लोग आरोपी बनाए गए थे। वहीं मुख्य आरोपी सरफराज था। जिला सत्र न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया है और सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है जबकि 9 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 3 को बरी कर दिया गया।

### रामगोपाल को अगवा किया, तड़पाकर मारा

पुलिस ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी मौत गोली लगने से ही हुई थी। पुलिस ने यह भी कहा था कि इस पूरी घटना में केवल रामगोपाल मिश्रा की ही मौत हुई थी। आरोपियों ने पहले रामगोपाल को अगवा कर लिया था और उसके बाद उसकी हत्या की गई थी। रामगोपाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गोली लगने से उनकी मौत हुई थी। उनके चेहरे, गले और सीने में गोली के करीब 30 छर्रे के निशान पाए गए थे। राम गोपाल मिश्रा 22 साल के थे। बीच में अफवाह उड़ी थी कि रामगोपाल को मारने से पहले काफी तड़पाया गया और उनके साथ बर्बरता की गई थी।

### इन धाराओं में दर्ज था मुकदमा

बहराइच के जिला सत्र न्यायालय के अपर जिला जज पवन कुमार शर्मा ने यह फैसला सुनाया। मामले का ट्रायल 13 महीने तक चला और उसके बाद अदालत में 10 अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट में सभी सबूत और गवाहों की गवाही के बाद यह सजा सुनाई गई। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191/2, 191/3, 190, 103/2, 249 और 61/2 के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई थी।

एसआईआर पर सीएम ममता ने कहा

## किसी महिला का नाम कटा तो रसोई के औजारों से करें पिटाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। राज्य में सर प्रक्रिया पर तीखा हमला बोलते हुए सीएम ममता बेनर्जी ने महिलाओं से अपील की है कि अगर मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान उनके नाम हटाए जाते हैं, तो वे रसोई के औजार तैयार रखें। ममता ने बंगाल के कृष्णानगर में एक रैली में कहा कि क्या आप एसआईआर के नाम पर माताओं और बहनों के अधिकार छीन लेंगे? वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस लाएंगे।



### महिलाएं ज्यादा शक्तिशाली हैं या भाजपा?

उन्होंने कहा कि वह देखना चाहती हैं कि महिलाएं ज्यादा शक्तिशाली हैं या भाजपा । उन्होंने कहा कि मैं सांप्रदायिकता में विश्वास नहीं करती। धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती हूं। जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा पैसे का इस्तेमाल और लोगों को बांटने के लिए दूसरे राज्यों से लोगों को लाने की कोशिश करती है।

पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों को रात्रि भोज पर किया आमंत्रित

# देश की विकास यात्रा को मजबूत बनाने का संकल्प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक दलों के सांसदों के साथ मिलकर भारत की विकास यात्रा को और मजबूत करने का संकल्प लिया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि एनडीए परिवार सुशासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। हम मिलकर आने वाले वर्षों में देश की विकास यात्रा को सशक्त बनाने का काम जारी रखेंगे।

### शीतकालीन सत्र के दौरान सहभागिता बढ़ाने पर हुई बात


बस में पीएम आवास को जाते सांसद

पीएम बोले- एनडीए परिवार सुशासन का प्रतिनिधित्व करता

**गठबंधन सहयोगियों के साथ की चर्चा**

इस रात्रि भोज में शामिल होने के लिए पीएम आवास पर एनडीए के सांसद पहुंचे। संसद के जारी शीतकालीन सत्र के दौरान तालमेल को मजबूत करने, सहभागिता बढ़ाने और सदन की रणनीति को सुव्यवस्थित करने की कोशिशों के तहत इस विशेष रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इसके अलावा गठबंधन सहयोगियों के बीच विचारों के खुले और रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना है।

**पांच राज्यों के चुनावों पर की बातचीत**

गठबंधन के सभी घटक दलों के वरिष्ठ मंत्रियों, सदन के नेताओं और सांसदों के इस संवाद में हिस्सा लिया। इस दौरान चर्चा में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयारियों की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श की उम्मीद जताई गई।

### अगला रात्रि भोज पश्चिम बंगाल का चुनाव जीतने के बादः अनुराग ठाकुर

भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने सांसदों को विशेष रात्रि भोज के लिए आमंत्रण पर पीएम का जताया। उन्होंने भरोसे के साथ कहा कि अगला रात्रि भोज 2026 के पश्चिम बंगाल चुनाव में जीत के बाद आयोजित किया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'बिहार में बंपर ऐतिहासिक जीत के बाद पीएम मोदी ने हमें आमंत्रित किया है। अब बिहार के बाद अगला भोज बंगाल की जीत के बाद होगा।

डव ने कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके

### डेमोक्रेट सांसद ने राष्ट्रपति ट्रंप को लताड़ा


# विदेश नीति फेल, यूएस की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही, सुधर जाएं

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने संसद में पीएम मोदी और पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई। डव ने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रंप की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर पीएम मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। ये टिप्पणियां हाउस फॉरेन अफेयर्स सबकमेटी ऑन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था- 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीः एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'।

*दबाव डालकर साझेदारी करने की नीति उल्टे गले पड़ी*

साझेदारों को युद्ध में ढकेलकर कैसे मिलेगा नोबल प्राइज



संसद में सांसद बिल हुइजेंगा और सिडनी कैमलेगर डव

## ट्रंप नोबेल प्राइज के हकदार नहीं

सांसद डव ने ट्रंप के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रंप खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता।

### नुकसान को जल्द ठीक करें

डव ने कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है।

### अमेरिका-भारत साझेदारी बेहद अहम

*ट्रंप की पार्टी के सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और उसका संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रंप प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।*

*लीजिए, ट्रंप गोल्ड कार्ड लागू हो गया*




## 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपए) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डॉलर देना होगा। ट्रंप का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है।

## मेक्सिको भी भारत पर 50% टैरिफ लगाएगा, 2026 से लागू होगा

*अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50% तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### आरोपी खालिद को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपी उमर खालिद को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेयी ने खालिद 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 14 दिन के लिए अंतरिम जमानत दी। इससे पहले दिसंबर 2024 में खालिद को अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए सात दिनों की जमानत दी गई थी।



### आईएसआई के पूर्व प्रमुख को 14 साल की सजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में 14 साल की सजा सुनाई। लेफ्टिनेंट जनरल रह चुके हमीद के खिलाफ 12 अगस्त, 2024 को पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत 'फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल' की प्रक्रिया शुरू की गई थी। हमीद पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, राज्य की सुरक्षा व हितों के लिए गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है।



### बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को मतदान

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नसीरुद्दीन ने बताया कि अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। साथ ही, इसी दिन जुलाई चार्टर पर जनमत-संग्रह आयोजित किए जाएंगे। संसदीय चुनाव के लिए नामांकन 29 दिसंबर 2025 तक दाखिल किए जाएंगे। 30 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक नामांकन की स्क्रूटनी होगी। 20 जनवरी नामांकन वापस ले सकेंगे।



### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स के बिजनेस नेटवर्क का खुलासा

# एक ही पते पर 42 कंपनियां, कॉर्पोरेट दावों की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार दर्जनों कंपनियों में एक ही पते का बार-बार इस्तेमाल होना फाइनेंशियल जांच में एक जाना-माना रेड-फ्लैग इंडिकेटर है। जिसका मतलब शेल एंटिटी, गुमनाम फंड रूटिंग और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होता है

फुकेट में हिरासत में लिए गए लूथरा ब्रदर्स

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

गोवा अग्निकांड के आरोपी और नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड्स की जांच में दिल्ली के रेस्टोरेंट मालिक सौरभ और गौरव लूथरा से जुड़ी 42 कंपनियों का नाम सामने आया है। ये दोनों भाई 6 दिसंबर को गोवा के नाइटक्लब में लगी आग की घटना में जांच के केंद्र में हैं।

इन खुलासों से भाइयों के बिजनेस ऑपरेशन के पैमाने, स्ट्रक्चर, फाइनेंशियल तरीकों और कॉर्पोरेट दावों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें उनकी ग्लोबल मौजूदगी का दावा भी शामिल है। कॉर्पोरेट फाइलिंग से पता चलता है कि लूथरा भाई 42 अलग-अलग कंपनियों में डायरेक्टर या पार्टनर हैं, जिनमें प्राइवेट लिमिटेड फर्म और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) शामिल हैं। जांच में पाया गया कि ज्यादातर कंपनियां एक ही पते पर रजिस्टर्ड है। जो कि 2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली है।

◆ *सभी का पता 2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नॉर्थ वेस्ट*


थाइलैंड के फुकेट में हिरासत में सौरभ और गौरव लूथरा

#### एक ही पता रेड फ्लैग इंडिकेटर

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार दर्जनों कंपनियों में एक ही पते का बार-बार इस्तेमाल होना फाइनेंशियल जांच में एक जाना-माना रेड-फ्लैग इंडिकेटर है। जिसका मतलब शेल एंटिटी, गुमनाम फंड रूटिंग और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होता है। रोमियो लेन ग्रुप के कई मार्केटिंग कैंपेन में थाईलैंड के फुकेट में इंटरनेशनल मौजूदगी का दावा किया गया है। हालांकि, जांच में कोई ऑपरेशनल आउटलेट, कस्टमर रिव्यू या कोई वेरिफाइड बिजनेस पता नहीं मिला है।

#### भारत वापस लाया जाएगा

गुरुवार को थाई अधिकारियों ने इंटरपोल नोटिस जारी होने के बाद भारत के अनुरोध पर फुकेट में सौरभ और गौरव लूथरा को हिरासत में ले लिया। स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी तस्वीरों में दोनों भाई थाई अधिकारियों के बगल में खड़े दिख रहे हैं। दोनों के हाथ बंधे हुए हैं और दोनों के पास उनके भारतीय पासपोर्ट हैं। थाई अधिकारियों से फाइनल मंजूरी मिलने के बाद, उम्मीद है कि दोनों भाइयों को 24 घंटे के अंदर भारत वापस लाया जाएगा।

#### अदालत ने खारिज की अग्रिम जमानत

गोवा के नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी आग में 25 लोगों की मौत के मामले में फरार रहने के बाद थाईलैंड से पकड़े गए कारोबारी सौरभ और गौरव लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में खारिज कर दी गई। इससे पहले उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता तनवीर अहमद मीर ने कहा कि लूथरा ब्रदर्स कोई 5000 करोड़ की धोखाधड़ी कर देश छोड़कर भागने वाले लोग नहीं हैं, बल्कि बड़े व्यवसायी हैं।

#### 8 दिन में तैयार होगी रिपोर्टः सीएम सावंत

गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि इस त्रासदी की जांच रिपोर्ट 8 दिन के भीतर तैयार हो जाएगी। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देना शुरू कर दिया है और सभी मनोरंजन स्थलों में सुरक्षा ऑडिट सख्त कर दिया है। आग लगने की घटना के तुरंत बाद से गृह विभाग, दमकल विभाग और प्रशासन सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। हम हरसंभव अधिक से अधिक जानें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भर्ती कराए गए 6 लोगों का इलाज जारी है।

### बोले पीएम, द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की

## पीएम मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई सार्थक बातचीत



**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर वाशिंगटन डीसी द्वारा नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट, एच1बी वीजा कार्यक्रम पर की गई सख्ती और महंगे गोल्ड कार्ड जैसी घोषणा के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए लगभग सभी जरूरी मुद्दों (व्यापार, रक्षा, निवेश और ऊर्जा भी शामिल) पर चर्चा की गई है। दोनों शीर्ष नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि के साथ एकजुटता से साथ मिलकर काम करने का ऐलान किया है।

#### व्यापार, ऊर्जा, रक्षा व सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत हुई है। हमने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया है। पीएम के मुताबिक, भारत और अमेरिका अंतरराष्ट्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। वहीं, दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं के बीच व्यापार, जटिल तकनीक, ऊर्जा, रक्षा व सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई है।

15 से 18 दिसंबर तक होगी पीएम की विदेश यात्रा

#### अगले सप्ताह से जॉर्डन, इथोपिया ओमान की यात्रा पर रहेंगे पीएम मोदी

*पीएम नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह सोमवार से जॉर्डन, इथोपिया और ओमान की चार दिवसीय (15 से 18 दिसंबर तक) यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा का आगाज जॉर्डन से होगा। जहां पर वह 15 से 16 दिसंबर तक रहेंगे। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन ने पीएम को इस यात्रा के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। दोनों के बीच जॉर्डन में एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक भी होगी। 16 से 17 दिसंबर तक पीएम इथोपिया की पहली राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इथोपिया के पीएम डॉ. अबी अहमद अली ने आमंत्रित किया है। पीएम 17 और 18 दिसंबर तक ओमान में रहेंगे।*

### अरुणाचल प्रदेश में खाई में गिरा ट्रक

## 22 मजदूरों की मौत, पीएम ने सहायता राशि का ऐलान किया

**एजेंसी ⏭ ईटानगर**

अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले में मजदूरों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक खतरनाक पहाड़ी रास्ते से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में करीब 22 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि अब तक सिर्फ एक मजदूर ही जिंदा निकाला गया है।

इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने भी दुख जताया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से पीड़ितों के लिए सहायता राशि का ऐलान किया है। यह हादसा बुधवार को हायलांग-चगलाघम मार्ग पर मेटेंगलियांग के पास हुआ। सभी मजदूर असम के तिनसुकिया जिले के गेलापुखुरी चाय बागान के रहने वाले थे। वह कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने एक प्रोजेक्ट साइट पर जा रहे थे। लेकिन तीखे मोड़, सीधी चढ़ाई-उतराई और गहरी खाइयों वाले खतरनाक रास्ते पर हादसा हो गया।


खाई में गिरा मिनी ट्रक

### पाकिस्तान में गूंजी देव वाणी

## शौक से सीख रहे संस्कृत, अब कोर्स में पढ़ाई जाएंगी महाभारत व भगवद्गीता



**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

पाकिस्तान में संस्कृत आधिकारिक तौर पर लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एलयूएमएस) पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गई है। वो देववाणी, जिसे भारत में तो सदियों से पढ़ा जा रहा है, अब पाकिस्तानी छात्र बड़े शौक और जिज्ञासा से सीख रहे हैं। महज एक साप्ताहिक कार्यशाला से शुरू हुई यह यात्रा अब चार क्रेडिट वाले पूर्ण कोर्स तक पहुंच चुकी है और आगे महाभारत व भगवद्गीता के अलग कोर्स भी आने वाले हैं। गुरमानी सेंटर के निदेशक डॉ. अली उस्मान कासमी कहते हैं कि उम्मीद है इससे नई दिशा मिलेगी। 10-15 साल में पाकिस्तान में पैदा हुए और पले-बढ़े गीता-महाभारत के अपने विद्वान देखने को मिलेंगे। शुरू में सिर्फ वीकेंड प्रोग्राम था, जो स्टूडेंट्स, रिसर्चरों, वकीलों से लेकर आम लोगों तक सबके लिए खुला था। रिस्पॉन्स देखकर इसे नियमित डिग्री कोर्स बना दिया गया। अगले कुछ सालों छात्रों की संख्या बढ़ने की पूरी उम्मीद है।

## नौसेना में शामिल होगा डीएसी ए-20 पोत




*__नई दिल्ली।__ पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा पर बने हुए तनाव के दौर में 16 दिसंबर को भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में डीएसी ए-20 जहाज शामिल होगा। जिससे बल की राजनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि 16 दिसंबर को स्वदेश में डिजाइन के साथ बनाए गए इस पोत को दक्षिणी कमांड में आयोजित किए जाने वाले एक समारोह में बल में शामिल किया जाएगा।*

### पार्किंग एरिया में स्थापित किया फील्ड अस्पताल, लोगों को दी इलाज की सुविधा

पूर्ण संचालन के साथ प्रदान करता चिकित्सा सहायता

# ऑपरेशन सागर बंधु.. श्रीलंका में दितवाह चक्रवात से प्रभावित पांच हजार लोगों के घावों पर भारतीय सेना ने लगाया 'मरहम'

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

भारत द्वारा श्रीलंका के दितवाह चक्रवात प्रभावितों के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन सागर बंधु नामक राहत और बचाव अभियान वर्तमान में भी जोरशोर से चल रहा है। जिसमें वहां ग्राउंड पर इस प्राकृतिक आपदा से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र में भारतीय सेना ने एक फील्ड अस्पताल स्थापित कर जरूरतमंदों तक बड़े पैमाने पर चिकित्सा सहायता पहुंचाना शुरू कर दिया है। अब तक इस अस्पताल के जरिए चक्रवात प्रभावित कुल करीब 5 हजार से अधिक लोगों को सेना की मेडिकल टास्क फोर्स की टुकड़ी ने इलाज की सुविधा प्रदान की है।

*इंजीनियर-मेडिकल टीमों ने अस्थायी ढांचा खड़ा किया नई तकनीक से इलाज की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही*


जरूरतमंदों तक चिकित्सा सहायता पहुंचाते सेना के जवान

#### पहुंचने में लगे 18 घंटे, पार्किंग में बनाया अस्पताल

*ऑपरेशन सागर बंधु की मदद से श्रीलंका में राहत पहुंचा रही सेना की टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल ने बताया कि चक्रवात से बुरी तरह से जूझ रहे एक क्षेत्र में मदद पहुंचाने के लिए जिस अटूट दृढ़ता की हमें दरकार थी। मेरी टीम ने उसका शानदार अंदाज में प्रदर्शन किया है।*

#### स्थानीय एजेंसियों ने दिया सहयोग

*गिल ने बताया कि हमारे सैन्य दस्ते को श्रीलंका की स्थानीय एजेंसियों और अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला है। जिसकी बदौलत हम अपने पेशेवराना अंदाज, नवाचार और टीमवर्क के साथ चुनौतियों को अवसर में तब्दील कर पाए। सेना की इंजीनियर और मेडिकल टीमों ने अस्पताल के शेल्टर यानी अस्थायी ढांचे को खड़ा करने के लिए रातभर काम किया।*

#### 5 हजार से अधिक लोगों का किया इलाज

*सेना ने बताया कि अब तक इस अस्पताल के माध्यम से कुल करीब 5 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। फील्ड अस्पताल में लोगों को बड़े पैमाने पर इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए नई तकनीक का सेना ने इस्तेमाल किया है। एचवी-एसी से लैस मेडिकल टेंट लगाए गए हैं।*

### यूएन में भारत की दो टूक

## सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हो पाकिस्तान, हमारी सब पर 'नजर'

**एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क**

अफगानिस्तान की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखता है।


राजदूत पार्वथनेनी हरीश

उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठनों जैसे आईएसआईएल, अलकायदा और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके सहयोगियों तथा लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को समन्वित करना चाहिए, ताकि वे सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हों।

उन्होंने कहा कि भारत तालिबान के साथ व्यावहारिक संबंध कायम करने का पक्षधर है, क्योंकि केवल दंडात्मक कदमों पर ध्यान केंद्रित करने से पुराने दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा।

9 साल पहले यह ग्रामीण क्षेत्र नगर पालिका में हुआ था शामिल, आज लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज

# पति का शव दरवाजे से नहीं कर पाई विदा, तो पत्नी ने उठाया बीड़ा, शीला बाई ने वार्ड के 13 परिवार को एकत्रित कर 5 लाख से बनवा दी सड़क

13 परिवारों ने लगभग 5 लाख रुपए एकत्रित कर बनवाई सड़क

रहवासियों ने एक साल पहले ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की थी, लेकिन किसी ने नहीं सुना



वार्ड 16 के झरना मोहला में रहने वाले लोग, जिन्होंने एक जुट होकर अपने घर के सामने की सड़क का निर्माण करवाया।

**नपा अध्यक्ष को आवेदन के बाद भी नहीं बन पाई सड़क**

वार्ड के रहवासियों ने बताया कि हमारे द्वारा एक साल पहले नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल को वार्ड 16 के 38 लोगों के द्वारा ज्ञापन देकर सड़क बनाने की मांग की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

नितेश पटेल ⏭ मंडीदीप

कहने को तो 9 साल पहले यह ग्रामीण क्षेत्र नगर पालिका में शामिल किए गए थे। विकास के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने चुनाव में वार्ड और नगर के विकास के लिए कई बातें की थी, लेकिन हकीकत यह है कि नगर पालिका के अंतर्गत आने वाला वार्ड 16 के झरना मोहला में आज भी लोग विकास कार्य के लिए मोहताज हैं। यहां किसी परिवार में किसी की मौत होजाए तो उसका शव उसके घर से विदा नहीं कर सकते और तो और अपनी बेटी की विदाई भी अपने आंगन से नहीं कर सकते हैं। इसका मुख्य कारण है घर के सामने न तो रोड बनी है और न नाली को कवर किया गया है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यहां के 13 परिवारों ने एकजुट होकर सड़क बनाई।

### सड़क बनने से हुई सहूलियत

ताजे मामले में पति की मौत के बाद जब उसके शव को शीला भाई ने घर से विदा नहीं कर पाई तो उन्होंने एक बीड़ा उठाया, जिसमें 13 परिवार के लोगों को भी साथ में शामिल किया। सभी 13 परिवार के लोगों ने लगभग 5 लख रुपए एकत्रित कर अपनी गली की सड़क का निर्माण करवाया, जिससे लोगों को आने-जाने में सहूलियत हो।

### रहवासियों की मदद से सड़क बनवाई

मेरे पति के मौत के बाद जब उनके शव को अपने घर से विदा नहीं कर पाई तो मैंने यह संकल्प लिया कि हम रहवासियों के साथ मिल कर सड़क का निर्माण करवाऊंगी। इसके बाद सब रहवासियों की मदद से सड़क का निर्माण करवाया।

**शीला बाई**, रहवासी वार्ड 16

### बचा हुआ काम जल्द पूरा करेंगे

वार्ड में जो भी बचा हुआ काम है, उसको हम जल्द से जल्द पूरा करेंगे, रही बात जन सहयोग की तो उसको मैं दिखवाता हूं।

**प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल**, नपा अध्यक्ष, मंडीदीप

## खबर संक्षेप



### पुलिस अधीक्षक ने बैठक ले कर दिए निर्देश

**औबेदुल्लागंज।** नवागत पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता ने अनुभाग औबेदुल्लागंज पुलिस की समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी शीला सुराणा, थाना प्रभारी मंडीदीप, सतलापुर, औबेदुल्लागंज, गौहरगंज व नूरगंज उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम व आरोपियों की जांच कर अपराधो का निराकरण करने, गुंडा, निगरानी बदमाशों की सतत चैकिंग कर समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाई करने एवं शाम को भीड़ - भाड़ वाले इलाकों में सतत भ्रमण करने के दिशा निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य शिविर में पुलिस अधीक्षक ने कराया जांच



**औबेदुल्लागंज।** थाना औबेदुल्लागंज के प्रांगण में गुरुवार को सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की तरफ से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी के साथ सभी थाना प्रभारी और थाने के समस्त स्टॉफ ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

### 13 साल की किशोरी ने मामा के घर लगाई फांसी

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव प्रेमपुरा में बुधवार शाम तेरह साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार आरूषी यादव पिता मनीष यादव (13) गांव प्रेमपुरा, सूखीसेवनिया में रहती थी और सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसकी मां मंडीदीप में बड़े भाई के साथ रहती है। पिता ट्रक ड्राइवर है और अक्सर बाहर रहते हैं। आरूषी यहां प्रेमपुरा में अपने मामा राजकुमार यादव के साथ करीब पांच साल से रह रही थी और यहीं शासकीय स्कूल में कक्षा सातवीं में पढ़ रही थी। राजकुमार यादव ने बताया कि बुधवार शाम वह खेत पर थे। परिवार के अन्य सदस्य काम कर रहे थे। शाम करीब सवा छह बजे आरूषी ने कमरे में कार्टून बांधने वाली प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा ली। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस ने माता पिता और मामा के परिवार से पूछताछ की, लेकिन पूछताछ में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मौत के कारण का पता लगाने के लिए आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5061 | | |
| दिन: | 270 | 91 | 137 |
| रात: | 579 | 19 | 234 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 377 | 76 | 123 |
| रात: | 348 | 53 | 490 |

मिसरोद के नर्मदापुरम रोड स्थित शनि मंदिर के पास हुआ हादसा

# अज्ञात कार ने सड़क पार कर रहे रियल स्टेट कारोबारी को मारी टक्कर, अस्पताल में मौत

**तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से सिर में आई थी गंभीर चोट**

- *पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर शनि मंदिर के पास बुधवार शाम तेज रफ्तार कार ने रियल स्टैट कारोबारी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार सुब्रत कुमार बॉस (68) छत्रपाल नगर, अवधपुरी में रहते थे और रियल स्टेट कारोबारी थे। उनका ऑफिस शनि मंदिर के पास है। बुधवार शाम वह ऑफिस पर थे। शाम करीब वह 7 बजे ऑफिस बंद करने के बाद सड़क पार कर रहे थे। दरअसल, सड़क की दूसरी ओर उनकी कार सर्विस लेन पर खड़ी थी। वह कार के पास पहुंचे ही रहे थे कि तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए। इससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां हालत नाजुक देखते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मिसरोद पुलिस ने बताया कि इंडस टाउन फेस-4 मिसरोद निवासी माखनलाल विश्वकर्मा (66) सामान सेलिंग का काम करते थे। गुरुवार सुबह 8 बजे वह अपनी बाइक से भोपाल से सामान लेकर घर की ओर लौट रहे थे। इसी बीच निरामय अलंकार होटल के पास इंजीनियरिंग कैफे के सामने किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थीं। आरोपी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने माखनलाल विश्वकर्मा को निरामय अस्पताल में भर्ती कराया और उनके ही मोबाइल से बेटे नीतेश विश्वकर्मा (32) को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बेटा अस्पताल पहुंच गया था। इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही माखनलाल की मौत हो गई। पुलिस ने बेटे नीतेश विश्वकर्मा की शिकायत पर अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## शिवाजी नगर चौराहा पर तेज रफ्तार वरना कार दो युवकों को टक्कर मार कर पलटी



**भोपाल।** शिवाजी नगर चौराहा पर लिंक रोड नंबर-1 पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब पौने दो बजे तेज रफ्तार वरना कार पलट गई। पलटने से पूर्व कार ने सड़क पर फ्लेक्स लगा रहे दो युवकों को टक्कर मारी थी। टक्कर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के समय कार काफी रफ्तार में थी और मुड़ नहीं सकी। कार का पहिया फुटपाथ पर चढ़ा और पलट गई। कार ने वहां खड़े पुलिस के वाहनों को भी टक्कर मारी है और चार्ली वाहन पर पलट गई। कार में तीन लोग सवार थे। झरनेश्वर मंदिर वाली सड़क पर पुलिस का चैकिंग पाइंट लगा था।

जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात पुलिस की टीम झरनेश्वर मंदिर के पास चैकिंग पाइंट लगाकर चैकिंग कर रही थी। इसी बीच न्यू मार्केट की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई और शिवाजी नगर चौराहा के पास फ्लैक्स लगा रहे दो युवकों को टक्कर मारने के बाद आगे बढ़ी। युवकों को टक्कर मारने के बाद कार के चालक से कार अनियंत्रित हो गई। कार चालक कार को मोड़ नहीं सका और नर्सरी की दीवार के पास फुटपाथ के पास खड़ी गाड़ियों को टक्कर मारने के बाद चार्ली के वाहन पर पलट गई।

**कार में सवार थे तीन लोग**

हादसे के बाद चैकिंग पाइंट में लगे पुलिसकर्मियों ने दौड़ लगा दी। इस दौरान कार में फंसे तीन लोगों को बाहर निकालकर पुलिस थाने भेजा गया। चैकिंग पाइंट पर खड़ी पुलिस का कहना है कि यदि उन्हें थाने नहीं भेजा जाता तो भीड़ उनके साथ मारपीट करते हुए गाड़ी में तोड़फोड़ कर सकती थी। रात में ही भीड़ की मदद से कार को सीधे करवाते हुए थाने भेजा गया। कार छिंदवाड़ा पासिंग की बताई जा रही है।

रापड़िया में नायरा पेट्रोल पंप के सामने हुआ हादसा

# बलेनो कार ने स्कूटर को मारी टक्कर, बुजुर्ग की हुई मौत

### हादसे में बुजुर्ग की पत्नी और बेटी घायल

शादी समरोह से घर लौटते समय रात करीब 12 बजे हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित 11 मील बायपास से स्प्रिंग व्हेली की तरफ जाने वाली सड़क पर नायरा पेट्रोल पंप के सामने बुधवार देर रात बलेनो कार ने सामने से आ रही स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटर चला रहे बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि स्कूटर पर बैठी उनकी बेटी और पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है। घायल मां बेटी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार 54 साल की रमादेवी, स्प्रिंग व्हेली, कटारा हिल्स में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 11 मील पर रिश्तेदारी में शादी थी। वह पति दशरथ सिंह और बेटी गरिमा के साथ स्कूटर से शादी में शामिल होने गईं थी। शादी से रात करीब पौने 12 बजे वह अपने घर स्प्रिंग व्हेली जाने के लिए निकले। स्कूटर उनके पति चला रहे थे, जबकि बीच में गरिमा और आखिरी में वह बैठी थीं। 11 मील बायपास से रापड़िया पहुंचने के बाद पति दशरथ सिंह ने स्कूटर स्प्रिंग व्हेली वाली रोड पर मोड़ी और नायरा पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे ही थी कि सामने से आ रही बलेनो कार के चालक ने उनकी स्कूटरी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह परिवार सहित स्कूटर से गिर गईं। रमादेवी और गरिमा का हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बलेनो कार जब्त कर ली है। कार सेना से रिटायर्ड सूबेदार की है।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटर सवार बुजुर्ग की मौत


**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटर सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार 67 वर्षीय महेश नगर निगम कॉलोनी अशोका गार्डन में रहते थे। वह पहले प्राइवेट काम करते थे, लेकिन बुजुर्ग होने के कारण फिलहाल घर पर ही रहते थे। बुधवार को वह अपना इलाज कराने के लिए भोपाल मेमोरियल अस्पताल गए थे। इलाज कराने के बाद वह स्कूटर से घर लौट रहे थे। पीपुल्स अस्पताल के सामने से गुजरते समय उन्हें पीछे से आ रहे तेज रफ्तार सीएनजी ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*नगर परिषद की लापरवाही, आठ माह पहले बनाई गई थी सीसी रोड*

# वार्डों के अंदर पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क में फंसी ट्रॉली, लोगों का आना-जाना हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

वार्ड 13 पोस्ट ऑफिस वाली गली में गिट्टी की ट्रॉली पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क में धंस गई, जिसके कारण रहवासियों का आना-जाना बंद हो गया। मालूम हो कि क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोद कर नाली बनाई और उसमें सिर्फ मिट्टी डाल दिया, उसे पक्का नहीं करने से ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया धंस गया। अर्जुन नगर या रेलवे स्टेशन रोड या फिर वार्ड नंबर 13, 10, 11 और 12 में यही हाल है। यहां अभी नई सड़क बनाई गई थी, जिसे खोद दिया गया, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी मिश्किलें आ रही है।



पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क में फंसी ट्रैक्टर ट्रॉली।

नगर परिषद के जिम्मेदार इन सड़कों का जायजा लेने तक नहीं आते वहीं पार्षदों की शिकायत भी नहीं सुन रहे हैं। इसके कारण रहवासियों में रोष व्याप्त है। 8 पार्षदों ने आज कहां कि कमीशन अच्छा मिल रहा होता तो यह सड़क जल्दी ठीक हो जाती। प्रतिपक्ष नेता हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने कहा कि चाहे बस स्टैंड हो या फिर वार्डों में खुदी सड़कें देख लो, सभी खराब हैं। सीएमओ को रहवासी और पार्षद ने फोन लगाया लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में पदस्त कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानी

## हितग्राहियों को नहीं मिल रहा सरकार की योजना का लाभ और जानकारी

**औबेदुल्लागंज।** जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानी के कारण ग्रामीणों को न सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही है और न उनका काम हो रहा है।




कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा हितग्राही को गुमराह किया जा रहा हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानियों के चलते हितग्राही निराशा के साथ वापस घर लौट जाते हैं, क्योंकि कंप्यूटर ऑपरेटर के कारण शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। हितग्राही जनपद पंचायत के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है।



विधायक बोट रेस स्थल का निरीक्षण करते रामेश्वर शर्मा और स्थानी लोग।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया बोट रेस स्थल का निरीक्षण

# बैहटा गांव में 3 जनवरी को शुरू होगी विधायक बोट रेस, 36 टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

विराट श्री मानव सेवा संस्था द्वारा स्व. कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में 3 जनवरी को पुराना विसर्जन घाट बैहटा गांव, संत हिरदाराम नगर में होने वाली विधायक बोट रेस स्थल का गुरुवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने निरीक्षण किया। रेस में कुल 36 टीमें भाग लेंगी। निरीक्षण के दौरान जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, शांस्था के अध्यक्ष एवं आयोजक रोहन केवट, रामू सहित अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

**डीएफओ हेमंत रैकवार ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए दी जानकारी, कहा- रेलवे को लिखा कई पत्र**

# रातापानी टाइगर रिजर्व के बरखेड़ा से मिडघाट क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से पिछले 10 साल में 10 बाघों और 11 तेंदुए की हो चुकी है मौत, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

**मिड घाट पर गति सीमा 60 किलोमीटर तय है, मगर ट्रेन 80 से 120 किमी से चलती है**

डीएफओ हेमंत रैकवार ने गुरुवार को हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि रातापानी टाइगर रिजर्व के बरखेड़ा से मिडघाट क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में पिछले 10 सालों में 9 बाघों की मौत हो चुकी है। एक बाघ की बुधवार को ट्रेन से टकराने से मौत हो गई है। कुल 10 बाघों की मौत हो चुकी है। वहीं 11 तेंदुए इसी तरह ट्रेन की चपेट में आने से मारे जा चुके हैं। वन विभाग औबेदुल्लागंज ने 10 सालों में कई पत्र रेलवे के डीआरएम को दिए, उसमें कहा गया कि बरखेड़ा से लेकर मिडघाट तक ट्रेनों के हॉर्न धीमा किया जाए। बताया जाता है कि ट्रेनों में बैठे यात्री खाना फेंक देते हैं, जिसे खाने के लिए बंदर और अन्य जंगली पशु आते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।



हेमंत रैकवार, डीएफओ

**डीएफओ हेमंत रैकवार ने कहा, रेलवे विभाग ने वन विभाग के एक्शन प्लान पर नहीं दिया ध्यान**



ट्रेन से टकराने के कारण हुई बाघ की मौत।

रातापानी के तत्कालीन अधीक्षक सुनील भारद्वाज ने रातापानी सेंचुरी के लिए एक्शन प्लान दिया था, लेकिन अभी तक रेलवे ट्रैक पर किसी तरह का काम नहीं किया गया। पिछले 10 सालों में अगर वन विभाग इस प्लान लागू कर देते तो वन्य प्राणियों की जान बच सकती थी। डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि मिड घाट पर गति सीमा 60 किलोमीटर तय है, मगर ट्रेन 80 से 120 किमी की स्पीड में दौड़ती है। वहीं मिडघाट पर ट्रैक किनारे झाड़ियों की सफाई के लिए एक्शन प्लान दिया है। पेट्रोलिंग करने के लिए पत्र लिखा गया है, मगर रेलवे विभाग वन विभाग के एक्शन प्लान पर आज तक ध्यान नहीं दिया।

### लगातार बढ़ रही वन्य प्राणियों की संख्या

डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया रातापानी टाइगर रिजर्व देश का और प्रदेश का जाना माना क्षेत्र है। राजधानी भोपाल के करीब होने से रातापानी टाइगर रिजर्व का और महत्व बढ़ गया है। रातापानी टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों की बढ़ोतरी हो रही है। अन्य वन्य प्राणियों की संख्या भी बढ़ रही है, जो रातापानी टाइगर रिजर्व में देश के एवं विदेश के पर्यटक भी काफी संख्या में देखने आते हैं। इसीलिए रातापानी टाइगर रिजर्व को वन विभाग विश्व स्तर का बनाने का प्रयास कर रहा है।

**वन बचाओ समिति की मांग, एक्शन प्लान को शीघ्र लागू करें**

वन बचाओ समिति के 21 सदस्यों ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि वन विभाग औबेदुल्लागंज में जो एक्शन प्लान दिया है, रेलवे को पत्र लिखा है, जिसमें ट्रेनों की स्पीड घटाने और ट्रैक किनरे छोटी-छोटी झाड़ियों को साफ करने का दिया है, उसे रेलवे के डीआरएम शीघ्र लागू करें, जिससे वन पशुओं की मोतों को रोका जा सके।

# देश में पहली बार 10 मिनट में बनेगा 250 फीट लंबा और 8 इंच चौड़ा सैंडविच

## आईएचएम के 90 स्टूडेंट दिन-रात कर रहे मेहनत, 14 दिसंबर को करेंगे डिस्प्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल शहर में हमेशा कोई न कोई रिकार्ड बनते आए हैं, कभी कोई साइकिलिंग में रिकॉर्ड बनाया है तो कोई दौड़ में, लेकिन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, आईएचएम आने वाली 14 दिसंबर को एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रहा है, जी हां 14 दिसंबर की सुबह 10 बजे आईएचएम के 90 से अधिक स्टूडेंट्स 10 मिनट में देश के सबसे बड़े सैंडविच को आकार देंगे। जो 250 फीट लंबा और 8 इंच चौड़ा होगा। इस सैंडविच को बनाने के लिए कॉलेज की फर्स्ट, सेकेंड और फायनल ईयर के स्टूडेंट दिन रात मेहनत कर रहे हैं और इतने विशाल सैंडविच के लिए लोफ तैयार कर रहे हैं। यह जानकारी गुरुवार को आईएचएम के प्रिंसिपल रोहित सरीन ने दी।


आईएचएम के प्रिंसिपल रोहित सरीन अपने स्टाफ के साथ जानकारी देते हुए।

### 2016 में मेरी टीम ने बनाया था 100 फीट लंबा सैंडविच और 250 ऑमलेट्स

रोहित सरीन कहते हैं कि मैं हमेंशा से कुछ इनोवेटिव और क्रिएटिव करने की दिशा में सोचता हूं, जहां 2016 में मेरे नेतृत्व में मेरी टीम द्वारा 100 फीट लंबा सैंडविच बनाया जा चुका है। वहीं, मेरे द्वारा एक ही समय पर अपनी टीम के द्वारा 250 अलग अलग प्रकार के ऑमलेट्स भी बनाने का रिकॉर्ड बनाया और अब आईएचएम के स्टूडेंट्स को कुछ नया सिखाने और टास्क बेस्ड स्किल सिखाने के लिए हमने यह चुनौती स्वीकार की और इसके लिए मेरे स्टूडेंट्स कई दिनों से दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए करीब 24 इंच के प्रति लोफ के हिसाब से 277 लोफ बनाए जा रहे हैं।

### 250 फीट लंबे सैंडविच में लगने वाली सामग्री

- 277 किलो रिफाइंड और मल्टीग्रेन आटा (277 लोफ बनाने के लिए)
- 8 किलो यीस्ट
- 5 किलो शक्कर
- अमूल और वीबा के बटर, चीज, मयोनीज,
- वेज सैंडविच में लगने वाली आग्रेनिक वेजिटेब्लस के लिए लेट्यूस, टमाटर, खीरा, प्याज, शिमला मिर्च और अंकुरित अनाज को भी तैयार किया जा रहा है।

### 14 दिसंबर को इनकी रहेगी उपस्थिति

रोहित कहते हैं कि इस क्यूलिनरी शोकेस के लिए शहर के जानी मानी हस्तियां शिरकत करेंगी, जिसमें अपर मुख्य सचिव (गृह) एवं प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला, प्रबंध संचालक एमपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन डॉ. इलया राजा, टी.जनरल मैनेजर, ताज लेकफ्रंट परमवीर सिंह, एक्जीक्यूटिव शेफ ताज लेकफ्रंट अनूप गुप्ता, सहित शहर के गणमान्य जन मौजूद रहेंगे।

### प्रतिदिन 60 ब्रेड बना रहे स्टूडेंट्स


सैंडविच के लिए ब्रेड तैयार करते स्टूडेंट्स।

रोहित कहते हैं कि इसके लिए हमारे स्टूडेंट् प्रतिदिन 60 ब्रेड बना रहे हैं, जिसके लिए लोफ तैयार करना और उससे ब्रेड बनाना अपने आप में चैलेजिंग काम है। वहीं, इन स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन शेफ पंकज चौधरी, शेफ संदीप दुआ, शेफ अंकुर किशोर के रूप में तीन शेफ्स द्वारा किया जा रहा है।


ब्रेड के लिए आटा गूंधते हुए छात्र।


मशन से आटा गूंधते हुए छात्रा।

---

## गौहर महल में आयोजित परी बाजार में फैजल के 40 चित्र किए गए हैं प्रदर्शित


# मेट्रो स्टेशन पर लगेंगे भोपाल के चित्रकार फैजल मतीन के 40 चित्र

### ईदगाह मस्जिद, डाबला ग्राम का प्रचीन शिव मंदिर, भोपाल की पुरानी चिमनी से सजेगा मेट्रो स्टेशन


अपनी पेंटिंग्स के साथ फैजल मतीन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल अपनी नवाबी विरासत के साथ-साथ अपनी कला के लिए भी विश्वविख्यात है, जिसमें भोपाल का हेरिटेज देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी प्रसिद्ध है। भोपाल के इस हेरिटेज को दर्शाती कई इमारतें अब अपने वास्तविक रूप में नहीं हैं, लेकिन फिर भी उनके अवशेष भोपाल के इतिहास की गवाही देते हैं। भोपाल की इसी हेरिटजे पर आधारित शहर के प्रसिद्ध आर्टिस्ट फैजल मतीन के 40 चित्र भोपाल मेट्रो स्टेशन पर डिस्प्ले किए जाएंगे। फैजल के यह 40 चित्र अभी गौहर महल में आयोजित परी बाजार में प्रदर्शित किए गए हैं। हरिभूमि से बातचीत में फैजल कहते हैं कि मुझे हमेशा से ही भोपाल की विरासत को कैनवास पर उकेरने का शौक रहा है और इन चित्रों को मैं उन स्थानों पर जाकर ही चित्रित करता हूं। उन्होंने बताया कि मेरे बने इन 40 चित्रों में भोपाल के नवाबी इतिहास की झलक के साथ भोपाल और उसके आस-पास के प्रचीन मंदिरों को भी उकेरा गया है। जहां मेरे चित्रों में पुतली घर है तो वहीं औबेदुल्लागंज के डाबला ग्राम का प्रचीन शिव मंदिर को भी मैंने अपने चित्रों में उकेरा है, इसी के साथ भोपाल का भूत बंगला, ईदगाह मस्जिद के साथ शहर की विरासत को दर्शाते 40 नायाब ऐतिहासिक चित्रों को मैंने उकेरा है।


गौहर महल में आयोजित परी बाजार में फैजल के 40 चित्रों की लगाई प्रदर्शनी।

### गोबर से बने गणपति बने आकर्षण का केंद्र


गोबर के बने गणेश और अन्य कलाकृतियां प्रदर्शित करतीं नीतादीप वाजपेई।

गंगा जमुनी तहजीब पर आधारित शरह के परी बाजार में शहर की प्रसिद्ध गौबर शिल्पी नीतादीप वाजपेई ने गौबर शिल्प का नायाब नमूना प्रदर्शित किया, उनके गौबर शिल्प में सबसे खास गोबर से बने श्याम वर्ण गणपति की प्रतिमा सबसे आकर्षक लगी। इसके साथ ही गोबर से बने होम डेकोरेटिव आयटम्स के भी नायाब नमूने नीता ने प्रदर्शित किए।

### अरुषि के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



कार्यक्रम की शुरुआत अरुषि संस्था के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुई। बच्चों ने जॉयफुल ऑफ रिद्म के माध्यम से खुशनुमा ताल व लय पर केंद्रित प्रस्तुति दी। बच्चों ने ओ हसीना जुल्फो वाली..., चुरा लिया है आदि प्रस्तुति दी।

### इन महिलाओं को मिला उत्कृष्ट सम्मान



कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर समाज को दिशा देने वाली डॉ. जेवा खान, नीता एस. मनवानी, डॉ. हिना आरिफ सहित 15 विशिष्ट महिलाओं को इस वर्ष के अनुवा सम्मान से अलंकृत किया। वहीं 7 शख्सियत को लिट्रेटरी अवॉर्ड दिया गया। इसमें शामीम अहमद लिट्रेटरी अवॉर्ड इकबाल मसूद, नजीम शमीम स्पोर्ट्स अवॉर्ड ज्योति रात्रे आदि थे।, विक्रमजीत सेठी एन्टरप्रेन्योर अवॉर्ड करण कुकरेजा, मसरूर अनवर मेमोरियल अवॉर्ड सदाफ सोहेल, कुलभूषण दिल्लौरी स्मृति सम्मान मो. साजिद और सुखन-ए-भोपाल अवॉर्ड डॉ. नुसरत मेहंदी और कीर्ति सूद को दिया गया।

### रंग बैंड के कलाकारों ने बांधा समां

उद्घाटन दिवस की सबसे आकर्षक प्रस्तुति रही भोपाल के चर्चित रंग बैंड समूह की। मो. साजिद खान, कीर्ति सूद और मणि सक्सेना ने गीतकार साहिर लुधियानवी, मजरूह सुल्तानपुरी, शैलेन्द्र और असद भोपाली के अमर गीतों व गजलों को अपनी मोहक आवाज में प्रस्तुत किया। फिलॉसफी, रोमांस और प्रार्थना की कोमल धुनों से बुनी इस प्रस्तुति में दर्शकों ने शब्दों का जादू और सुरों की गर्माहट दोनों का माधुर्य महसूस किया। चांद मेरा दिल, पहला नशा, अल्लाह तेरो नाम, अभी न जाओ छोड़कर, ओ सजना बरखा बहार जैसे गीतों ने स्मृतियों की मीठी यात्रा पर पहुंचा दिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

गुरुवार से गौहर महल में चार दिवसीय परी बाजार के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। सशक्त मध्यप्रदेश की थीम पर बेगम्स ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित परी बाजार में पहले दिन नाबार्ड सीजीएम सी.सरस्वती, परी बाजार की संयोजक रख्शां शमीम जाहिद, बीनू धीर, सेहबा फराहत सहित बड़ी संख्या में कला क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित हुए। समारोह का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने किया।

---

## शहर की जानी-मानी कई महिलाओं ने किया शिरकत

# 'दिवा फाल सीजन 3' की ग्रैंड सक्सेस पार्टी में फैशन का चमका जलवा


'दिवा फाल सीजन 3' की ग्रैंड सक्सेस पार्टी में फोटो शूट करातीं महिलाएं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हाई बीट्स म्यूजिक और रंग बिरंगी रौशनी के बीच फैशन और ग्लैमर का जलवा बिखरेती 'दिवा फाल सीजन 3' की ग्रैंड सक्सेस पार्टी का आयोजन निजी होटल में किया गया, जिसमें शहर की जानी मानी ग्लैमर की दुनिया के जगमगाती महिलाओं ने शिरकत की और पार्टी में चार चांद लगाए। इस मौके पर पार्टी की होस्ट और दिवा फाल की ऑनर अल्पा रावल ने कहा कि हाल ही में हमनें 'दिवा फाल सीजन 3' का आयोजन किया था, जिसमें फैशन और ग्लैमर का तड़का लगा और दर्शकों ने इसे काफी सराहा बस इसी खुशी के मौके पर हमनें यह सेलिब्रेशन पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में मिसेस सेंट्रल इंडिया मनीषा आनंद, जाग्रती अग्रवाल, फराह अनवर, रक्षा पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्लैमर जगत के जाने माने चेहरे मौजूद थे।





---

## गांधी मेडिकल कॉलेज का दो दिवसीय प्लेटिनम जुबली समारोह 20 और 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शा. स्वशासी गांधी मेडिकल कॉलेज का दो दिवसीय प्लेटिनम जुबली समारोह 20 और 21 दिसंबर को मनाया जाएगा। दिसंबर में गांधी मेडिकल कॉलेज यानी जीएमसी की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस उपलक्ष्य में दो दिनों तक जीएमसी के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा मिलन समारोह जिसका नाम महाकुंभ दिया गया है, का आयोजन किया जाएगा। समारोह में देश-विदेश से 1000 से अधिक पूर्व विद्यार्थी शामिल होंगे।

- मेरिका ,ब्रिटेन और वियतनाम में सेवा दे रहे पूर्व विद्यार्थी करेंगे अपने अनुभव साझा

जीएमसी से ही एमडी पीडियाट्रिक्स की डिग्री हासिल कर चुके डॉ. जीके अग्रवाल ने बताया कि गांधी मेडिकल कॉलेज की स्थापना 1955 में हुई थी और इसका शुभारंभ लाल बहादुर शास्त्री ने किया था। इसके बाद 1963 में गांधी मेडिकल कॉलेज को नया भवन मिला था और उसका उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने जीएमसी में 1969 में प्रवेश लिया था। यहां से शिक्षा हासिल करने के बाद आज तक मरीजों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस महाकुंभ मिलन समारोह में 1955 से अब तक के विभिन्न बैचों के पूर्व विद्यार्थी शामिल होंगे। देश-विदेश जैसे अमेरिका, ब्रिटेन और वियतनाम में सेवा दे रहे पूर्व विद्यार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां से निकले विद्यार्थी दुनिया भर में कई अच्छे पदों पर कार्य कर रहे हैं।

## हिंदी शब्दावली एवं मानक वर्तनी पर विचार-विमर्श

### क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, नई दिल्ली का क्षेत्रीय केन्द्र में हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की प्रशिक्षक महिमा सोनी, वरिष्ठ अधीक्षक राजभाषा, राजाभोज विमानतल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, भोपाल रहीं। कार्यशाला का मुख्य विषय हिंदी शब्दावली एवं मानक वर्तनी था। इस अवसर पर महिमा सोनी ने राजभाषा हिन्दी की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर चर्चा की गई।




## कृति सम्मान से सम्मानित होंगे बाल साहित्यकार

## 13 को बाल साहित्य शोध केन्द्र का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


बच्चों में साहित्यिक संस्कार विकसित करने और बाल साहित्य में लेखन एवं शोध कार्य कराने की दिशा में प्रयासरत बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केन्द्र का स्थापना दिवस 13 दिसंबर को दुष्यंत संग्रहालय में दोपहर 3 बजे से आयोजित मुख्य किया जाएगा। अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार मुकेश वर्मा करेंगे। अतिथि पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं बतौर विशेष अतिथि डॉ. साधना गंगराडे एवं श्यामा गुप्ता उपस्थित रहेंगे। केन्द्र निदेशक महेश सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में गोकुल सोनी, शिवकुमार दीवान, रानी सुमिता, शैफालिका श्रीवास्तव सहित 13 साहित्यकारों को सरोज दवे, बन्दना अतुल जोशी, सीमा हरी शर्मा, कीर्ति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### एमपी को मिला पहला ट्रिपल ऑयरन मैन, पहला डबल ओशियन मैन

# भोपाल के एथलीट्स ने रचा इतिहास, तीन देशों में चमका शहर का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

7 दिसंबर को एंड्योरेंस स्पोर्ट्स की दुनिया में एक नया अध्याय लिखा गया। शहर के तीन एथलीट्स ने दुनिया के तीन अलग-अलग टॉप एंड्योरेंस इवेंट्स में हिस्सा लेकर मध्यप्रदेश और भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रौशन किया। ऑयरमैन वेस्टर्न अस्ट्रेलिया एशिया पैसिफिक चैमपियनशिप में ज़मरान हुसैन बने मध्यप्रदेश के पहले ट्रिपल फुल ऑयरन मैन। ज़मरान हुसैन ने वेस्टर्न अस्ट्रेलिया में अपना तीसरा फुल ऑयरन मैन पूरा कर इतिहास रच दिया। समुद्र की तेज़ हवाओं, फ्लैट लेकिन कठिन बाइक कोर्स और दोपहर की गर्मी के बावजूद उन्होंने 12:28:18 समय में बेहतरीन फिनिश किया। मध्यप्रदेश में अब तक कोई भी तीन फुल ऑयरनमैन पूरा नहीं कर पाया था, ज़मरान पहले एथलीट बने। उनके साथ अचिन फुलरे 13:25:27 पहला फुल ऑयरन मैन दिल्ली, भोपाल यात्रा के साथ कठिन परिस्थितियों में ट्रेनिंग करने के बावजूद उन्होंने अपना पहला फुल ऑयरन मैन शानदार तरीके से पूरा किया। ऑयरन मैन 70.3 अस्ट्रेलिया धर्मेंद्र वसंदानी पहला 70.3 कठिन कोस्टल हवाओं के बीच शानदार डेब्यू। वहां सिद्धार्थ गोयत एपी के पहले डबल ओशियन मैन। सिद्धार्थ इससे पहले मलेशिया में ऑयरन मैन पूरा कर चुके हैं, और कमल ने ओशियन मैन दुबई वर्ल्ड चैमपियनशिप भी पूरा किया।



एथलीट्स ने रचा इतिहास रचने वाले ज़मरान हुसैन, अचिन फुलरे और धर्मेंद्र वसंदानी।


सिद्धार्थ गोयत और कमल।

अमेजिंग


शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।



## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *



## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड



**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *



## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु

नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया,
**मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें

1
कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2
न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3
आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा

## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा

**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी

अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।




'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता

मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर



पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192



बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## उपलब्धियां — डॉ.मोहन यादव सरकार ने दी कई सौगातें

# मध्यप्रदेश में हुआ जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का उल्लेखनीय काम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने जनजातीय विकास के अभूतपूर्व काम किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आजीविका जैसे क्षेत्रों में मध्यप्रदेश के कार्यों की राष्ट्रव्यापी सराहना हुई है। समग्र जनजातीय विकास की पीएम जनमन योजना की अवधारणा की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। यह प्रधानमंत्री पीएम मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम है। उन्होंने जनजाति समुदाय के गुमनाम वीर योद्धाओं को समाज के सामने लाकर खड़ा किया और उनकी स्मृति को स्थायी बनाने का काम किया।

**भोपाल**

पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी क्रांतिकारी पहल बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। हाल में नई दिल्ली में संपन्न ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव में केंद्र सरकार ने जनजाति समुदाय के कलाकारों के कला उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ले जाने का निर्णय लिया है। जनजातीय समुदाय पारंपरिक ज्ञान, कला और संस्कृति से समृद्ध है। मध्यप्रदेश में जनजाति समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का उल्लेखनीय काम हुआ है। 'पेसा' कानून से जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम सभा सशक्त हुई हैं। वे अपने निर्णय ले रही हैं और अपनी विकास योजनाएं बना रही हैं। शैक्षणिक सुविधाओं में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। किसी समय भौगोलिक रूप से दूरस्थ बसे जनजातीय गांवों का अब मुख्य सड़कों से संपर्क हो गया है। वे अब शहरी अर्थव्यवस्था में शामिल हो गए हैं।

जनजातीय बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधाएं मिली हैं। वे मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं। विदेशों में भी उच्च अध्ययन के लिए जा रहे हैं। राज्य शासन के प्रयासों से अब जनजातीय परिवारों में आर्थकि उदयमिता बढ़ रही है। वे विकास योजनाओं में उत्साहपूर्वक भागीदारी कर रहे हैं। राज्य सरकार जनजातीय महानायकों की स्मृति में स्मारकों और संग्रहालयों का निर्माण करा रही है। छिंदवाड़ा में बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय और जबलपुर में राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुख्य संग्रहालय बनाया गया। जबलपुर एयर पोर्ट और मदन महल फ्लायओवर रानी दुर्गावती के नमा पर किया गया। पचमढ़ी अभयारण्य का नाम राजा भभूत सिंह के नाम पर, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन भोपाल, टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय खरगौन, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा कुछ उदाहरण है।





**पीएम मोदी के संकल्पों को डॉ.यादव कर रहे हैं पूरा**

### आधुनिक भारत में सम्मान की पुनर्स्थापना

बीजेपी सरकार के दौर में "विकास भी, विरासत भी" के सिद्धांत को अपनाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां एक ओर आदिवासी जननायकों को इतिहास में उचित स्थान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न योजनाओं द्वारा विकास की मुख्यधारा से पीछे छूट गए आदिवासी भाई-बहनों को आगे लाने का प्रयास भी किया जा रहा है। श्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू (झारखंड) पहुंचे। बीजेपी सरकार ने बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया और महामहिम द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनकर जनजातीय समुदाय के वास्तविक गौरव को स्थापित किया है।

### मध्यप्रदेश के जननायकों को मिला उचित सम्मान

राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश में भी जनजातीय नायकों के सम्मान की परंपरा को पुनर्स्थापित किया गया है। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शंकर शाह के नाम पर रखा गया। भोपाल के रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर किया गया है, राजा भभूत सिंह को सम्मान देने के लिए पचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य का नामकरण उनके नाम पर और पातालपानी रेलवे स्टेशन का नामकरण टंट्या मामा के नाम पर करने की घोषणा हो चुकी है। राज्य सरकार आदिवासी जननायकों के सम्मान में सिंग्रामपुर (दमोह) और पचमढ़ी (नर्मदापुरम) में कैबिनेट की बैठक भी कर चुकी है।

### रंग ला रही सीएम डॉ. यादव की पहल



## 'एक बगिया मां के नाम' योजना से जनजातीय महिला कालीबाई बनीं आत्म निर्भरता की मिसाल



**भोपाल**

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 'एक बगिया मां के नाम' योजना निरंतर उल्लेखनीय परिणाम दे रही है। इसी कड़ी में भोपाल जिले की जनजातीय बाहुल्य ग्राम पंचायत भानपुर केकड़िया की महिला हितग्राही श्रीमती कालीबाई पति भूरेलाल सिंह ने इस योजना को अपनाकर ग्रामीण महिला उद्यमिता का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य कालीबाई ने योजनांतर्गत अपनी एक एकड़ भूमि में ड्रैगन फ्रूट के 100 पौधे रोपित किए हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में ड्रैगन फ्रूट की बढ़ती मांग को देखते हुए उन्होंने इस फसल को अपनाया। साथ ही उन्होंने मिश्रित खेती फूलों और अन्य फलों की खेती भी प्रारंभ की है, ताकि ड्रैगन फ्रूट की पैदावार आने तक उनकी आय बनी रहे। कालीबाई ने पहले दो ड्रैगन फ्रूट पौधों का प्रयोगात्मक रोपण किया था।

### स्थायी सिंचाई हेतु खेत-तालाब, मनरेगा ने दिया मजबूत आधार

ग्रामीण विकास विभाग और मनरेगा योजना के अंतर्गत उन्हें 4.50 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने 120 x 120 मीटर का खेत-तालाब बनाया। यह तालाब उनकी बगिया और अन्य फसलों के लिए वर्षभर सिंचाई सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त, 'एक बगिया मां के नाम' योजना में 2.87 लाख की राशि पौधरोपण, फेंसिंग और अन्य कृषि कार्यों के लिए प्रदान की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'हरित भारत। समृद्ध भारत' के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की 'हरित विकास और ग्रामीण आत्मनिर्भरता' की दूरदर्शी सोच के अनुरूप यह योजना प्रदेश की महिलाओं को स्थायी आजीविका दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'एक बगिया मां के नाम' योजना के तहत महिलाओं को कृषि आधारित आय वृद्धि,आजीविका विविधीकरण, जैविक एवं टिकाऊ खेती को बढ़ावा,सिंचाई के स्थायी संसाधन निर्माण जैसे उद्देश्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

### अब मेरी बगिया ही मेरा भविष्य है: कालीबाई

कालीबाई ने बताया कि पहले मैंने दो ड्रैगन फ्रूट पौधे लगाए थे और उनसे अच्छा उत्पादन मिला। उसी से प्रेरणा लेकर आज 100 पौधों की बगिया खड़ी कर रही हूं। खेत - तालाब ने तो मेरे खेत को वर्ष भर पानी मिलने की गारंटी दे दी है। अब मेरी बगिया ही मेरा भविष्य है। शासन ने समय पर सहयोग न दिया होता तो यह सब संभव नहीं था। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भोपाल जिले की जनजातीय बाहुल्य ग्राम पंचायत भानपुर केकड़िया की महिलाओं को सशक्त एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है।

### वैष्णवी सरयाम को बालिका विज्ञान पुरस्कार

## राज्य सरकार की पहल से जनजातीय समाज की 'होनहार बेटियों' को मिल रहा प्रोत्साहन

**भोपाल**

मध्यप्रदेश में जनजातीय बेटियां जमकर तरक्की कर रहीं हैं। उन्हे राज्य की मोहन सरकार खूब प्रोत्साहित कर रही है। यही वजह है कि होनहार बेटियों को पुरस्कृत कर उन्हे कई तरह की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। छिन्दवाड़ा जिले की जनजातीय बेटी कु. वैष्णवी सरयाम ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 में आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 'मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना' के अंतर्गत 'बालिका विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित करते हुए, 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा यह पुरस्कार उन 10 जनजातीय वर्ग की बालिकाओं को दिया जाता है, जिन्होंने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों (भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान एवं गणित) में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हों और प्रदेश में सर्वोच्च अंक अर्जित किए हों। राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा मूल अंक सूची और जाति प्रमाण-पत्र का गहन सत्यापन करने के बाद वैष्णवी को प्रथम स्थान के साथ पुरस्कार के लिए चुना गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी पांढुर्णा (छिंदवाड़ा) की छात्रा कु. वैष्णवी सरयाम के पिता श्री विनोद सरयाम किसान हैं। माता गृहिणी होने के साथ सिलाई का कार्य करती हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वैष्णवी ने अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया। वैष्णवी ने 300 में से 284 अंक अर्जित कर विज्ञान संकाय के विषयों में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में वह घर पर रह कर जेईई मेन्स की तैयारी कर रही हैं।



**विज्ञान संकाय में हासिल किया था प्रदेश में पहला स्थान**

### जनजातीय कलाकारों को मिलेगी 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता



**भोपाल**

मध्यप्रदेश में जनजातीय भाईयों के लिए राज्य की डॉ.मोहन यादव सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। इससे न केवल उनका हित हो रहा है बल्कि दूसरे राज्यों में मप्र की योजनाओं की सराहना की जा रही है। मध्यप्रदेश की जनजातीय परंपराएं, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास हमारी पहचान और गर्व हैं।

सरकार जनजातीय समुदाय के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कई सागातें दीं हैं। जिससे जनजातीय समाज को सीधा लाभ मिला।

#### वीर नायक टंट्या मामा विश्वविद्यालय की स्थापना

खरगोन में वीर नायक टंट्या मामा विश्व विद्यालय की स्थापना की गई है। जनजातीय समाज ने हमेशा अपनी भूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। राज्य में वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य को प्रेरणा का स्रोत हैं। जनजातीय समाज का योगदान हमेशा अमूल्य रहेगा।

## पहल — मोहन सरकार ले रही लगातार जनहितैषी निर्णय

# आदिवासियों के हित में हो रहे बड़े काम

**राज्य सरकार ने आदिवासी अंचलों में कैबिनेट लगाकर जनजातीय समाज में एक संदेश दिया कि उनकी कार्ययोजना में जनजातीय हितों की भी प्राथमिकता है।**



### आहार अनुदान योजना

इस योजना के माध्यम से बैगा, भारिया और सहरिया जनजातीय परिवारों की महिला मुखिया के खाते में सरकार प्रति माह 1500 हजार रुपये भेजती है। यह राशि सीधे महिला के बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे उनको इसका पूरा लाभ मिल सके। आहार अनुदान योजना का उद्देश्य जनजातीय परिवार को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, जिससे कुपोषण द्वारा होने वाली बीमारियों की समस्या को खत्म किया जा सके। 2024-25 के बजट में सरकार ने इसके लिए 450 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

### रानी दुर्गावती प्रशिक्षण अकादमी

इस महत्वकांक्षी योजना का शुरूआत मोहन यादव सरकार द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य जनजातीय विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा से जोड़ना है। इसके तहत प्रदेश के 89 जनजातीय ब्लॉक्स में रानी दुर्गावती प्रशिक्षण अकादमी स्थापित की जा रही है।

इसके तहत जनजातीय विद्यार्थियों को यूपीएससी, क्लेट, नीट, और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इसके अलावा अकांक्षा योजना के तहत भोपाल, इंदौर और जबलपुर में करीब 800 जनजातीय विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग दी जा रही है।

### जनजातीय सीएम राइज स्कूल

जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत इन स्कूलों को संचालित किया जाता है। सरकार ने प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सीएम राइज स्कूलों के निर्माण के लिए 667 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा लिए प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है, जिसके लिए 500 करोड़ का बजट पास किया गया है।

### जनजातीय वर्ग का बजट

वित्त वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश सरकार ने अनुसूचित जनजाति (उप योजना) के लिये 40 हजार 804 करोड़ रूपये बजट पारित किया था. वित्त वर्ष 2023-24 से इसकी तुलना करें तो यह राशि 3,856 करोड़ रुपए (करीब 23.4 प्रतिशत) अधिक है। तो अब समझने की कोशिश करते हैं कि सरकार द्वारा यह बजट किस तरह से जनजातीय वर्ग को लाभान्वित कर रहा है और किन महत्वपूर्ण योजनाओं में इसका खर्च हो रहा है।

### पीएम जन-मन योजना

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना पर प्रदेश सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। सरकार ने इसके लिए इस साल 1607 करोड़ रुपये का अलग बजट रखा था। इस योजना के तहत पिछड़े व कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया जा रहा है। इस समूह के तहत आने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियां बैगा, भारिया एवं सहरिया निवास क्षेत्रों में बहुउद्देश्यीय केंद्र, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क, समग्र शिक्षा, विद्युतीकरण जैसे काम किए जा रहे हैं। अभी तक कई कॉलोनियां बनाकर आदिवासियों को आवंटित भी की जा चुकी हैं, इससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

D-19237/25

खबर संक्षेप



## वुमैंस लीग फुटबॉल का 20 से कोलकाता में आगाज

**नई दिल्ली।** इंडियन वुमैंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे।दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई तक आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

## करणदीप ने दुबई में पहला आईजीपीएल खिताब जीता

**दुबई।** करणदीप कोच्चर ने यहां आईजीपीएल आमंत्रण यूएई गोल्फ टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता। कोच्चर का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने युवा वीर गणपति और पुखराज सिंह को पछाड़ा। आईजीपीएल आमंत्रण कोलकाता में उप विजेता रहे कोच्चर ने आईजीपीएल के पहले सत्र में 10वें टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत दर्ज की। गणपति अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से कोच्चर से एक शॉट पीछे रहे। पुखराज भी उनके साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर रहा।

### बीसीसीआई की 22 दिसंबर की बैठक में होगा निर्णय

# रोहित और कोहली का होगा डिमोशन सैलरी में होगी 2 करोड़ की कटौती...!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सालाना सैलेरी में 2 करोड़ रुपये की कटौती हो सकती है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 22 दिसंबर को अपनी 31वीं सालाना आम बैठक करेगा। इस साल सबसे बड़ी चर्चा का विषय विराट कोहली और रोहित शर्मा के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हैं।

माना जा रहा है कि रोहित-विराट के ग्रेड में डिमोशन हो सकता है। मतलब उन्हें ए+ ग्रेड से ए ग्रेड में डाला जा सकता है, जिसकी असर उन्हें मिलने वाली सालाना सैलरी पर भी पड़ता दिखेगा। बता दें पिछले एक साल में दोनों दिग्गजों ने टेस्ट और T20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वे सिर्फ वनडे खेलते हैं।

### क्या कोहली और रोहित अपने ए+ कॉन्ट्रैक्ट खो देंगे?

वर्ष 2024-25 के कॉन्ट्रैक्ट साइकिल में कोहली और रोहित को जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा के साथ ए+ कैटेगरी में रखा गया था। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक,बीसीसीआई अब उनके कम फॉर्मेट में खेलने की वजह से उनके ग्रेड में बदलाव कर सकता है।

### ए+ ग्रेड में रहने वाले खिलाड़ियों की सैलरी

बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के तहत ए+ ग्रेड में रहने वाले खिलाड़ियों 7 करोड़ रुपये सालाना सैलरी मिलती है, जो कि अभी रोहित और विराट को मिल रही है। अगर वो संशोधन के बाद A ग्रेड में आते हैं तो फिर उनकी सैलरी 5 करोड़ रुपये हो जाएगी, जो कि इस ग्रेड के खिलाड़ियों को मिलती है। चूंकि दोनों सुपरस्टार अब टेस्ट या टी20 नहीं खेल रहे हैं, इसलिए यह संभावना कम है कि वे ए+ कैटेगरी में बने रहेंगे। इस बदलाव से जिस खिलाड़ी को फायदा हो सकता है, वह हैं शुभमन गिल, जो अभी टेस्ट और वनडे के कप्तान हैं। अभी ए कैटेगरी में मौजूद गिल का यह साल काफी अच्छा रहा है। उन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है और सभी फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। नतीजतन, उन्हें ए+ में प्रमोशन के लिए सबसे आगे माना जा रहा है। बुमराह और जडेजा से भी उम्मीद है कि वे अपना ए+ स्टेटस बनाए रखेंगे।



**शानदार बल्लेबाजी कर रहे रोहित-कोहली**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में कोहली ने 3 पारियों में 151.00 की औसत के साथ सर्वाधिक 302 रन बनाए, जिसमें 2 शतक शामिल हैं। उन्होंने 1 अर्धशतक भी लगाया। उनके स्कोर 65*, 102 और 135 रन रहे थे। उनके अब 773 रेटिंग अंक हो गए हैं। वहीं भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा शीर्ष पायदान पर बने हुए हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने पिछली

## कोहली और रोहित वनडे रैंकिंग में रहे टॉप -2 पर

नई दिल्ली। साल 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम अपना आखिरी वनडे मैच खेल चुकी है। अन्य प्रमुख टीमें भी इस साल के अपने वनडे मुकाबले समाप्त कर चुकी हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने हाल ही में वनडे रैंकिंग जारी की थी, जिसमें रोहित के (781) और कोहली (773) अंक है। वनडे सीरीज में शानदार बल्लेबाजी कर विराट कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे और रोहित शर्मा पर बरकरार रहे। इस बीच उन वर्षों के बारे में जानते हैं, जिसके अंत में रोहित और कोहली शीर्ष-2 बल्लेबाजों में शुमार रहे।

### कोहली-रोहित वर्ष 2018

साल 2018 के अंत में कोहली 899 रेटिंग अंक के साथ नंबर-1 बल्लेबाज रहे थे, जबकि रोहित 871 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। उस साल कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 14 पारियों में 133.55 की औसत और 102.55 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,202 रन बनाए थे। रोहित ने 19 पारियों में 73.57 की औसत के साथ 1,030 रन बनाए थे। कोहली ने 6 और रोहित ने 5 शतक लगाए थे।

**वर्ष 2019 -** कोहली 887, रोहित 873 अंक वर्ष 2019 के अंत में भी कोहली ने शीर्ष स्थान पर और रोहित दूसरे स्थान पर रहे थे। उस साल रोहित सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 27 पारियों में 57.30 की औसत और 89.92 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,490 रन बनाए थे। उन्होंने विश्व कप 2019 में भी सर्वाधिक 648 रन बनाए थे। कोहली ने 25 पारियों में 59.86 की औसत 96.36 की स्ट्राइक रेट से 1,377 रन बनाए थे।

टी20 सीरीज

## श्रीलंका के खिलाफ भारत कमान संभालेंगी हरमनप्रीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने जा रही पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ पारी खेलने वालीं शेफाली को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान में कहा, "महिला चयन समिति ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आगामी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम चुन ली है।" हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। इस टीम में जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को भी मौका दिया गया है। दोनों ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में खेला था।

### भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिगेज, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

### न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में युवराज-हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड

**मुल्लांपुर।** विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस मौके पर मौजूद थे। स्टेडियम में युवराज के पूर्व साथी हरभजन सिंह के नाम पर पहले से एक पवेलियन है और अब बृहस्पतिवार को साइटस्क्रीन के दूसरी तरफ हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड भी शामिल हो गया। युवराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भी देखा गया।

## पैरा खेलों में तैराक अब्दुल इंदौरी ने दो स्वर्ण पदक जीते

**दुबई।** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

## मैनचेस्टर सिटी से हारा रियाल मैड्रिड आर्सेनल जीता, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

**मैनचेस्टर।** रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके कोच ज़ाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। बता दें कि केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।

रियाल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।इस बीच आर्सेनल का शानदार प्रदर्शन बरकरार है। उसकी तरफ से नोनी मैडुके ने दो जबकि गैब्रियल मार्टिनेली ने एक गोल किया। पीएसजी का बिलबाओ के खिलाफ पूरे अंक हासिल करने का सपना पूरा नहीं हो पाया।









## तलाक की अफवाहों से पूरी तरह अनजान है आराध्या : अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड के चर्चित कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय को लेकर बीते कुछ समय से तरह-तरह की अफवाहें सोशल मीडिया और गॉसिप गलियारों में उड़ रही हैं। खासतौर पर उनके रिश्ते को लेकर तलाक की चर्चाएं लगातार सामने आती रही हैं। अब इन अफवाहों पर खुद अभिषेक बच्चन ने खुलकर बात की है और साथ ही अपनी बेटी आराध्या को लेकर एक अहम खुलासा भी किया है। एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने बताया कि उनकी 14 साल की बेटी आराध्या इन तमाम बातों से पूरी तरह अनजान है। अभिषेक के मुताबिक, इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि आराध्या के पास अभी तक अपना कोई पर्सनल मोबाइल फोन नहीं है।

लाइफ Style

# आलिया

## गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड मिला

अभिनेत्री आलिया भट्ट की गिनती मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अब आलिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। उन्हें गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफ अवॉर्ड से नवाजा गया। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित किया जा रहा है। गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए आलिया ने कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं दुनिया भर में फिल्म और टेलीविजन में बदलाव ला रही महत्वाकांक्षी कलाकारों और महिलाओं की नई पीढ़ी की ओर से बोलने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर प्रभावशाली कहानियों को बताने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं, यह सम्मान वाकई काफी महत्वपूर्ण बन जाता है। इस मौके पर गोल्डन ग्लोब्स की अध्यक्ष हेलेन होहेन ने कहा कि हमें आलिया भट्ट को गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए है। साथ ही वैश्विक मंच पर फिल्म व टेलीविजन के एक गतिशील और प्रभावशाली केंद्र के रूप में मिडिल ईस्ट के लगातार आगे बढ़ने का जश्न मनाता है।



हॉलीवुड मसाला



## एआई को आर्ट नहीं मानते

**लॉस एंजिल्स।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इन दिनों एक चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर जहां कई लोग इसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं, तो वहीं कई लोगों का मानना है कि एआई के फायदे के साथ-साथ कई नुकसान भी हैं। अब हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो ने एआई को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि बेशक यह एक ऐसा टूल है, जो कई चीजों में सुधार ला सकता है। लेकिन इसमें मानवता की पूरी तरह से कमी है। अभिनेता ने कहा कि एआई के जरिए एक नया फिल्ममेकर कुछ अलग और नया कर सकता है।

## जेंडाया-रॉबर्ट के पोस्टर को समझ लिया असल में सगाई



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की एक तस्वीर हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी बज बना रही है। दरअसल, दोनों की नई तस्वीर में जेंडाया के हाथ में रिंग नजर आ रही है और रॉबर्ट उनके काफी करीब नजर आ रहे हैं। दोनों की फोटो को देखकर लोगों को लगा कि दोनों ने सगाई कर ली है। दरअसल, जेंडाया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह रॉबर्ट पैटिनसन के बेहद करीब नजर आती हैं। पोस्टर में जेंडाया के हाथ में अंगूठी और पैटिनसन को उनके इतने करीब देखकर फैंस ने इसे दोनों की असल में सगाई समझ लिया। कुछ ही मिनटों में बधाइयों और कयासों की बाढ़ सोशल मीडिया पर आ गई। लेकिन, जल्द ही साफ हो गया कि यह सगाई नहीं, बल्कि उनकी नई फिल्म के किरदारों की झलक थी। बाद में जेंडाया ने फिल्म से जुड़े और भी संकेत साझा किए। जिनसे यह साफ हुआ कि वह और रॉबर्ट पैटिनसन फिल्म में एमा हारवुड और चार्ली थॉम्पसन नाम के एक सगाईशुदा कपल का किरदार निभा रहे हैं। 'द ड्रामा' की कहानी को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई है। हालांकि इतना जरूर संकेत दिया गया है कि यह फिल्म एक ऐसे कपल की दास्तान है, जिनकी जिंदगी शादी से ठीक पहले अचानक एक अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है।

## 12 घंटे से भी कम समय में अमेरिका लौटीं

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद अमेरिका में ही रहती हैं। लेकिन, भारत में भी अपने काम और प्रोजेक्ट्स की वजह से वो यहां आती रहती हैं। लेकिन, इस बार एक्ट्रेस सिर्फ 12 घंटों के लिए भारत आईं और वापस अमेरिका लौट गईं। हालांकि, जाते-जाते प्रियंका फिर मिलने का वादा करके गई हैं। प्रियंका चोपड़ा बुधवार को ही सुबह मुंबई



पहुंची थीं। इस बार वो मुंबई किसी फिल्म की शूटिंग के लिए नहीं, बल्कि कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल होने के लिए आई थीं। शो की शूटिंग करने के बाद प्रियंका 12 घंटों के अंदर ही वापस अमेरिका अपने घर लौट गईं। गुरुवार तड़के, प्रियंका चोपड़ा ने अपने घर के लिए उड़ान भरी। इस दौरान एयरपोर्ट जाते समय एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी शेयर की।

## करीना-सारा एक फिल्म में कुणाल का बदला रोल

**मुंबई।** रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी और अब इस पर बड़ा अपडेट सामने आया है। इसकी कास्ट को लेकर फैंस सवाल कर रहे थे कि इस बार इसमें क्या कुछ नया होगा और जवाब हाजिर है। रोहित शेट्टी ने पुष्टि की है कि उन्होंने करीना कपूर और सारा अली खान से 'गोलमाल 5' में काम करने के लिए संपर्क किया है और कुणाल खेमू फिल्म के क्रिएटिव



कंसल्टेंट हैं। इस साल अक्टूबर में किए गए एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर रोहित शेट्टी के रिएक्शन ने सबका ध्यान खींचा है और 'गोलमाल 5' के लिए एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट को 'लाइक' किया, जिसमें लिखा था, 'निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी गोलमाल 5 की अगली कड़ी के लिए तैयारियां कर रहे हैं।

स्थानीय खेल समाचार

### एलएनसीटी में वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी

## आरजीपीवी, शिवाजी कोल्हापुर, गोवा और मुंबई विवि की जीत से शुरुआत



रोमांचक मोड पर पहुंचा मुकाबला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा 10 से 14 दिसंबर तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 के दूसरे दिन पूल ए और पूल बी के रोमांचक मुकाबले खेले गए।

लीग मैचों में आरजीपीवी भोपाल ने कर्णावती को 3- से, गुजरात यूनिवर्सिटी ने एसकेआए यूनिवर्सिटी को 3-0 से, मुंबई यूनिवर्सिटी ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी को 3-0 से, भूपाल नोबल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी को 3-0 से, एसआरटीएम यूनिवर्सिटी नांदेड़ ने एमआईटी एडीटी पुणे को 3-0 से, आरजीपीवी भोपाल ने आरआरबीएमयू अलवर को 3-0 से, गोवा यूनिवर्सिटी ने आरडीवीवी जबलपुर को 3-1 से, मणिपाल ने गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 3-0 से, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ने गणपत विद्यानगर को 3-1 से, गोवा यूनिवर्सिटी ने सिंबोसिस को, 3-0 से, गुजरात यूनिवर्सिटी नारंगपुरा ने राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी को 3-0, जेआरएन यूनिवर्सिटी



मुंबई की टीम जोर लगाते हुए।

राजस्थान ने भूपल नोबल ग्लोबल यूनिवर्सिटी को 3-1 से, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर ने महाराजा सूरजमल बृज यूनिवर्सिटी को 3-0 को, यूनिवर्सिटी ऑफ़ मुंबई ने एसआरटीएम यूनिवर्सिटी को 3-0 से, गोवा यूनिवर्सिटी ने गुजरात यूनिवर्सिटी नवरंगपुरा को 3-0 से, मणिपाल यूनिवर्सिटी ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को 3-0 से, मणिपाल यूनिवर्सिटी ने गोवा यूनिवर्सिटी को 3-0 से, मुंबई यूनिवर्सिटी ने देवी अहिल्याबाई यूनिवर्सिटी इंदौर को 3-0 से हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया। स्पर्धा सचिव पंकज कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में शुक्रवार से पूल सी और पूल डी के मुकाबले खेले जाएंगे।

### परमानंद भाई ट्रॉफी अंडर-22 बॉयज टूर्नामेंट

## मैच के तीसरे दिन भोपाल डिवीज़न ने जबलपुर को खिलाया फॉलोआन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल चार दिवसीय अंडर -22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट फ़ैथ क्रिकेट मैदान पर जबलपुर डिविजन और भोपाल डिविजन के मध्य (चार दिवसीय) मैच के तीसरे दिन जबलपुर डिवीजन ने गुरुवार को कल के स्कोर 3/75 रन से आगे खेलते हुए 56 ओवर में 243 रन बनाए, जिसमें अंचित ठाकुर ने 100 रनों की शतकीय पारी खेली, सार्थक जैन ने 35



प्रारब्ध मिश्रा , 5 विकेट

रन बनाए । भोपाल डिविजन से प्रारब्ध मिश्रा ने 5, तनिष्क यादव ने 4 और अनिमेष सिंह नें 1 विकेट लिया । जबलपुर डिविजन ने फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 56 ओवर में 1 विकेट पर 166 रन बना लिए हैं जिसमें अजिंक मुले 100 रन और हर्ष मंगलानी 64 रन पर खेल रहे हैं । भोपाल डिवीजन से अनिमेष सिंह ने 1 विकेट लिया । कल चौथे व अंतिम दिन का खेल खेला जाएगा।

## सीहोर ने विदिशा डिस्ट्रिक्ट को 1 विकेट से हराया

बीडीसीए द्वारा विदिशा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट, कनारा मैदान पर अंडर -18 बॉयज में सीहोर और विदिशा के बीच मैच खेला गया, विदिशा डिस्ट्रिक्ट ने 45 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए,जिसमें जय रघुवंशी ने नाबाद 74 रन और हर्षित शर्मा ने 47 रन बनाए। सीहोर डिस्ट्रिक्ट से सक्षम त्यागी नें 4 और हार्दिक वर्मा ने 2 विकेट लिए । जवाब में सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने 44.1 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बना लिए, जिसमें निर्मल मेवाड़ा नें नाबाद 72 रन बनाए । विदिशा डिस्ट्रिक्ट से अतुल कुशवाहा, मोहित प्रजापति और अमन नरवरिया ने 2-2 विकेट लिए । इस तरह सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने विदिशा डिस्ट्रिक्ट को 1 विकेट से हराया ।



निर्मल मेवाड़ा नाबाद 72 रन, सीहोर डिस्ट्रिक्ट

### अंडर-18 इंटर क्लब/ अकादमी स्व. पठानिया 'सर' टूर्नामेंट

## पहले दिन ही प्रेसिडेंट इलेवन ने रेलवे गर्वित के खिलाफ ठोक दिए 3 विकेट पर 440 रन

**भोपाल।** भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशनऔर सेज ग्रुप द्वारा आयोजित स्व. जी.एस. पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट, ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर प्रेसिडेंट इलेवन और रेलवे गर्वित अकादमी के मध्य (दो दिवसीय) मैच प्रारम्भ हुआ। प्रेसिडेंट इलेवन ने दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 3 विकेट पर 440 रन बना लिए हैं , जिसमें ओजस शुक्ला ने 162 रन की शतकीय पारी खेली और कुश राजपूत 115, आलिफ हसन 59 रन पर खेल रहे हैं ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930